आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.25
सूर्यास्त 06.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 346, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक
- 12

■ 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री
- 12

■ भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह
- 13

■ भारतीय क्रिकेट बॉलर कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे
- 14

कांग्रेस झूठे वादों की दुकान : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं, हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा | बोले- सरकार लोगों पर वैश्विक संघर्षों के पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रही

● मोदी ने असम में 23,550 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

सिलचर/कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री ने शनिवार को असम के सिलचर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रही है। साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह आज झूठे वादों की दुकान बन चुकी है और दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। वहीं पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने सिलचर में कहा, उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिए वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को जिस तरह उसके हाल पर छोड़ दिया, उसने उसी तरह बराक घाटी को कमजोर करने में भी अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी।

प्रधानमंत्री ने बंगाल में परियोजनाओं की शुरुआत कर रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते भाजपा नेता।

घुसपैठियों को बचाने के लिए तृणमूल एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तृणमूल के शासनकाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की वजह से कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। मोदी ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोला और उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल उत्पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

टीएमसी ने राष्ट्रपति का ही नहीं, आदिवासियों और संविधान का भी अपमान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पार्टी ने न केवल राष्ट्र की प्रमुख का अपमान किया बल्कि देश के आदिवासियों और संविधान का भी अनादर किया। पिछले हफ्ते मुर्मू की उत्तर बंगाल यात्रा के दौरान पैदा हुए विवाद के बीच मोदी ने ये आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने अपने कार्यक्रम का स्थल अंतिम क्षण में बदल दिए जाने पर नाराजगी जताई थी और सवाल उठाया था कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री ममता या राज्य का कोई मंत्री मौजूद क्यों नहीं था। राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में वर्तमान सरकार के तहत आदिवासी, दलित और गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

एलपीजी ला रहे 2 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार किया दो दिन में भारत पहुंचेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके साथ ही होर्मुज को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में बचे हुए 22 जहाज प्रतीक्षा में हैं, क्योंकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं। शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा जबकि नंदा देवी पोत के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय ध्वज वाले जहाजों की निकासी भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ ये इस मायने में भी अहम है कि रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 85-90 प्रतिशत सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों से प्राप्त होता है।

● 92 हजार टन वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी 16/17 मार्च को गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचेंगे

बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से 6 एलपीजी के

सिन्हा ने कहा कि पश्चिमी हिस्से में बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से छह एलपीजी पोत हैं, एक एलएनजी वाहक है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों की ढुलाई कर रहा है और तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क कैरियर हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा, हमारे कई जहाज खाड़ी क्षेत्र में प्रतीक्षा में हैं। हम ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क और समन्वय बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनके लिए सुरक्षित एवं निर्बाध पारगमन सुनिश्चित किया जा सके।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज उत्सव के बाद का खालीपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

बुजुर्ग व्यक्ति को कार के बोनट से लटकाकर घुमाया, चालक गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें कार के बोनट से एक बुजुर्ग व्यक्ति को लटके हुए देखा जा सकता है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे निकोल इलाके में हुई। पुलिस अधिकारी सुमरा ने बताया, कृष्णापार्क सोसाइटी के निवासी कार चालक हरिसांग यादव (29) को भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

ईरान के तेल नेटवर्क क्षेत्र खार्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी

दुबई, एजेंसी

● खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल, ट्रंप की चेतावनी- होर्मुज में आवागमन रोका तो अन्य तेल अवसंरचना को बनाया जाएगा निशाना

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है।

ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दो सप्ताह बाद प. एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर पर मिसाइल हमला

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। दुनिया में अमेरिका के सबसे बड़े राजनयिक केंद्रों में शामिल यह विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' ऑप्शन को लेकर छिड़ा विवाद

लखनऊ। पिछले दिनों फिल्म के पंडत नाम को लेकर हुआ विवाद अभी ठंडा ही हुआ था कि अब यूपी एसआई की भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के ऑप्शन में पंडित शब्द को लेकर नया विवाद छिड़ गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे गलत बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। दरअसल शनिवार को एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान 20 नंबर पर एक प्रश्न पूछा गया है। प्रश्न है कि अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को आप क्या कहेंगे ? इस प्रश्न के आप्शन भी दिए गए हैं, जिनमें ए-निष्कपट, बी-सदाचारी, सी- पंडित, डी-अवसरवादी आप्शन लिखे हैं। इसमें अभ्यर्थी को किसी एक पर टिक करना हैं। यह प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर जैसे वायरल हुआ तो खलबली मच गई।

● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसे बताया गलत सीएम से शिकायत

एसआई भर्ती परीक्षा : पहले दिन एक लाख 26 हजार अभ्यर्थी गैर हाजिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● दोनों पालियों में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, पूछे गए 160 सवाल

● पेपर लीक कराने का फर्जी दावा करने वाले तीन युवक गिरफ्तार सात टेलीग्राम चैनलों पर मुकदमा

अमृत विचार: यूपी पुलिस में एसआई पद के लिए हुई लिखित परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 1,26,000 से अधिक अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

उधर फर्जी तौर पर पेपर लीक का दावा कर परीक्षार्थियों से धन वसूलने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया, साथ ही सात टेलीग्राम ग्रुपों के खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है। उधर रविवार को भी प्रदेश के सभी केन्द्रो पर दोनों पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निकाली गईं 4,543 पदों के लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसके लिए शनिवार को प्रदेश के 75 जिलों के 1090 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह दस से 12 बजे और अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे की दो पालियों मे परीक्षा हुईं। परीक्षा में 160 पूछे गए, वहीं पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। प्रवक्ता ने दावा किया कि कंट्रोल रूम के जरिए प्रदेश भर के परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रही। पूरी तरह से परीभा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

सोनम वांगचुक जेल से रिहा

जोधपुर/दिल्ली/लेह। केंद्र सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (59) को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। इस कदम का राजनीतिक दलों और लद्दाख में आंदोलन कर रहे संगठनों ने स्वागत किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक संबंधित अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पहले ही बिता चुके हैं।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था।

● लगभग छह महीने बाद केंद्र सरकार ने हिरासत रद्द की

अभिषेक प्रकाश सेवा में बहाल विभागीय कार्रवाई यथावत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शासन ने निलंबित चल रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। राज्य सरकार ने निलंबन अवधि समाप्त होने के बाद 15 मार्च 2026 से सेवा में बहाल करने का आदेश जारी किया है। शासन के नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा 14 मार्च शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से दिया है।

आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि 14 मार्च 2026 तक मानी जाएगी और 15 मार्च से अभिषेक प्रकाश को फिर से सेवा में शामिल किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक कोई भी विभागीय निर्णय या कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। अर्थात, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहेगी।

● नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

यूपी में राष्ट्रविरोधी साजिश बेनकाब, छह गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी

● विदेश भेजी जा रही थी सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन

● विदेशी लोगों को चेटिंग के जरिए फोटो-वीडियो भेजते थे

पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने गाजियाबाद में बड़ी राष्ट्रविरोधी साजिश को नाकाम कर दिया है। छापेमारी में छह ऐसे साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए गए हैं, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सक्रिय रहकर सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन, फोटो-वीडियो विदेश भेजते थे। इसके लिए उन्हें विदेश से फंडिंग हो रही थी। पकड़े गए संदिग्धों में बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, बिजनौर आदि जिलों के रहने वाले लोग शामिल थे।

गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार रैकेट का सरगना सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है, जो बिजनौर के नरगढी नवादा का रहने वाला है। उसके साथ बदायूं में कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी शिवा बाल्मीकि, शाहजहांपुर में सुल्तानपुर, कटना का रहने वाला रितिक गंगवार, संभल के ज्ञानपुर सिसौना की साने इरम उर्फ महक, गाजियाबाद में भौवापुर, कोशांबी का प्रवीन और औरेया के ग्राम बनारसीदास निवासी राज बाल्मीकि भी दबोचे गए हैं। राष्ट्रविरोधी साजिश सामने आने से फिर हलचल मच गई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग सुनियोजित तरीके से फोन पर चैट के जरिए विदेशी लोगों से संपर्क में थे।

सुरक्षाबलों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, रेलवे स्टेशन की लोकेशन बाहर भेज रहे थे। उनके पास से विदेशी नंबरों की चैट भी मिली हैं। सभी लोग कौशांबी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर डाटा जुटा रहे थे। पुलिस ने सभी के कब्जे से आठ मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात सामने नहीं आई है।

सियासत | हरियाणा के कैथल में संत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले- जनता का भरोसा खो चुके लोग अब संवैधानिक संस्थाओं पर उठा रहे सवाल

मुकाबला नहीं कर पा रहे, अफवाहों से फैला रहे अराजकता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को नकार चुकी है और जो मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अफवाहों के जरिए अराजकता और अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को समाज को मिलकर रोकना होगा और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से काम करना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, वे अब भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। कभी लोकसभा अध्यक्ष, कभी न्यायपालिका तो कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाना उचित नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और आर्थिक अस्थिरता का माहौल है, लेकिन भारत किसानों के परिश्रम और मजबूत नेतृत्व के कारण विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर देश के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था के सवालों पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में समान सोच वाली सरकार बनने के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारपुरी और बद्रीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास भी इसी सोच का परिणाम है।

संतों के सानिध्य में ऊंची रहेगी सनातन की ध्वज पताका

योगी ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। संतों के सानिध्य में सनातन की ध्वज पताका हमेशा ऊंची रहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा की भूमि संतों और वीरों की परंपरा के लिए जानी जाती है। इस परंपरा ने देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यहां नशे को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान

योगी ने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को कमजोर करने की साजिश कर रहा है। उन्होंने समाज और संतों से अपील की कि नशे के खिलाफ जनजागरण चलाया जाए। नशा समाज और राष्ट्र दोनों के लिए विनाशकारी है और इसके खिलाफ लड़ाई देशसेवा के समान है।

बदलाव का इंतजार न करें, बल्कि बदलाव का हिस्सा बनें विद्यार्थी

टीएमयू के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व उर्वरक एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने छात्रों में भरा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शनिवार को विवि परिसर में मनाया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व उर्वरक व रसायन मंत्री जेपी नड्डा रहे। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि दीक्षांत समारोह का हिस्सा बना। यह छात्रों के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत है। उम्मीद है कि मेधावी जीवन में नये द्वार की ओर अग्रसर होते हुए समाज सेवा करेंगे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि टीएमयू देश के महत्वपूर्ण ज्ञान केंद्रों में एक है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण और जीवनोपयोगी विषयों की अनुशासित शिक्षा दी जाती है। इन मेधावियों को 2047 में विकसित भारत देखने का सुअवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित और आत्मनिर्भर की दिशा में अग्रसर हैं। 7.4 प्रतिशत की दर से देश की जीडीपी आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 23 इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी देश में है। 23 ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज खोले गए हैं। देश को विकास की ओर ले जाने को बहुत से अवसर है इसलिए आज के विद्यार्थी बदलाव का इंतजार न करें, बल्कि बदलाव का हिस्सा बनें।

अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करने वाले मेधावी जीवन में उच्च कीर्तिमान स्थापित कर देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाएंगे ऐसी अपेक्षा है। जेपी नड्डा को विवि की ओर से पीएचडी और डीलिट की मानद उपाधि दी गई।

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षा का अर्थ आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना है। शिक्षा मनुष्य को अंधकार से प्रकाश और ज्ञान की ओर ले जाती है। सलाह दी कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का होगा, इसलिए इसकी जानकारी जरूरी है लेकिन मानवतावादी दृष्टिकोण भी जरूरी है। दीक्षांत समारोह में 36 रिसर्च स्कॉर्ल्स को पीएचडी, तो 108 गोल्ड, 105 रजत और 98 ब्रांज मेडल्स से विद्यार्थी अतिथियों के हाथों अलंकृत किए गए। इस दौरान एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने जल्द कैंसर हॉस्पिटल खुलने की घोषणा की।

विवि के कुलपति प्रो. वीके जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तो सीओई डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने डिग्री वितरण से पूर्व कुलाधिपति से स्क्रॉल पर हस्ताक्षर कराए। ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी ने शैक्षणिक शोभायात्रा का नेतृत्व किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और डॉ. माधव शर्मा संचालन किया।

इस दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, विवि के कुलाधिपति सुरेश जैन, जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, हरिसिंह ढिल्लो, विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, जीवीसी मनीष जैन, वीना जैन, ऋचा जैन, जहान्वी जैन, नंदिनी जैन मौजूद रहे।

छात्रा को डिग्री देते केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा साथ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अन्य। ● अमृत विचार

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

डिग्री मिलने के बाद खुशी मनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

दिलों में उतरा लोकगायिका मालिनी अवस्थी का संदेश

दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के कन्नौज में जन्मीं 2016 में पद्मश्री से सुशोभित लोक गायिका मालिनी अवस्थी को डीलिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने मानद उपाधि मिलने पर कहा कि आज का दिन उनके लिए सौभाग्यपूर्ण है। किसी शिक्षण संस्थान से सम्मानित होना खुद गौरव का विषय है। उन्होंने खुद जीयो औरों को भी जीने दो, यही तो है जिंदगी का रास्ता, तुम्हें अमन और शांति का वास्ता सुनाकर सभी को जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया, इससे पूरा पंडाल करतल ध्वनि से गूंज उठा। सभी उनके संदेश को आत्मसात करने को संकल्पित दिखे।

मंत्री से अधिक मार्गदर्शक की भूमिका में दिखे नड्डा

मुरादाबाद, अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को टीएमयू के दीक्षांत समारोह में राजनेता से अधिक मार्गदर्शक व शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने उपाधि, डिग्री व मेडल हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाकर उनके सुनहरे जीवन की नींव रखी। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं के उत्साह को सराहने के साथ जोश में होश रखते हुए आगे की डगर तय करने की भूमिका निर्धारित की। कहा कि आपकी इस सफलता व उपलब्धि केवल अकेले की नहीं है, इसमें आपके माता-पिता की कड़ी मेहनत व समर्पण और गुरुजनों की शिक्षा व सीख की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा आपका जन्मसिद्ध अधिकार हो सकता है लेकिन उच्च शिक्षा एक अमूल्य तोहफा है, इसका सदुपयोग करें। सीख दी कि उच्च शिक्षा हासिल कर सामाजिक जिम्मेदारी के साथ माता-पिता के समर्पण का ऋण चुकाएं। एक मोटीवेशनल स्पीकर की तरह उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में किसी से सर्टिफिकेट न मांगें, अपनी पूरी क्षमता के साथ खुद को साबित करना ही सच्चा और असली प्रमाणपत्र है। कहा कि वर्तमान सरकार ने आपके बेहतर भविष्य के लिए उपयुक्त प्लेटफार्म दिया है बस आपको मजबूती और मानवीय दृष्टिकोण के साथ सफलता की मंजिल पर पहुंचना है। टीएमयू में शिक्षा के साथ सामाजिक बोध और जिम्मेदारी विद्यार्थियों को मिलती है यह अनुकरणीय है।

कुलाधिपति और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ने भी भरा युवाओं में जोश

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुरेश जैन ने भी मेधावी युवाओं में जोश भरा। रास्ते खुद बन जाते हैं, चलने वालों के लिए... मंजिले इंतजार करती हैं, मेहनत करने वालों के लिए...। साथ ही उन्होंने यह भी ताकीद किया, यदि कभी जाने-अनजाने गलती हो जाए तो जीवन में इस कथन को क्रियान्वित कर लें। किसी को माफ कर दिया मैंने... किसी से मांग ली माफी...। यहीं तरक्की का मूल मंत्र है। इसे सभी ने आत्मसात करने की प्रतिबद्धता जताई। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के ड्रीम को टीएमयू जल्द ही साकार करेगी। यूनिवर्सिटी में पेपरलेस वर्किंग कल्चर होगा। विद्यार्थियों की एंट्री से लेकर एग्जिट तक सबकुछ डिजिटल हो जाएगा। अंत में सुनाया कि बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी तो समुन्दर की तलाश करो। यूं तो पत्थर तोड़ देता है शीशे को, जो पत्थर को तोड़ सके ऐसा हीरा तलाश करो।

उपाधि व डिग्री मिलते ही खिले मेधावियों के चेहरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : टीएमयू के दीक्षांत समारोह में उपाधि व डिगी मिलते ही मेधावियों के चेहरे खिल गए। उनके सपनों को मानों उड़ान मिल गई। अतिथियों ने समारोह में 6,041 डिग्रियां वितरित कीं। जिसमें 36 रिसर्च स्कॉर्ल्स को पीएचडी की उपाधि तो विभिन्न विषयों के होनहारों को 108 गोल्ड, 105 रजत और 98 ब्रांज मेडल्स से अलंकृत किया गया। डिग्री हाथ में लेकर सभी अपने साथियों व कुछ ने अपने अभिभावकों के साथ परिसर व पंडाल में सेल्फी लेकर इस सुखद पलों को संजोया। पूरे परिसर में विशिष्ट परिधान में उपाधि व डिग्री धारी एक अलग छटां बिखेर रहे थे।

बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर, टिंकरर्स लैब और बाहुबली जिम का उद्घाटन

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विवि में बने तीन नए प्रोजेक्टों बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर, टिंकरर्स लैब और बाहुबली जिम्नेजियम का वर्चुअल उद्घाटन किया। लगभग 30,000 वर्गफुट में विकसित बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर में कॉन्फ्रेंस रूम, को-वर्किंग स्पेस, उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ और बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। यहां छात्रों के विचारों को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने की दिशा दी जाएगी। वहीं टिंकरर्स लैब को मेकर भवन फाउंडेशन के सहयोग से विकसित किया गया है तथा इसकी मेंटरशिप आईआईटी मद्रास के लीप कार्यक्रम से जुड़ी है। अत्याधुनिक त्रि-आयामी प्रिंटिंग, लेजर कटिंग और स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स सुविधाओं से लैस यह लैब विद्यार्थियों को डिजाइन से लेकर परीक्षण तक का व्यावहारिक अनुभव देगी। वहीं बाहुबली जिम्नेजियम में आधुनिक व्यायाम उपकरण, कार्डियो सेक्शन, फंक्शनल ट्रेनिंग और योग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे छात्रों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुदृढ़ किया जा सके।

पवन जैन को मिली पीएचडी की उपाधि

दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालों में 64 वर्षीय डॉ. पवन कुमार जैन भी शामिल रहे। इनकी उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि सीखने और आगे बढ़ने की कोई आयु सीमा नहीं होती। उनका यह समर्पण समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

न्यूज ब्रीफ

चाइनीज मांझे से कटा योगसाधक का हाथ

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को चाइनीज मांझे से योग साधक घायल हो गए। लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर अन्य साधक पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सभी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। कांशीराम नगर निवासी योग साधक डॉ. आरपी सिंह सोनकपुर बाईपास से गुजर रहे थे। तभी वापसी पर लोकोशेड पुल के पास साईं अस्पताल के सामने चाइनीज मांझे से उनके दाया हाथ कटने से गहरा जख्म हो गया। खून टपकता देख वह घबरा गए। राहगीरों ने उन्हें नजदीक के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया। उनके हाथ में सात टांके लगाने पड़े। जानकारी मिलने पर योग केंद्र के अन्य सदस्य भी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इस घटना पर नाराजगी जताते हुए सोनकपुर बाईपास योगकेंद्र के सदस्य डॉ. भागवत सरन सैनी, कुलवीर सिंह आर्य, एडवोकेट रमेश सिंह आर्य, प्रकाश वीर आर्य, अजेंद्र कुमार सिंह, शिवनंदन पाल, डॉ. फूलसिंह, सुनील कुमार सक्सेना, जगपाल सिंह ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

आयकर भुगतान की अंतिम तिथि आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : आयकर के एडवांस टैक्स का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। ऐसे करदाता जिनका टीडीएस कटौती के बाद आयकर दस हजार रुपये से अधिक बनता है उन्हें एडवांस टैक्स जमा करना होता है। एडवांस टैक्स वर्ष में चार किस्तों में 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर तथा 15 मार्च तक जमा करना होता है। टैक्स मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा करदाताओं को एडवांस टैक्स जमा करने के लिए लगातार मैसेज और मेल के माध्यम से जागरूक किया जाता है। ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक एडवांस टैक्स जमा नहीं किया है, उन्हें 1% प्रतिमाह ब्याज का भुगतान करना होगा। यदि करदाता 31 मार्च तक भी एडवांस टैक्स जमा कर देते है, तो उसे भी एडवांस टैक्स माना जाता है। ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक एडवांस टैक्स का भुगतान नहीं किया है शीघ्र ही अपना एडवांस टैक्स जमा कर दें, जिससे उन पर ब्याज कम लगे।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म, शादी से इनकार

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अजमेर के एक गांव निवासी 25 वर्षीया युवती ने तहरीर में बताया कि करीब दो महीने पहले उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से मुरादाबाद के गुलाबबाड़ी निवासी साबिर पुत्र शाकिब से बातचीत शुरू हुई थी। बातचीत के दौरान नजदीकियां बढ़ गईं। युवती का आरोप है कि 11 मार्च को साबिर ने उसे शादी करने के लिए बुलाया। वह उसी दिन रात करीब आठ बजे दिल्ली पहुंची, जहां से साबिर उसे लेने आया। आरोप है कि 12 मार्च को साबिर उसे गुलाबबाड़ी में ताई के घर ले गया, जहां उसने संबंध बनाए। शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के में मुकदमा दर्ज कर लिया।

फर्जी तरीके से इंग्लैंड गए युवक और एजेंट पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

- एयरपोर्ट पर जांच के दौरान फर्जी मिले थे शैक्षिक व अन्य दस्तावेज

अमृत विचार: फर्जी दस्तावेजों के कारण इंग्लैंड से वापस भारत डिपोर्ट किए जाने के मामले में पुलिस ने युवक और उसे भेजने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला बाजार कलां निवासी अरुण कुमार ने विदेश जाने के लिए रुद्रपुर उत्तराखंड स्थित इमिग्रेशन कंपनी के संचालक प्रभजोत सिंह से संपर्क किया था। एजेंट ने 15 लाखों रुपये ऐंठकर युवक के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के फर्जी कागजात तैयार कराए थे। उसे 17 जनवरी को दिल्ली एयरपोर्ट से इंग्लैंड पहुंचा दिया था, लेकिन वहां पहुंचते ही उसे धर लिया गया। एयरपोर्ट पर जांच के दौरान उसके दस्तावेज फर्जी मिले। युवक को इंग्लैंड में डिटेंशन सेंटर में रखा गया था और 20 जनवरी को उसे वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया था। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही एयरपोर्ट पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था और जीरो एफआईआर दर्ज की थी। अगले ही दिन एयरपोर्ट थाना से हेड कांस्टेबल टिंकू सिंह युवक को लेकर कोतवाली पहुंचे थे। उस समय तत्कालीन कोतवाल बलवान सिंह ने युवक को स्वजन की सपुर्दगी में दे दिया था। दिल्ली पुलिस की तहरीर के इंतजार में हिदायत देकर छोड़ा गया। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की तहरीर और जीरो एफआईआर प्राप्त हो गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि आरोपित अरुण कुमार और प्रभजोत सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली।

अधिवक्ता की कार में आग लगाने का प्रयास

शाहबाद, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला कानूनगोयान इलाके के सामने रहने वाले अधिवक्ता निधि गोपाल यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी चार पहिया कार उनके मकान के बाहर खड़ी रहती है।

आरोप है कि बुधवार रात करीब दो बजे उमेश अपनी स्कूटी से आया और उनकी कार में आग लगाने का प्रयास करने लगा। अधिवक्ता के अनुसार, कुछ आहट होने पर वह घर से बाहर आए तो आरोपी मौके से भागने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और स्कूटी से फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क किनारे मिला दर्जी का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : सैदनगर में सड़क के किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक कलुआ।

कोतवाली क्षेत्र की चौकी सैदनगर के गांव अहमदाबाद निवासी कलुआ उर्फ कुमार पाल सैदनगर में ही सिलाई का काम करता है। शुक्रवार को भी वह रोज की तरह अपने काम पर गया था। रात में किसी समय ग्रामीणों ने उसका शव सुक्खन सिंह इंटर कॉलेज के पास सड़क किनारे पड़ा देखा। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार कलुआ सैदनगर में तीन वर्ष से किराये की दुकान पर सिलाई का काम करता है। शुक्रवार को वह दुकान पर गया था। रात्रि करीब 11:30 बजे सैदनगर से दुकान बंद कर बाइक से अपने गांव अहमदाबाद के लिए निकला था। बताया जाता है कि रास्ते में सड़क किनारे किसी ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत बताते हुए हत्या की आशंका जताई हैं। कलुआ की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बच्चे विशाल 5 वर्ष और फलक 3 वर्ष हैं।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि सड़क के किनारे शव मिला था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

पुलिस चौकी के सामने से शव ले जाते परिजन। ● अमृत विचार

- सैदनगर में सिलाई का काम करता था कलुआ

चौकी के सामने शव रख परिजनों का हंगामा

शुक्रवार रात को लालपुर सैदनगर रोड पर स्कूल के आगे शव पड़े होने और बाइक साइड में खड़ी होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मौके पर रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि गले पर चोट के कई निशान हैं। कोई कपड़ा फटा हुआ नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सैदनगर चौकी के सामने शव रखकर जाम लगा दिया। जिसके बाद मौके पर जाम लग गया। बाद में पुलिस आ गई। किसी तरह से मामले को शांत कराया। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की बात कह रहे हैं।

नमाजियों की संख्या सीमित करने के आदेश पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

संवाददाता, प्रयागराज/संभल

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमजान के दौरान संभल जिले के धनेटा सोतीपुरा गांव में नमाज अदा करने वालों की संख्या सीमित करने के प्रशासनिक आदेश पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य का दायित्व है। इस जिम्मेदारी से बचने के लिए उपासना पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि स्थानीय अधिकारी कानून का शासन लागू कराने में स्वयं को सक्षम नहीं मानते, तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए या स्थानांतरण की मांग करनी चाहिए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की खंडपीठ ने हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धनेटा सोतीपुरा निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संभल के गाटा संख्या 291 पर स्थित मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज अदा करने से उन्हें रोका जा रहा है। याची का कहना था कि प्रशासन ने परिसर में केवल 20 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी है, जबकि रमजान के कारण अधिक संख्या में नमाजियों के आने की संभावना है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया कि संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया था।

हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि हर परिस्थिति में कानून का शासन सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी है। अगर पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के कारण उपासकों की संख्या सीमित करनी पड़ रही है, तो उन्हें या तो अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या संभल से बाहर स्थानांतरण मांग लेना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि पूजा निजी संपत्ति पर हो रही है तो उसके लिए राज्य की अनुमति आवश्यक नहीं होती। अनुमति केवल उन परिस्थितियों में जरूरी हो सकती है जब धार्मिक गतिविधि सार्वजनिक भूमि पर आयोजित की जाए या सार्वजनिक संपत्ति को प्रभावित करे।

धनेटा सोतीपुरा इसी जगह नमाज को लेकर विवाद है।

- हाईकोर्ट ने कहा कानून व्यवस्था लागू कराने में अक्षम हैं तो पद से इस्तीफा दें प्रशासनिक अधिकारी

नमाज स्थल के देने होंगे फोटोग्राफ

प्रयागराज : सुनवाई के दौरान राज्य ने याची के स्वामित्व संबंधी दावे पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि राजस्व अभिलेखों में भूमि सुखी सिंह के पुत्र मोहन सिंह और भूराज सिंह के नाम दर्ज है। कोर्ट ने यह पाया कि याची ने अब तक कथित मस्जिद अथवा नमाज स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत नहीं किए हैं। इस पर याची ने संबंधित तस्वीरें और राजस्व दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगा, जबकि राज्य ने भी आगे निर्देश प्राप्त करने हेतु मोहलत चाही। अंत में कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि निर्धारित करते हुए दोनों पक्षों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

रोडवेज से अब प्रदेशभर में भेज सकेंगे सामान, पीतल नगरी डिपो पर लगेज ट्रांसपोर्ट सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : राज्य सड़क परिवहन निगम ने यात्रियों और आम लोगों को नई सुविधा देते हुए अब बसों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामान भेजने की व्यवस्था शुरू कर दी है। इसके तहत मुरादाबाद के पीतल नगरी डिपो में परिवहन निगम की बिल्डिंग में एक निजी कंपनी द्वारा लगेज ट्रांसपोर्टेशन का कार्यालय शुरू किया गया है।

शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि अब लोग आसानी से अपने सामान को कम समय में दूसरे शहरों तक भिजवा सकेंगे। निदेशालय से ए बी जी लॉजिस्टिक कंपनी को टेंडर दिया गया है। जिसमें अभी मुरादाबाद पीतल नगरी और बिजनौर डिपो पर कंपनी के कार्यालय खोले जाने के लिए पत्र मिला है। जिसमें पीतल नगरी डिपो में कंपनी लगेज बुक कर भेजने का कार्य करेगी।

- मुरादाबाद व बिजनौर डिपो पर भी कार्यालय खोले जाएंगे

रोडवेज की ओर नई व्यवस्था के तहत अब रोडवेज बसों के जरिए प्रदेश के किसी भी जिले में पार्सल और अन्य सामान भेजा जा सकेगा। इसके लिए यात्रियों और व्यापारियों को डिपो पर बने कार्यालय में जाकर सामान की बुकिंग करानी होगी। सामान भेजने के लिए दूरी के आधार पर किराया तय किया है। यानी जिस जिले तक सामान भेजा जाएगा, उसी के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

कम दूरी के लिए कम और अधिक दूरी के लिए अधिक किराया निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे लोगों को निजी करियर सेवाओं के मुकाबले सस्ता और तेज विकल्प मिल सकेगा। इस सेवा के शुरू होने से कम और रियायती दरों से छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और आम लोगों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है।

निर्यात पर असर, कंटेनर वॉल्यूम में गिरावट

युद्ध का प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक संकट का असर अब निर्यात पर भी दिखाई देने लगा है। गल्फ देशों को भेजे जाने वाले माल के वॉल्यूम में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। निर्यात से जुड़े कारोबारियों के साथ-साथ लॉजिस्टिक सेक्टर भी इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

आईसीडी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी में करीब 3000 टीयूज कंटेनर भेजे गए, जबकि फरवरी में यह संख्या घटकर 2800 टीयूज रह गई। मार्च माह में अब तक लगभग 1000 टीयूज का निर्यात हो चुका है। यदि पिछले वर्ष के इसी अवधि के आंकड़ों पर नजर डालें तो तब निर्यात का वॉल्यूम थोड़ा अधिक था। पिछले साल जनवरी में 3300 टीयूज कंटेनर भेजे गए थे, फरवरी में यह संख्या 3000 टीयूज रही, जबकि मार्च में करीब 1100 टीयूज कंटेनर निर्यात के लिए रवाना हुए थे। इस तुलना से साफ है कि इस बार निर्यात में गिरावट दर्ज की जा रही है।

आईसीडी के टर्मिनल मैनेजर हरीश यादव का कहना है कि ईरानी संकट का असर खासतौर पर गल्फ देशों में दिखाई दे रहा है। उनके अनुसार मौजूदा परिस्थितियों के चलते गल्फ कंट्रीज के लिए भेजे जाने वाले माल के वॉल्यूम में लगभग पांच से सात प्रतिशत तक की कमी आई है। निर्यातक भी इस स्थिति को लेकर सतर्क हैं। उनका कहना है कि यदि क्षेत्रीय परिस्थितियां जल्द सामान्य नहीं हुईं तो आने वाले महीनों में ऑर्डर और शिपमेंट दोनों प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि अभी तक निर्यात पूरी तरह प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन कारोबारियों की निगाहें अंतरराष्ट्रीय हालात पर टिकी हुई हैं। फिलहाल निर्यातक और लॉजिस्टिक कंपनियां हालात पर नजर रखते हुए अपनी रणनीति तय कर रही हैं।

टीयूज में मापा जाता है कंटेनर का आकार

अंतरराष्ट्रीय कंटेनर परिवहन में माल की मात्रा को मापने के लिए टीयूज (TEU) यूनिट का प्रयोग किया जाता है। एक टीयूज 20 फीट लंबे कंटेनर के बराबर होता है। वहीं दो टीयूज मिलकर एक 40 फीट के कंटेनर के बराबर माने जाते हैं। आईसीडी और बंदरगाहों पर कंटेनर मूवमेंट का आंकलन इसी यूनिट के आधार पर किया जाता है।

वर्ष 2025 और 2026 में जनवरी-मार्च के दौरान भेजे गए कंटेनर (टीयूज में)

माह	वर्ष 2025 (टीयूज)	वर्ष 2026 (टीयूज)
जनवरी	3300	3000
फरवरी	3000	2800
मार्च	1100	1000

नोट :: मार्च 2026 के आंकड़े अभी तक के हैं।

किस-किस देश को जाता है माल

आईसीडी से निर्यात होने वाला अधिकांश माल गल्फ देशों जैसे दुबई, सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत को भेजा जाता है। इन देशों में मुरादाबाद क्षेत्र के पीतल, हैंडीक्राफ्ट और होम डेकोर उत्पादों की अच्छी मांग रहती है। अंतरराष्ट्रीय हालात में उतार-चढ़ाव आने पर सबसे पहले इन्हीं बाजारों में निर्यात प्रभावित होता है।

इफ्तार	सहरी
15 मार्च	16 मार्च
सुन्नी : 06 .26	सुन्नी : 05 .02
शिया : 06 .38	शिया : 04 .58

शहर में आज

- भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक व शाखा सम्मान समारोह रामगंगा विहार में सुबह 10 :00 बजे।
- अपना दल कमेरावादी की मासिक बैठक मंडल कार्यालय गायत्री नगर लाइनपार में 11 :00 बजे।
- किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव कचहरी स्थित आईएमए हाल में 11 :00 बजे।
- विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की सभा दिल्ली रोड स्थित होटल पार्क स्कवायर में शाम 4 :00 बजे।

रोडवेज डिपो पर यात्रियों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं, हो रहे परेशान

बसों के इंतजार में जमीन पर रखा सामान, उसी पर लेट गए यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रोडवेज डिपो पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। सबसे अधिक बसों का संचालन होने वाले पीतल नगरी डिपो पर व्यवस्थाओं में कमी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के लिए पीने के ठंडे पानी, बैठने की उचित व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं।

शनिवार को पीतल नगरी डिपो पर रूपेडिया जाने महिला अपने परिवार के साथ रोडवेज परिसर में लगे पेड़ की जड़ पर रखे अपने सामान पर सोती मिली। वहीं कुछ यात्री कार्यालय के सीढ़ियों पर बैठे नजर आए।

डिपो पर बस के इंतजार में परिवार के साथ पेड़ के नीचे सोईं महिला।

पीतल नगरी डिपो पर पूछताछ कार्यालय की वीडियो पर बैठे यात्री। ● अमृत विचार

रोडवेज परिसर में यात्रियों को बैठने के लिए की गई व्यवस्था में कई खामियां मिली। रोडवेज पर बसों के इंतजार में बैठने वाली सीट कम है और जो है वह बसों के खड़े होने के स्थान के पीछे है। जिससे यात्री अपनी मंजिल को जाने वाली बस को नहीं देख पाता। जिसके कारण यात्रियों को जमीन पर बैठ कर बस का इंतजार करना पड़ता है।

डिपो पर कई यात्रियों को बसों के इंतजार में खुले में बैठने या पेड़ों के नीचे समय बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है। लंबे इंतजार के कारण यात्रियों की हालत खराब होती नजर आई।

प्याऊ और वाटर कूलर भी बेकार

यात्रियों के लिए लगाए गए पानी के प्याऊ और वाटर कूलर भी सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। कई कूलरों में पानी ठंडा नहीं हो रहा है, जबकि कुछ की टोंटियों से पानी आने में भी समस्या हो रही है। ऐसे में यात्रियों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है और उन्हें प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मजबूरी में कई यात्री डिपो की कैंटीन से महंगे दामों पर पानी की बोतल खरीदने को विवश हैं।कैंटीन संचालक मनमाने दामों पर पानी की बोतलें और अन्य खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं। साथ ही कुछ बोतलों पर संदिग्ध या कम प्रसिद्ध ब्रांड के नाम भी देखे गए।

> पीतल नगरी डिपो के अनुसार ही यात्रियों के बैठने के सीट लगाई गई हैं।ऐसे में कुछ यात्री जानकारी न होने के कारण जमीन पर बैठ कर बस इंतजार में अपना समय बीताते है। इसके बाद भी रोडवेज कर्मचारियों को यात्रियों को बीच बीच में जमीन से उठाकर सीटों पर बैठने के लिए कहा जाता लेकिन यात्री बस निकलने के डर से अंदर बैठने से बचते हैं।
> – प्रेम सिंह, एआरएम रोडवेज पीतल नगरी डिपो

वसीर के शतक से न्यूट्रीशन प्वाइंट क्लब की शानदार जीत

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे स्टेडियम में आयोजित रात्रि इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में न्यूट्रीशन प्वाइंट क्रिकेट क्लब ने इलेवन स्टार को छह विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन स्टार ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूट्रीशन प्वाइंट क्रिकेट क्लब की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 22.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से वसीर ने शानदार 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि फरमान ने 56 रन का योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए वसीर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

28 केंद्रों पर पहले दिन 13,816 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

8744 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा, कड़े रहे प्रबंध

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा पहले दिन शनिवार को जिले के 28 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 22,560 अभ्यर्थियों में से 8744 अभ्यार्थियों ने छोड़ दी। वहीं 13, 816 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारी केंद्रों का भ्रमण करते रहे।

शनिवार को पहले दिन की परीक्षा की प्रथम पाली में 28 केंद्रों पर 11,280 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सुबह से ही केंद्रों पर अभ्यर्थी पहुंचने शुरू हो गए थे। निर्धारित समय पर चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को कक्ष में प्रवेश मिला। पहली पाली में 6,780 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 4,500 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी 11,280 पंजीकृत में से 7,036 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 4,244 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 22,560 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 13,816 ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह,एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार और एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की। केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के सतर्कता बरतने की हिदायत देते रहे।

परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

चार भागों में विभाजित था प्रश्नपत्र

परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र को चार भागों में विभाजित किया गया था, जिसमें गणित, रीजनिंग, अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान से कुल 160 प्रश्न पूछे गए। कुछ ने प्रश्न पत्र आसान बताया, जबकि कई ने मध्यम स्तर का बताया। कई का कहना था कि समय कम पड़ गया। खासकर गणित के सवालों ने काफी उलझाया। सामान्य ज्ञान के कई प्रश्न पुराने विषयों से जुड़े होने के कारण कुछ अभ्यर्थियों को कठिन भी लगे।

बोले अभ्यर्थी

- परीक्षा में सवाल आसान थे। गणित के कुछ सवाल लेंदी थे जिसे हल करने में समय लगा। अन्य भागों में बांटे गए सवाल पढ़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए कठिन नहीं थे। – **राहुल**, मेरठ
- मैंने काफी तैयारी की थी, फिर भी गणित के सवालों ने उलझा दिया। रिजनिंग के सवाल आसान रहे तो अंग्रेजी के प्रश्न देखकर मन खुश हो गया। सबसे पहले उसे ही हल किया। – **रजनी**, अमरोहा
- सभी सवाल आसान थे। रीजनिंग के सवाल सबसे ज्यादा आसान थे। लेकिन पढ़ने वाले अभ्यर्थी के लिए पूरा प्रश्न पत्र मुश्किल नहीं था। – **रिजवान**, बागपत
- इससे पहले सिपाही भर्ती की परीक्षा भी दी थी। इस परीक्षा के लिए की गई तैयारी के मुताबिक काफी सवाल प्रश्न पत्र देखने के बाद हिम्मत बढ़ गई। निगेटिव मार्किंग न होने पर सभी सवाल हल किए हैं। – **शक्ति सिंह**, पीलीभीत

उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा छूटने के बाद शहर में कई स्थानों पर लगा जाम

मुरादाबाद, अमृत विचार : परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों के केंद्रों से बाहर निकलते ही सड़कों पर भीड़ बढ़ गई। कई प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने से जाम लग गया। शनिवार दोपहर 12 बजे और शाम 5 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद बुध बाजार और पारकर इंटर कॉलेज रोड और पीली कोठी पर जाम लग गया। परीक्षा केंद्रों से निकलने वाले अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात धीमा हो गया। पुलिस और यातायात पुलिस कर्मियों ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारू कराने का प्रयास जारी रखा। बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर भी परीक्षार्थियों की अच्छी संख्या दिखी। दूर के जिलों से आए अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने के बाद बस और ट्रेन से अपने गंतव्य के लिए रवाना होने की जल्दबाजी में दिखे। कई अभ्यर्थी बसों और ट्रेनों का इंतजार करते रहे। हालांकि कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई।

> जिले के 28 केंद्रों नागरिक पुलिस में उप निरीक्षक व समकक्ष पदों के लिए पहले दिन परीक्षा पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई। कहीं से नकल की शिकायत नहीं मिली। उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित ढंग से पुलिस की कड़ी निगरानी में रखा गया है। दूसरे दिन सुबह की परीक्षा के लिए सभी व्यवस्था चाक चौबंद हैं। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहेंगे। – **ज्योति सिंह**, अपर जिलाधिकारी नगर व प्रशासनिक नोडल अधिकारी, उपनिरीक्षक भर्ती लिखित परीक्षा

बाबा नीम करौरी आश्रम में हनुमान चालीसा पाठ

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा स्थित श्री राम बालाजी धाम बाबा नीम करौरी आश्रम में शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित नीम करौरी आश्रम के मुख्य पुजारी गोपाल स्वामी भक्तों के साथ पहुंचे।

पुजारी गोपाल स्वामी ने आश्रम के साधना स्थल पर हनुमान चालीसा एवं विनय चालीसा का सामूहिक पाठ कराया। सभी को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया और भोजन प्रसादी वितरित की गई। दिल्ली से निकले श्रद्धालु बाबा के धामों की यात्रा पर हैं। जिसके क्रम में वह आश्रम पहुंचे। आश्रम के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मुरादाबाद का नीम करौरी बाबा आश्रम काफी प्रसिद्ध है। यहां कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालु रुककर बाबा के दर्शन करते हैं। इस मौके पर राकेश गुप्ता, विनीत गुप्ता, परीश सक्सेना, हरिओम गुप्ता, संजीव कपूर, जयदेव यादव, पूनम शर्मा, लवी गुप्ता, दीप्ति गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे 16 खेलों के जिला व मंडल स्तरीय ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में 12 वर्ष से कम और 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए विभिन्न खेलों के जिला एवं मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर के क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अनुसार 16 खेलों में ट्रायल लिए जाएंगे। इनमें जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो और हैंडबॉल शामिल हैं। जिला स्तर के ट्रायल 23 मार्च से 26 मार्च तक विभिन्न तिथियों पर किए जाएंगे, जबकि मंडल स्तर के ट्रायल 27 मार्च से 30 मार्च के बीच कराए जाएंगे। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जिनका आयोजन अप्रैल माह में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में किया जाएगा। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हो सके।

अंडर-16 और अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल 16, 17 को

जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) की ओर सेअंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों के चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। डीएसए के सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के लिए 16 व 17 मार्च को ट्रायल लिए जाएंगे। 16 मार्च को सुबह आठ बजे से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के ट्रायल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से जनपद अमरोहा व संभल के शॉर्ट लिस्टेड के ट्रायल दिल्ली रोड स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल के मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 17 मार्च को सुबह आठ बजे से 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल होंगे। दोपहर 12 बजे से अमरोहा व संभल के शॉर्ट लिस्टेड के ट्रायल भी इसी मैदान पर कराए जाएंगे। बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे जिन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वेबसाइट से चालान प्राप्त कर निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है। सभी खिलाड़ियों को फीस जमा होने की रसीद अपने साथ लानी होगी।

धीमरी गांव प्रकरण में सर्वमान्य हल की तलाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : सदर तहसील के धीमरी में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने के दौरान महापौर की बाउंड्री टूटने का प्रकरण शांत नहीं हुआ है। हालांकि प्रशासन हल निकालने के लिए प्रयासरत है। चर्चा है कि महापौर ने इसे पार्टी के प्रदेश नेतृत्व तक भी पहुंचाया है। हालांकि वह कुछ कह नहीं रहे हैं। वहीं प्रशासन पैमाइश पूरी होने के बाद स्थिति साफ होने की बात कह रहा है।

धीमरी गांव में गुरुवार को उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम की कब्जे के चलते कार्रवाई के दौरान जेसीबी से महापौर के भूमि की चहारदीवारी भी गिर गई थी। इसके बाद मामले की गूंज प्रशासनिक व राजनीतिक हलकों तक पहुंची।

जूनियर बालिका हॉकी में खेलो इंडिया सेंटर चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम, सोनकपुर में शनिवार को जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। फाइनल में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम को 5-0 से पराजित कर खेलो इंडिया सेंटर मुरादाबाद की टीम चैंपियन बनी।

प्रतियोगिता के पहले मैच में शांति निकेतन इंटर कॉलेज ने रेनबो पब्लिक स्कूल को 1–0 से हराया। दूसरे मैच में रेनबो पब्लिक स्कूल ने बाल विद्या बालिका स्कूल को 2–0 से पराजित किया। तीसरे मैच में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज ने शांति निकेतन को 4–0 से हराया। चौथे मैच में खेलो इंडिया हॉकी सेंटर ने रेनबो पब्लिक स्कूल को 3–0 से शिकस्त दी। फाइनल मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज और खेलो इंडिया हॉकी सेंटर मुरादाबाद के बीच खेला गया, जिसमें खेलो इंडिया सेंटर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5–0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक और जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव योगेंद्र गौतम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हॉकी कोच नेहा सिंह (खेलो इंडिया सेंटर), कुश्ती कोच गोविंद कुमार यादव, बैडमिंटन कोच आसिफ सिद्दीकी, वॉलीबॉल कोच निष्ठा और एथलेटिक्स कोच ललिता चौहान आदि रहीं।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **फाइनल में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम को 5–0 से हराया**

टीम रेड ने टीम ब्लू को 34 रन से हराया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे स्टेडिय में आयोजित इंटर क्लब क्रिकेट के एक मुकाबले में टीम रेड ने टीम ब्लू को 34 रन से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम रेड ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ब्लू की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। टीम रेड की ओर से अंकुर ने 42 और सचिन ने 36 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए अंकुर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना।

आय प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर दिव्यांग से मांगी रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लेखपाल पर आरोप, पीड़ित ने डीएम से की शिकायत**

अमृत विचार: जिले के उत्तमपुर बहलोलपुर निवासी ग्रामीणों ने एक लेखपाल पर रिश्वत मांगने और फर्जी आय प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी से शिकायत की है।

शनिवार को दिव्यांग विपिन कुमार ने डीएम को संबोधित शिकायती पत्र दिया। बताया कि उसके पास न खेती की जमीन है और न ही कोई स्थायी आय का साधन है। दिव्यांग ने बताया कि उसने आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उनसे रुपये की मांग की। न देने पर आय प्रमाण पत्र वास्तविक स्थिति के विपरीत बना दिया गया। यह भी आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद के लिए दिए गए कुछ आवेदनों में भी फर्जी आय प्रमाण पत्र लगाए गए हैं। आरोप है कि कुछ लोगों की वास्तविक आय अधिक होने के बावजूद कम आय दर्शाकर प्रमाण पत्र जारी किए गए। दिव्यांग ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

दिव्यांग विपिन कुमार शिकायतकर्ता।

छात्र नेताओं को दिलाई सेवा की शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद एलीट के तत्वावधान में शनिवार को फतेहपुर विश्नोई स्थित विजडम एजुकेशन कॉलेज में 12 इंट्रैक्ट क्लबों का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम हुआ। इसका संचालन रोटेरियन संजीव सक्सेना एवं निशी विजय गुप्ता ने किया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

वक्ताओं ने बताया कि इंट्रैक्ट क्लब युवाओं के लिए रोटरी द्वारा प्रायोजित सेवा क्लब है, जो विशेष रूप से हाईस्कूल के विद्यार्थियों को समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने का मौका देता है।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल ने विभिन्न स्कूलों के इंट्रैक्ट क्लबों के अध्यक्ष और सचिवों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन विद्यालयों में इंट्रैक्ट क्लब स्थापित किए गए उनमें आरआरके स्कूल, मुकुंदराम इंटर कॉलेज, केवी इंटर कॉलेज, चिरंजी लाल इंटर कॉलेज, संत राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज, तोताराम सैनी मेमोरियल इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, श्रीमती शांति देवी जनता इंटर कॉलेज, बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, श्री गुरु जंभेश्वर पब्लिक स्कूल, भगवती इंटर कॉलेज और बंशी सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज शामिल हैं। इस मौके पर नलिन अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अमरीष जैन, संजीव सक्सेना, अतुल शर्मा, अनुराग थापन, आरएन सिंह, राजीव अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, पराग पोरवाल, गीता सिंघल, शैफाली पोरवाल, दीप्ति अग्रवाल, सरिता गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।

रोटरी क्लब मुरादाबाद एलिट के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **रोटरी क्लब मुरादाबाद एलीट की ओर से हुए 12 इंट्रैक्ट क्लबों का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम**

झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : नई दिल्ली के लाजपत नगर थाना क्षेत्र निवासी युवती ने अपने साथ एक व्यक्ति के द्वारा शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसकी मुलाकात जिकरान थाना कटघर क्षेत्र के आशियाना विहार का निवासी है।

युवती का आरोप है कि जिकरान ने शादी का वादा कर कई बार उ संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि अब जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो वह शादी से साफ इनकार कर रहा है। इससे परेशान होकर युवती ने कटघर थाने में तहरीर दी है। कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे पकड़ा गया है। जिसे न्यायिक कार्रवाई के न्यायालय भेजा जाएगा।

400 मीटर दौड़ में कौशल और अतुल ने जीता स्वर्ण

सम्मानित होने के बाद मेडल दिखाते धावक कौशल व अतुल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **अयोध्या में हुई सातवीं यूपी स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

अमृत विचार : खेल निदेशालय एवं प्रदेशीय एथलेटिक्स संघ के समन्वय से अयोध्या में हुई सातवीं यूपी स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। धावक कौशल कुमार और अतुल कुमार ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

यह प्रतियोगिता 24 व 25 मार्च को उड़ीसा में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। शनिवार को सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचने पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक ने दोनों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षिका ललिता चौहान, प्रधान सहायक राम कृपाल और राहुल मैसी मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

गैस की किल्लत बरकरार, दूसरे दिन भी जांच

गैस सिलेंडर को तरसे उपभोक्ता, आपूर्ति निरीक्षक का घेराव कर व्यवस्था ठीक कराने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : रसोई गैस को लेकर मशक्कत शनिवार को भी थमती नजर नहीं आई। भावना गैस एजेंसी में भारी अनियमितताओं की शिकायत के बाद सील किए गए गोदाम की जांच दूसरे दिन भी जारी रही। गैस सिलेंडर के इंतजार में उपभोक्ताओं की परेशानी कम होने के बजाय और बढ़ती दिखी। हालात ऐसे रहे कि गुस्साए उपभोक्ताओं ने आपूर्ति निरीक्षक का घेराव कर सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की।

दरअसल गैस एजेंसी पर निर्धारित दर से अधिक कीमत पर सिलेंडर देने और ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर न मिलने की शिकायतों के बाद शुक्रवार रात जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में आपूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह, अमित सिंह और अनिल कुमार की टीम ने फरीदनगर रोड स्थित भावना गैस एजेंसी के गोदाम को सील कर दिया था। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे तो उन्हें गैस के बजाय जांच का लंबा सिलसिला देखने को मिला। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने आपूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह को घेर लिया और तुरंत सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग करने लगे।

गैस के लिए परेशानहाल उपभोक्ता। ● अमृत विचार

गैस एजेंसी पर आपूर्ति निरीक्षक का घेराव करते उपभोक्ता।

इस दौरान कई उपभोक्ताओं और अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी संचालक ने उनके द्वारा ऑनलाइन बुक कराए गए सिलेंडर दूसरों को बेच दिए। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों से लेकर आरजेएस पोर्टल तक शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन रसोई गैस की समस्या जस की तस बनी हुई है। गुस्साए लोगों ने कहा कि घरों में सिलेंडर खत्म हो चुके हैं और खाना बनाने के लिए लोगों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं, जबकि अधिकारी केवल जांच का भरोसा देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। इस दौरान कई लोगों ने आपूर्ति निरीक्षक को खरी-खोटी भी सुनाई। हालात बिगड़ते देख आपूर्ति निरीक्षक ने जांच पूरी होने के बाद गैस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और वहां से खिसक लिए। देर रात जिलाधिकारी के निर्देश पर इंडियन कंपनी के सेल्स ऑफिसर प्रतीक उपाध्याय भी टीम के साथ गोदाम पहुंचे और जांच की।

उधर सुरजननगर क्षेत्र में भी गैस सिलेंडरों को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

- गोदाम सील होने के चलते उपभोक्ताओं को नहीं मिला सिलेंडर
- जांच पूरी होने के बाद गैस उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

राजा भारत गैस एजेंसी पर शनिवार सुबह छह बजे से ही ग्रामीण खाली सिलेंडर लेकर पहुंचने लगे। एजेंसी खुलने का समय नौ बजे होने के बावजूद गेट के बाहर लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते मुख्य मार्ग तक भीड़ फैल गई, जिससे कुछ देर के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई। एजेंसी संचालक राजा रणजीत सिंह ने बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसी पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। कुछ लोगों द्वारा फैलाई गई अफवाह के कारण यह स्थिति पैदा हुई। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराकर व्यवस्थित कतार में खड़ा कराया। पुलिस की निगरानी में बाद में सिलेंडर वितरण शुरू कराया गया।

आरआरसी सेंटर का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता, कांठ

- कासमपुर में ग्रामीणों ने काम करने आए श्रमिकों को लौटाया

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम कासमपुर में प्रस्तावित आरआरसी सेंटर (स्वच्छ संसाधन केंद्र) के निर्माण का ग्रामीणों में विरोध देखने को मिला। शुक्रवार को निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे श्रमिकों को ग्रामीणों ने वापस लौटा दिया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर आरआरसी सेंटर को आबादी से बाहर अन्य स्थान पर बनाए जाने की मांग की है।

ग्राम कासमपुर में लगभग छह लाख रुपये की लागत से आरआरसी सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। यह केंद्र गांव की आबादी के बीच बनाए जाने की योजना है। शुक्रवार को जब निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए श्रमिक पहुंचे तो दर्जनों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और आबादी के बीच निर्माण कार्य को अनुचित बताते हुए श्रमिकों को वहां से भगा दिया।

सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी एवं भाजपा मंडल कांठ के शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही जिला अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा चुका है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र भेजकर ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान को आरआरसी सेंटर के लिए चिन्हित किया गया है, वहां स्कूली बच्चों के खेलने का मैदान, पानी की दो टंकियां, ग्राम पंचायत भवन तथा ग्राम अस्पताल हैं।

गांव के अशोक कुमार, हरि सिंह, महेंद्र कुमार, सुधीर कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में अधिकतर मुस्लिम आबादी है और यदि यहां मांस आदि के अवशेष डाले गए तो इससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो सकता है। साथ ही उन्होंने संक्रामक रोग फैलने की आशंका जताते हुए आरआरसी सेंटर को गांव से बाहर अन्य उपयुक्त स्थान पर बनाए जाने की मांग की है।

अब घर से कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में तेंदुए का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। पांच दिन पहले पांच वर्षीय मासूम पर हमला करने वाला तेंदुआ अब दिनदहाड़े गांव में घुसकर घर से कुत्ते को उठा ले गया। वन विभाग की कार्रवाई फिलहाल औपचारिक कॉम्बिंग तक ही सिमटी नजर आ रही है।

पांच दिन पहलेगांव निवासी रवि सैनी का पांच वर्षीय पुत्र मोक्ष सैनी घर के बाहर खेल रहा था। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां दौड़ी और हाथ में लाठी लेकर तेंदुए पर हमला कर दिया। मां की हिम्मत के आगे तेंदुआ पीछे हट गया और घायल बच्चे को छोड़कर भाग निकला।

शनिवार की शाम तेंदुए ने फिर अपनी मौजूदगी का अहसास करा दिया। गांव निवासी जयप्रकाश के घर में दिनदहाड़े तेंदुए ने कुत्ते को अपने जबड़ों में दबोच लिया और जंगल की ओर भाग गया। घरवालों और ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा भी किया, लेकिन वह जंगल में ओझल हो गया। सूचना मिलने पर वन दरोगा पीयूष जोशी, मदन सिंह अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ जंगल व आसपास के इलाकों में कॉम्बिंग अभियान चलाया, लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं लग सका।

दलपतपुर में तेंदुए की तलाश करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- तरफ दलपतपुर में दहशत, वन विभाग के कर्मियों ने की कॉम्बिंग

वन विभाग ने ग्रामीणों से सावधान रहने और बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ने की अपील की है।

मारपीट में चार घायल, रिपोर्ट दर्ज

मैनाठेर, अमृत विचार : जुमा की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे युवकों पर लोगों ने हमला कर दिया। चार युवक घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

शुक्रवार को रसूलपुर हमीर गांव के नजारूल, वसीम, जुनैद और मौ. कैफ मस्जिद से जुमा की नमाज पढ़कर बाहर निकल रहे थे। गेट के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोग अचानक निकल आए और गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड, लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से चारों युवकों को पीटा। हमले में नजारूल, वसीम, जुनैद और मौ. कैफ को चोटें आईं। जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावरों से पहले से रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 22 नामजद समेत पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

शामली–गोरखपुर राजमार्ग के लिए 21 गांवों की जमीन होगी अधिग्रहित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- जमीन की खरीद-फरोख्त व निर्माण पर लगी रोक

अमृत विचार : शामली–गोरखपुर राजमार्ग के निर्माण को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। प्रथम चरण में तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र के 21 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। संबंधित गांवों की जमीन पर खरीद-फरोख्त और नए निर्माण कार्यों पर फिलहाल रोक लगा दी गई है, ताकि अधिग्रहण प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रशासन ने प्रभावित गांवों की भूमि की स्थिति को यथावत रखने के निर्देश दिए हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधन मुरादाबाद के निर्देश पर जनपद के सभी उपनिबंधक अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है कि अधिग्रहण क्षेत्र में आने वाली जमीनों की रजिस्ट्री या किसी प्रकार के निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। प्रशासन का कहना है कि इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिग्रहण से पहले भूमि की स्थिति में कोई परिवर्तन न हो और बाद में मुआवजे से जुड़ी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जा सके।

प्रथम चरण में जिन 21 गांवों की भूमि अधिग्रहण के दायरे में आएगी, उनमें लालापुर पीपलसाना, रोशपुर पट्टी, मुस्करा, गांवड़ी, रोशपुर बहलीन, ख्वाजापुर, धनवला, खाईखेड़ा, सरकड़ा परमपुर माफी, बहादरपुर गंजू, शिवनगर, किशनपुर, गांवड़ी, पस्थियापुर पर्थर, बोबदवाला, निर्मलपुर, असलेमपुर, खुशनुपुर, फरीदपुर, इनायतनगर और गंगोड़ा आलम शामिल हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ व्यापार और आवागमन को भी गति मिलेगी। हालांकि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण में आएगी, उनमें मुआवजे और भूमि जाने को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अधिग्रहण की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी की जाएगी और प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। फिलहाल आदेश जारी होने के बाद संबंधित गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त और निर्माण कार्यों पर रोक लागू हो गई है।

स्कॉर्पियो ने बाइक रौंदी, तीन घायल

भोजपुर, अमृत विचार : शनिवार को मुरादाबाद ठाकुरद्वारा मार्ग पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने अपने गांव पीपलसाना से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों को रौंद डाला। पुलिस ने घायल बाइक सवार शादमान, मेहराज व यावर को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। शादमान व मेहराज की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव तेवर खास निवासी दानिश सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दानिश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस ने घायल दानिश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : कांठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमाल अख़्तर ने अपने कैंप कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनीं। दूर-दराज़ से आए लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राशन, पेंशन, आवास तथा अन्य जनहित से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं।

विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर कई समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए और शेष समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि जनता की सेवा उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव अब अधिक दूर नहीं हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं और गांव-गांव, घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों, विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान में आम जनता महंगाई, बेरोज़गारी और अव्यवस्था से परेशान है। रसोई गैस सिलेंडरों की कमी के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, कार्यालय प्रभारी अमजद अली, भूरे खान, शकलैन खान, अंजार चौधरी, मुजीब सईद, नवाब अली और डॉ दानिश अंसारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नागरिकों की समस्या सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

- कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा

बिना मंजूरी नुमाइश पर पुलिस ने लगाई रोक

नुमाइश में लगाने के लिए आया खेल तमाशों की सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : नगर पंचायत महमूदपुर माफी में अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बिना नुमाइश मेले को मैंनाठेर पुलिस ने रोक दिया। स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद पहुंची टीम ने ठेकेदार को कागजात मांगे, लेकिन वह कुछ नहीं दिखा सका।

दिसंबर में पहली बार आयोजित इस मेले को अब ईद से ठीक पहले दोहराने की कोशिश हो रही थी। शुक्रवार को चौकी इंचार्ज दीपक राणा की अगुवाई में पुलिस पहुंची। ठेकेदार के पास कोई वैध दस्तावेज न होने पर काम बंद करा सामान हटाने का अल्टीमेटम दे दिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलते ही कार्रवाई की गई है। अब आगे की कार्यवाही नियमों के मुताबिक होगी। थाना प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह ने बताया बिना अनुमति के कोई नुमाइश नहीं लगेगी।

दिनदहाड़े कुंडल झपटे पुलिस भीड़ संभालती रही

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर में शनिवार की सुबह बाइक सवार ने एक बुजुर्ग महिला के दानों कानों से सोने के कुंडल झपट लिए । पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस झपटमारों की तलाश कर रही है।

घटना भावना गैस एजेंसी के बाहर की है। आपूर्ति निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा एजेंसी को सील किए जाने के बाद शनिवार सुबह गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी मौजूद थी। काशीपुर चुंगी वार्ड नंबर-1 निवासी देशराज की पत्नी पन्वेश्चरी देवी दवाई लेने जा रही थी। वह एजेंसी के पास से गुजरी तभी एक युवक उनके पास पहुंचा और बड़ी मासूमियत से पूछा कि उनके कानों में पहने कुंडल सोने के हैं । पन्वेश्चरी ने जैसे ही हां कहा, वैसे ही युवक ने उनके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद आरोपी दोनों कानों से करीब आधा तोला सोने के कुंडल झपटकर फरार हो गया। पन्वेश्चरी देवी ने चीख-पुकार मचा दी। शोर सुनकर लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने झपटमारों की तलाश भी की, लेकिन वे फरार हो चुके थे। पूरी वारदात पास में स्थित पूर्व विधायक विजय यादव के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पन्वेश्चरी देवी।

न्यूज डायरी

18 को लगेगा सर्वाइकल कैंसर बचाव वैक्सीनेशन कैंप

कांठ, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को 18 मार्च को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि कैंप को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि 14 वर्ष की बालिकाएं अपने आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इस वैक्सीनेशन कैंप का लाभ अवश्य लें। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाव के उद्देश्य से लगाई जा रही है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सके।

बस में कपड़ा व इलेक्ट्रॉनिक सामान की टैक्स चोरी पकड़ी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : प्राइवेट बस में कपड़ा और इलेक्ट्रॉनिक सामान की टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। सेल टैक्स विभाग की टीम ने बस रोककर जांच की। बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बस संख्या यूपी 23 एटी 3142 दिल्ली से ठाकुरद्वारा, काशीपुर और जसपुर के व्यापारियों का लाखों रुपये का सामान लेकर आ रही थी। बताया जा रहा है कि यह सामान बिना टैक्स चुकाए बस के अंदर और छत पर लादकर लाया जा रहा था। गुरुवार देर रात करीब 12 बजे तिकोनिया चेक पोस्ट पर सेल टैक्स अधिकारियों ने बस को रोककर जांच की। जांच के बाद बस को रामूवाला गणेश स्थित एक ढाबे के सामने सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया, जहां देर रात तक व्यापारियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान कुछ व्यापारी निजी वाहनों से मौके के आसपास पहुंचते भी देखे गए। बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। देर रात करीब तीन बजे तक मामले को लेकर बातचीत और जांच की प्रक्रिया चलती रही। सेल टैक्स अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मथाना का वार्षिकोत्सव मनाया

कांठ, अमृत विचार : पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मथाना में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं कोसम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह ने कहा कि बच्चे पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करें।अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि समाजसेवी ऋषिपाल सिंह ने मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव, पुष्पेंद्र कुमार, रोहतास सिंह, राम बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अशोक वाला, सुमन, सीमा, सचिवालय मधुबाला, दिलीप सिंह, अशोक कुमार, रिहाना नसरीन, रचना सक्सेना, इंद्रावती, अनीता रानी, दीपा रानी, ममता कुमारी, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, चंद्रवीर सिंह, प्रीति अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, सरिता, योगेंद्र कुमार, विनोद कुमार और योगराज सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन अनीता रानी ने किया।

सीवीओ ने छजलैट ब्लॉक की गोशालाओं का किया निरीक्षण

कांठ, अमृत विचार : मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त ने शनिवार को छजलैट ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। सादकपुर खिचड़ी स्थित गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से मांग की कि बीमार और गर्भवती गौवंश के लिए अलग से कैटल शेड की व्यवस्था तो है, लेकिन छोटे बछड़ों के लिए भी एक अलग कैटल शेड बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा रायपुर खुर्द की गौशाला में दो अतिरिक्त कैटल शेड बनाने की मांग की गई, ताकि गर्भवती, बीमार और छोटे बछड़ों को अलग-अलग सुरक्षित रखा जा सके। गौशाला में स्वच्छ पानी और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई तथा सभी गौवंश स्वस्थ मिले। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य गोयल, पशुधन प्रसार अधिकारी बाबूराम सिंह और ब्लॉक केयरटेकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे कूड़े के ढेर

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत कांठ में कई स्थानों परकूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नगरवासियों का कहना है कि नियमित सफाई न होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांठ-धामपुर मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने अक्सर कूड़े का ढेर लगा रहता है। इस स्थान से प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं और बैंक शाखा में आने वाले लोगों को भी गंदगी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से शीघ्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि नगर को गंदगी से मुक्ति मिल सके।

इफ्तार	सहरी
15 मार्च	16 मार्च
सुन्नी: 06.27	सुन्नी: 04.52
शिया: 06.35	शिया: 04.53

सिटी ब्रीफ

जेल से रिहा होने के बाद दबंगई, दो पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में जेल से छूटकर आए युवक द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धुरियाई गांव निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्यारह मार्च की सुबह करीब 8:30 बजे वह किसी काम से शाहबाद आ रहा था। जैसे ही वह धुरियाई मार्ग से शाहबाद रोड पर पहुंचा, तभी गांव चकरपुर कदीम निवासी रंजीत और संजीव ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि आरोपी हाल ही में जेल से छूटकर आए हैं और गांव में लोगों को इकट्ठा कर खुशी मनाते हुए आतिशबाजी की थी। इसके बाद से ही वह दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

त्योहारों पर न डालें कोई नई परंपरा

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार को आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए खजुरिया थाने में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। प्रशासन किसी भी नए प्रयोग की अनुमति नहीं देगा, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो। बैठक में सीओ ने आश्वासन दिया कि प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। क्षेत्र हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। बैठक में थानाध्यक्ष पंकज पंत समेत आदि संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

इस्लाम की तालीम पर अमल करें मुसलमान

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : शुक्रवार की रात नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हुआ। कारी अफरोज आलम ने सुनाया और सामां के फराइज अनीस अहमद ने अदा किए। नमाजियों ने कारी और सामां की गुलपोशी की। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम कारी अफरोज आलम ने कहा कि अल्लाह ने रमजान के मुकद्दस महीने में कुरआन नाजिल किया है। इसकी तिलावत करने और इसे सुनने वाले, दोनों को बराबर सवाब मिलता है।

कुरान मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को लाइटों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मौलाना ने मुसलमानों को हिदायत दी कि वे बुराइयों से तौबा करें और इस्लाम की तालीमात पर अमल कर एक अच्छा इंसान बनें। कहा कि अल्लाह ने हम पर रोजा और नमाज फर्ज किया है। बिना किसी ठोस वजह के इन्हें कजा न करें, वरना अल्लाह नाराज होता है। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर कमेटी सदर मुमताज खां, साजिद खां, वसीम खां, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद हसन खां, जहांगीर खां, शकील खां, जुनैद खां, अजमिल, वाहिद मियां, हारून खां आदि मौजूद रहे।

जामा मस्जिद में तकरीर करते मस्जिद के इमाम कारी अफरोज आलम।

- बिलासपुर की जामा मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरान मजीद

शहर की जामा मस्जिद में तरावीह के दौरा कुरान मुकम्मल

रमजान में अदा नमाज का मिलता है 70 गुना सवाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर की जामा मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां ने रोजाना तरावीह की नमाज में सवा पारा सुनाया। जबकि मौलवी मोबीन शाह खां ने सामां के फराइज अंजाम दिए। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपाशी की गई।

तकरीर में मौलवी फैजान खां ने कहा कि माहे रमजान इबादत का महीना है। इस महीने शैतान को कैद कर लिया जाता है। इस महीने में की गई इबादत का अल्लाह 70 गुना सवाब देता है। इस महीने में अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में लगाएं। रमजानुल मुबारक का आखिरी अशरा है और लोग ऐतकाफ में इबादत के लिए बैठे हैं। ऐतकाफ में बैठे लोगों को दुनियादारी से कोई मतलब नहीं होना चाहिए। कुरआन मजीद पढ़ें और नमाज अदा करें। तरावीह की नमाज के दौरान हर रोज कुरान की तफसीर हुई। कुरान मुकम्मल होने पर कुरान की तिलावत, नात हम्द हुई और हाफिजों की गुलपोशी की गई। इस मौके पर मौलवी नासिर खां, मुकर्रम रजा इनायती, मामून शाह खां समेत काफी लोग मौजूद रहे।

कुरान मजीद मुकम्मल होने पर की गई कारी और सामां की गुलपोशी। ● अमृत विचार

मस्जिद बिलाल में कुरान मजीद मुकम्मल

मसवासी, अमृत विचार : बिजारखाता की बिलाल मस्जिद में 24वीं तरावीह मे शुक्रवार की रात कुरान मजीद की तिलावत मुकम्मल हो गई। इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया और कुराने पाक की तिलावत कारी नोमान ने की जबकि, सामां के फराइज मोहम्मद अब्बास ने अंजाम दिए। नमाजियों ने कारी और सामां की गुलपोशी की। उलमा ने कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है। जलसे की सदारत मौलाना अली अहमद ने की। मौलाना रहीस ने मुल्को मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मोहम्मद इरफान, मौलाना मोहम्मद अनीस कासमी, मौलाना रहीस अहमद, मस्जिद बिलाल के इमाम इदरीस अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

11 केंद्रों पर दो पालियों में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

पहले दिन 1607 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, डीआईजी, डीएम और एसपी ने लिया केंद्रों का जायजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में 11 केंद्रों पर हुई उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा से 1607 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दो पालियों में हुई परीक्षा में कोई नकलची या मुन्ना भाई नहीं पकड़ा गया। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक जबकि, दूसरी पाली अपराह्न 3 से 5 बजे तक हुई। परीक्षा के दौरान डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों के लिए 2640 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। शनिवार को पहली पाली में 2640 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 849 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 859 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2640 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1892 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 748 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर फायर ब्रिगेड के वाहन सहित पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। निरीक्षण के दौरान परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज के निकट फायर ब्रिगेड के वाहन भी तैनात थे। कंट्रोल रूम में अधिकारी केंद्रों पर नजर जमाए रहे। डीएम, डीआईजी और एसपी ने कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की कार्य प्रणाली को देखा। परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा के दौरान कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा रविवार को भी इन्हीं केंद्रों पर होगी।

परीक्षा देकर केंद्र से निकलतीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

डीआईजी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

डीआईजी मुनिराज ने शनिवार को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने सबसे पहले आश्रम पद्धति विद्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों की जांच प्रक्रिया और तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी संपन्न होनी चाहिए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता से करें। थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर ओंकार सिंह भी मौजूद रहे।

दरोगा भर्ती की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई। पेपर में सामान्य ज्ञान के प्रश्न अधिक पूछे गए थे सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिए हैं। उम्मीद है परीक्षा में पास हो जाएंगे। - नरेंद्र कुमार

परीक्षा के लिए पिछले करीब 6 माह से तैयारी कर रहे थे पेपर भी अच्छा हुआ है। लेकिन, धुकधुकी बनी हुई है कि किन्हीं कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा निरस्त नहीं हो जाए। - निशा कठारिया

परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हुई। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ भी हेल्प फुल था। जिसको जिस कक्ष में पहुंचना था उसे सही दिशा बताई गई। - अरविंद कुमार

परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को कोई परेशानी नहीं हुई। प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की थी। पेपर भी अच्छा हुआ है। - वीपी श्रीवास्तव

तीन बिजली घरों में दो से चार घंटे के लिए बाधित रहेगी आपूर्ति

बिलासपुर, अमृत विचार : विद्युत लाइनों के बीच पेड़ों की छटाई कार्य के दौरान 15 मार्च को क्षेत्र के तीन बिजली घरों से संबंधित फीडरों में दो, तीन तथा चार घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी।

अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि 15 मार्च को 33/11 केवीए उपकेन्द्र गोविन्दपुरा में लाइनों के बीच पेड़ों की छटाई की जाएगी। जिसके चलते पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक चार घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी। जबकि नगर टाउन वन के 11 केवीए पोषक टाउन टू का लाईन शिफ्टिंग के कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से दोपहर 1 से अपराह्न 3 बजे तक दो घंटे के लिए आपूर्ति बंद रहेगी। 33/11 केवीए उपकेन्द्र खौंदलपुर में पोषक विशारतनगर में लाइनों के बीच पेड़ों की छटाई होगी। जिसके चलते पूर्वाह्न 11 से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि काम होने के बाद आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

अटरिया मोड़ से रेलवे क्रॉसिंग तक बांध जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि अटरिया मोड़ से रेलवे क्रॉसिंग तक मुख्य सड़क से एक किलोमीटर दूर नया बांध निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। दिक्कत को लेकर व्यापारी नेता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भी भेजा है।

जिला अस्पताल रोड तिलक कॉलोनी स्थित कार्यालय पर शनिवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नया बांध नहीं बनाए जाने से ग्राम घाटमपुर की जनता, स्वर्ग धाम, कोसी मंदिर, रामलीला ग्राउंड, सरस्वती इंटर कॉलेज, तमाम बैंकट हॉल, चंपा कुमारी वेंकट हॉल व धर्मशाला, श्री हरि इंटर कॉलेज तक आने में लोगों को परेशानी होती है।

बांध नहीं होने से बाई पास रोड, गांधी समाधि के आसपास की आबादी परेशान हो रही हैं।

शहर की प्रगति एवं विस्तारीकरण के लिए सड़क से लगभग 1 किलोमीटर दूर अब नया बांध निर्माण कराया जाना अति आवश्यक हो गया है।

इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, दिलशाद हुसैन, संकेत अग्रवाल, नवाब खां, रफी खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

बैठक में बोलते उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी।

- तिलक कॉलोनी स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में बोले व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष

तेज गति से न चलाएं वाहन

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: विद्या भारती के विद्यालय जन शिक्षा समिति पश्चिम द्वारा संचालित ग्रामीण शिक्षा अंतर्गत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में वंदना सभा के पश्चात शनिवार को हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की शपथ दिलाई।

प्रधानाचार्य ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण होने के कारण सड़क के दोनों तरफ गहरे गड्ढे खोदे हुए हैं इसलिए सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। कहा कि तेज गति से वाहन न चलाएं और यातायात के नियमों का पालन करें। बाइक चलाते समय हेलमेट लगाएं और कार में चलते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशा एवं नींद में गाड़ी बिल्कुल नहीं चलाएं। तीव्र मोड़ पर गाड़ी धीमी चलाएं। कार्यक्रम में नरोत्तम मोर्य, बृज किशोर, उमेश कुमार, संजय सिंह, गौरव कुमार, नीरज सिंह, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, विजेंद्र सिंह, राधा शर्मा, सुनीता मौर्य आदि मौजूद रहे।

- छात्र-छात्राओं को दिलाई यातायात के नियमों की शपथ

यातायात नियमों की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र। ● अमृत विचार

ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुन भक्त मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हरे राम हरे कृष्ण निष्काम अखंड संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में ठाकुरद्वारा मुनीश्वर दत्त जी मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य परम पूज्य श्री गोविंदाचार्य जी महाराज ने भक्तों को ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन सुनाया।

महाराज जी ने कहा कि बालक ध्रुव राजा उत्तानपाद के पुत्र थे और उनकी माता का नाम सुनीति था। एक दिन जब ध्रुव राजा उत्तानपाद की गोद में जाकर बैठ गए, तब उनकी सौतेली माता सुरुचि जिनसे राजा अत्यधिक प्रेम करते थे और जिनका पुत्र उत्तम था ने ध्रुव को राजा की गोद से उतार दिया। सुरुचि ने कटु वचन कहते हुए कहा कि राजा की गोद में बैठने का सौभाग्य तुम्हें तभी प्राप्त होगा, जब तुम मेरी कोख से जन्म लोगे। इसके लिए तुम्हें तपस्या करनी होगी। माता सुनीति के संस्कारों के कारण, ध्रुव ने मधुवन के जंगल में जाकर कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान प्रकट हुए और ध्रुव को गोद में स्थान दिया। महाराज ने संदेश दिया कि अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव ने ईश्वर को प्राप्त किया। आज भी ध्रुव को ध्रुव तारा के रूप में पूजा जाता है। इसके पश्चात, महाराज जी ने राम जन्म, उनकी लीलाओं, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, वनवास, भरत चरित्र और केवट संवाद का वर्णन करते हुए कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है तब भगवान अवतार लेते हैं। राम ने रावण के वध के लिए और कृष्ण ने कंस के संहार के लिए अवतार लिया। कृष्ण जन्म के प्रसंग पर बधाई गाई गई। कथा के मुख्य यजमान श्याम अग्रवाल एवं राकेश रस्तोगी ने सपरिवार भागवत एवं व्यास जी का पूजन किया।

मुनीश्वर दत्त जी मंदिर में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन में श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

समाधान मिला

न्याय वाटिका में जिला जज ने दीप प्रज्ज्वलित कर की शुरुआत

राष्ट्रीय लोक अदालत में 96,526 मामले निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को 96526 मामलों का निस्तारण हुआ। इससे पहले जिला जज भानु देव शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर अदालत की शुरुआत की। बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों के ऋण वसूली के प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 802 वादों का निस्तारण कर 11,17,18141 रुपयों का भुगतान कराया।

अदालत में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार यादव ने 41 मोटर एक्सीडेंट के वादों का निस्तारण कर मृतकों और घायलों के आश्रितों को 3,71,33000 रुपये दिलाए। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित ने दो वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 500 रुपये प्राप्त किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने 1 वाद का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 1000 प्राप्त किये। विशेष न्यायाधीश छवि अस्थाना ने 6 वादों का निस्तारण कर अर्थदण्ड के रूप में 2300 रुपये प्राप्त किए। विशेष न्यायाधीश इंद्रप्रकाश ने 822 वादों का निस्तारण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह ने 2 वाद का निस्तारण कर अर्थदण्ड के रूप में 1500 प्राप्त किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैलाश कुमार ने 1 वाद का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमिता ने 3385 वादों का निस्तारण कर अर्थदण्ड के रूप में 615450 रुपये प्राप्त किए। सिविल जज प्रवर वर्ग अमरीश त्रिपाठी ने 33 सिविल के वादों का निस्तारण किया। प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरीष कुमार श्रीवास्तव ने 1050 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर 7227 रुपये प्राप्त किए। अपर सिविल जज प्रवर वर्ग शोभित बंसल ने 412 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदण्ड के रूप में 3100 रुपये प्राप्त किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह ने 2 एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण कर 130000 रुपये प्राप्त किए। इसके अलावा 700 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। सिविल जज अवर वर्ग प्रज्ञा पाराशर ने 23 वादों का निस्तारण किया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय स्वार प्रवीण कुमार सिंह ने 231 वादों का निस्तारण किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट रणंजय सिंह ने 457 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। सिविल जज अवर वर्ग प्रियंका सरन ने 216 वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश कुमार वर्मा ने 20 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। कुल 96526 मामलों का निस्तारण किया गया। शुभारंभ मौके पर अशोक कुमार यादव पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, अरविन्द कुमार प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अजय कुमार दीक्षित, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, संदीप सिंह, आदि मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते जिला जज भानु देव शर्मा।

पति पत्नी के बीच सुलह समझौता कराने के बाद मौजूद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

इन विभागों के मामले भी सुलझे

इसके अलावा कलेक्ट्रेट न्यायालयों, कैनाल मजिस्ट्रेट, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, एआरटीओ, श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत निगम, उपभोक्ता फोरम, कृषि विभाग, जिला पंचायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर निकाय, जिला ग्रामोद्योग एवं पुलिस विभाग के विभिन्न प्रकार के 88202 मामलों एवं 11 पारिवारिक प्री-लिटिगेशन वाद एवं दीवानी न्यायालयों से 7511 वादों का निस्तारण किया गया।

18 मामलों में पति-पत्नी के बीच हुआ राजीनामा

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार ने 18 वैवाहिक मामलों के अलावा 125 सीआरपीसी समेत अन्य धाराओं के 71 मामलों का निपटारा किया। पति पत्नी का आपसी सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण हुआ। 10 मामले ऐसे भी आए जिनमें शादियां लगभग टूटने के कगार पर थीं। लेकिन प्रधान न्यायाधीश के प्रयास से दसों जोड़े पुन :एक साथ रहने को राजी हो गए। जिला न्यायाधीश भानु देव शर्मा समेत अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में राजीनामा कराया गया इसके बाद पति पत्नी के गले में पुष्प मालाएं डालकर न्यायाधीशों ने उनके साथ फोटो खिंचाई।

गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़े

शाहबाद में किसानों की पंचायत में बोलते भाकियू युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव।

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: भाकियू की पंचायत में युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि किसानों को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। इसके लिए जिले में गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि सभी किसानों का गेहूं आसानी से तौला जा सके।

क्षेत्र में आवारा पशुओं और बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिससे किसानों की फसलों का लगातार नुकसान हो रहा है। प्रशासन इन्हें पकड़वाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। पंचायत में चौधरी सुनील कुमार सिंह, रंजीत, खुशीराम, चौधरी सुंदरपाल सिंह, विकास यादव, गुफरान खान, लालाराम यादव, किशन लाल सिंह, दिवाकर, ढोलक यादव, शंकर सिंह लोधी, प्रेम सिंह सागर, नवल किशोर, बन्नू सिंह यादव, राजू यादव, नन्नू सिंह यादव, सोनू यादव, महेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, मोनू सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे।

- भाकियू की पंचायत में किसानों ने उठाई कई समस्याएं

गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में आप का प्रदर्शन

नाले के पानी से चूल्हा जलाने का किया प्रयास, महिलाओं ने चूल्हे में उपले जलाकर बनाईं रोटियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गैस की बढ़ी कीमतों के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मोदी मंत्र के तहत नाले के पानी में पाइप डालकर गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया। महिलाओं ने लोहे के चूल्हे में उपले जलाकर रोटियां बनाईं। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि बढ़ती महंगाई के खिलाफ पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाती रहेगी।

आप कार्यकर्ता शनिवार को बरेली गेट स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदेश प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने चूल्हे में उपले जलाकर रोटी पकाई जबकि, पदाधिकारियों ने नाले के पानी से गैस बनाने के मंत्र का इस्तेमाल कर बरेली गेट स्थित नाले में पाइप डालकर गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया लेकिन, यह प्रयास विफल रहा। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि वर्तमान समय में देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है। घरेलू गैस के दामों में 60 और कमिर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 120 रुपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर रोजी राटी का संकट खड़ा हो गया है।

इस दौरान यासीन उर्फ गुड्डू खां, सभासद सरफ़राज़ गुडडू, आरिफ सिकंदर राजू, मोहम्मद आसिफ, वकील अहमद, मोहम्मद तारिक, शारिक परवेज, मोहम्मद वकील, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, नियाज अहमद, बशीर अहमद, इकबाल हुसैन, इमरान, शिराज अहमद, मुन्ने अली, मोहम्मद सलीम, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद, सलीम अहमद, जावेद हबीब, फायजा बी, महबूब जहां, आलमगीर, अल्तमश, अलमास ऋषि पाल, मुकेश यादव, भीम सिंह, इंद्रमणि, महेश सैनी आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

नाले में पानी डालकर चूल्हा जलाने का प्रयास करते प्रदेश प्रवक्ता एवं अन्य।

दामों में वृद्धि को तत्काल वापस लें

जिलाध्यक्ष अंसार अहमद ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू की जाए। महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करे।

पंचायत में गूंजा गैस एजेंसियों की मनमानी का मुद्दा

रामपुर, अमृत विचार : भाकियू अंबावता की पंचायत शनिवार को आगापुर में हुई। जिसमें गैस की कालाबाजारी एवं गैस एजेंसियों के मालिकों की मनमानी, लोगों से बदसुलूकी एवं ज्यादा रेट में गैस देने के मुद्दे गूंजे। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि गैस, डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नहीं है किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। गैस की कमी दिखाकर सिलेंडर के ज्यादा दाम वसूले जा रहे हैं। कहा कि गैस स्टॉक न करें। 16 मार्च को डीएम से मिलकर शिकायत की जाएगी। जरूरत पड़ने पर गैस एजेंसी के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों पर नजर रखें ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिकदर ने जबकि, संचालन हड़ताल सिंह यादव ने किया। पंचायत में मुकेश कुमार, रजनीश परितोष कुमार, श्याम मोहन पांडे, राजीव कुमार, शराफत खान, गुरमेल सिंह, मोहम्मद हनीफ उर्फ मुल्लाजी, शकील अहमद, महबूब अली, शाकिर अली, मुराद खान, महेंद्र सागर, सूरज सागर, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

कई हिस्सों से आ रहे चिंताजनक आंकड़े

देश के कई हिस्सों से चिंताजनक आंकड़े सामने आ रहे हैं। मुंबई में लगभग 20 प्रतिशत होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं और लगभग 50 प्रतिशत तक बंद होने की आशंका जताई जा रही है। तमिलनाडु में लगभग 10 हजार होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं, जबकि पंजाब और दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में हजारों छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे है ।

कचहरी में लेखपाल के साथ मारपीट मामले में केस दर्ज

रामपुर अमृत विचार : तहसील शाहबाद में तैनात लेखपाल राजकुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 मार्च को ग्राम विचपुरी शुक्ल की गाटा संख्या 53 स्थित तालाब की भूमि से पूर्व में अवैध कब्जा हटाया गया था।

इसी प्रकरण में डाली गई धारा 173 बीएनएसएस की कार्रवाई के संबंध में वह राजस्व निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों के साथ कचहरी परिसर पहुंचे थे। आरोप है कि तहसील परिसर में पहले से घात लगाए बैठे उमेश दास उर्फ महेश पाल महंत और संजू देवी ने उन्हें देखते ही पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से बचकर वहां से निकल पाए। पीड़ित लेखपाल का आरोप है कि दोनों दबंग किस्म के लोग हैं और उनके खिलाफ पहले से भी हत्या के मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन हैं। घटना के दौरान सरकारी कार्य में बाधा भी डाली गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ

राजमिस्त्री के घर से हजारों की चोरी

दढ़ियाल, अमृत विचार : नगर के एक मोहल्ले निवासी खुर्शीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार भोर किसी समय चोर उनके घर में किवाड़ खोलकर घुसा। घर से 4500 रुपये निकाले। घर में ही स्थित परचून की दुकान से गल्ला खोल 1800 रुपये चुरा लिए। खुर्शीद ने समझा की पत्नी किसी को दुकान से सामान दे रही है लेकिन जब दरवाजा बंद करने की आवाज आई, तो उसने बाहर निकलकर देखा। एक लड़का भागता हुआ दिखाई दिया। भांजे ने शोर मचाते हुए उसका पीछा किया, लेकिन वह शब्बू खां के मकान के आगे गलियों में भाग गया। लगभग 15 दिन पहले भी उनके घर में चोरी हुई थी। खुर्शीद ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

शाहबाद, अमृत विचार : शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मड़ैयान गौर निवासी तौफीक किसी काम से रामपुर गए हुए थे। शनिवार देर शाम वह बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान रामगंगा पुल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तौफीक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कर्मचारी को सरिया से पीटकर किया घायल

संवाददाता, बिलासपुर

● काम छोड़ने के बाद से दुकान मालिक रखने लगा था रंजिश

अमृत विचार : एक दुकानदार ने अपने पूर्व कर्मचारी को सरिये से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर अधमरा कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

नगर की गुरुनानक कॉलोनी निवासी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि उनके छोटे भाई अरुण श्रीवास्तव मोहल्ला कायस्थान में रहते हैं। वह माटखेड़ा रोड स्थित एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर काम करते थे, लेकिन होली से कुछ दिन पहले उन्होंने काम छोड़ दिया था। काम छोड़ने के बाद से दुकान मालिक अरुण से रंजिश रखने लगा था। वह कभी फोन पर, तो कभी घर आकर परिजनों के सामने गाली-गलौज करता था और काम पर वापस न आने पर देख लेने की धमकियां भी देता था। शुक्रवार देर शाम दुकान मालिक अरुण के घर पहुंचा और उसे दुकान पर आकर बात करने को कहा। जब वह दुकान पर पहुंचा, तो दुकानदार ने सरिये से हमला कर घायल कर दिया। भाई को बचाने प्रमोद पहुंचे, तो उन्हें भी पीटा। बाद में घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि घायल का उपचार और चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

महिला से रेप का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : रुद्रपुर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 7 मार्च की शाम पति से अनबन होने के बाद वह मायके के लिए निकली थी। रास्ते में एक महिला ने उसे ऑटो में बैठा दिया था और चालक से उसे चीनी मिल के पास छोड़ने को कहा था।

चालक उसे चीनी मिल छोड़ने के बजाय बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया था। जहां टेंपो चालक ने जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसी रात उसे चीनी मिल के पास छोड़कर फरार हो गया था। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए बयानों के आधार पर आरोपी की पहचान धीरज पाल के रूप में की गई। जिसे नैनीताल हाईवे से गिरफ्तार किया है।

जेसीबी चालक आत्महत्या में पत्नी, सास सहित तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक जेसीबी चालक की आत्महत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मृतक की पत्नी, सास और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में शहजादनगर क्षेत्र के चमरपुरा गांव निवासी देवेंद्र सिंह जेसीबी चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। सिविल लांइस थाना पुलिस ने बताया मृतक के परिजनों की तहरीर पर मृतक की पत्नी दुर्गेश, उसकी सास पूरनदेई और एक अन्य व्यक्ति राशिद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक को किन कारणों से आत्महत्या के लिए उकसाया गया, पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

होली गीत गाए, एक दूसरे को लगाया गुलाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पर्वतीय जन चेतना समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह शनिवार को सीआरपीएफ कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने होली के गीत गाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगाया और फूलों की होली खेली। उत्तराखंड का प्रसिद्ध गीत मेरा रंगीला देवर गाकर खूब तालियां बटोरीं।

सांस्कृतिक मंत्री रोहित कुकरेती, मंजू बिष्ट, दीपाली पांडे, चंद्र आर्य, पूजा नेगी, खुशी नेगी, आशा जोशी, रेखा पांडे, लता जोशी, मोहिनी बहुगुणा ने होली के गीत गाकर धूम मचा दी। शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना को पहाड़ी पिछोड़ा पहनाकर उत्तराखंड की बहू का खिताब दिया गया। गुंजन सक्सेना ने कहा कि यह सम्मान पाकर खुद को पहाड़ी महसूस कर रही हूं। समिति के अध्यक्ष दीपचंद जोशी, हरिदत्त शर्मा, हेमचंद्र पांडे, डीके बहुगुणा, एमएस रावत, किशन सिंह बिष्ट, रोहित जोशी, आशा जोशी, प्रेम सिंह बोहरा, सीआरपीएफ की डिप्टी कमांडेंट सौरभ राजपूत, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर अनु तोमर, संजय शर्मा, संजय शर्मा, गोविंद सिंह जानी, नंदराम आर्य, महेश गठौड़ी, मोहन चंद पांडे, भुवन चंद्र, विजय राठौड़, सचिन, कुलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन रोहित कुकरेती ने किया।

होली गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● सीआरपीएफ कॉलोनी में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

पशु व्यापारी से मारपीट करने का विरोध करने पर फायरिंग, सात पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में पशु व्यापारी पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना थाना क्षेत्र के खंडिया चौराहे की है। थाना गंज के काशीपुर गांव निवासी बाबर पशु व्यापार का काम करता है। शनिवार को पशु व्यापारी जानवर खरीदने बिलासपुर की बाजार जा रहा था। उसके साथ बाइक पर भाई भी बैठा था। बताते हैं जैसे ही वह थाना क्षेत्र के खंडिया चौराहे के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन्हें रोक लिया और पशु व्यापारी से मारपीट शुरू कर दी। भाई ने बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। इस दौरान आसपास के ग्रामीण बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। दिनदहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। आरोपी पशु व्यापारी को लहूलुहान कर मौके से भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल व्यापारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने काशीपुर निवासी हमजा, नौशाद, हनीफ, मुनीर, अफान, राफिया बादशाह, अरफान, और कुछ व्यक्ति अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

मामूली कहासुनी में युवक से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : गांव निवासी अमित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह खेत से अपने घर वापस लौट रहा था। रास्ते में अचानक उसकी आंख में मच्छर गिर गया। जिससे उसकी साइकिल फिसलकर गिर गई। उसी समय वहां बैठे गांव के ही वीरेंद्र, राजीव और खमानी ने उसे गालियां देना शुरू कर दीं। आरोप है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो खमानी ने अपने लड़कों को बुला लिया और सभी ने मिलकर उसे लात-घूंसों व डंडों से मारना शुरू कर दिया। अमित किसी तरह वहां से जान बचाकर घर पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने सीएचसी में देखीं व्यवस्थाएं

बिलासपुर के सीएचसी का निरीक्षण कायाकल्प की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

शनिवार को अमरोहा जिला चिकित्सालय के ईएमओ डॉ. मो. इकबाल अली और संभल जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार मोहम्मद याकूब अली के नेतृत्व में टीम सीएचसी पहुंची। टीम ने चिकित्साधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी के साथ इमरजेंसी, जनरल, प्रसव, औषधि समेत आदि सभी वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षकों ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया और मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए सुझाव दिए। इस दौरान डॉ. माणिक अग्रवाल, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. तारिक अली, डॉ. संत आदि रहे।

प्रदूषण फैला रही फैक्ट्रियों के खिलाफ होगा आंदोलन

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने भाकियू संघर्ष मोर्चा का मो.आलिम को जिलाध्यक्ष जबकि जुबैर अहमद सैफी को जिलाध्यक्ष युवा जिलाध्यक्ष बनाया है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ आंदोलन होगा। फैक्ट्रियों के प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

ग्राम अहमदनगर स्थित भाकियू कार्यालय पर हुई पंचायत में युवा जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी ने कहा कि एक फैक्ट्री टायर जलाकर जहरीला धुआं फैला रही है। जिससे लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि जिला प्रशासन ने इन समस्याओं पर तुरंत ध्यान नहीं दिया, तो यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। पंचायत में जुबैर अहमद सैफी, विनोद कुमार, रफीक अहमद, यासीन, सिकंदर, यामीन, फैजन, बाबूराम आदि मौजूद रहे।

पीपली वन में अवैध कटान की जांच की मांग

मसवासी, अमृत विचार: पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमदजान ने डीएम को पत्र भेजकर शिकायत की है कि तस्कर पीपली वन क्षेत्र संरक्षित करने के बजाय उजाड़ने में लगे हैं। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने बताया कि पीपली वन में खाली पड़े वन क्षेत्र में पौधारोपण भी नहीं किया जा रहा है और इमारती लकड़ी को अवैध रूप से काटा जा रहा है। जिससे वन संपदा समाप्ति की ओर है। इसमें कई विभाग के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। वन विभाग के अफसरों से शिकायत की लेकिन शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया है। बाइको और साइकिलों से लकड़ी टालों तक पहुंचाई जा रही है।

तेज रफ्तार डंपर दुकानों में घुसा, क्षतिग्रस्त

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: तेजगति से आ रहा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकानों से जा टकराया। गनीमत रही कि हादसे के समय दुकानों के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जिससे हादसा टल गया। इस घटना में कई दुकानों को नुकसान पहुंचा है।

शुक्रवार रात लगभग नौ बजे रामपुर रोड पर तेज गति से आ रहा एक डंपर अचानक अनियंत्रित हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक डंपर जैसे ही समोदिया निवासी मुन्ने की दुकानों के पास पहुंचा कि चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे सड़क किनारे बनी दुकानों की ओर मुड़ गया और दुकानों की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास रहने वाले लोग सहम गए। समोदिया निवासी जाहिद की दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि स्वार रोड पर रात के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार आम बात हो गई है। कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। दोनों पक्षो में समझौते के प्रयास किये जा रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों की गति सीमा तय की जाए।

हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मिलक, अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार रात मौत हो गई। क्षेत्र के ज्योराह गांव निवासी रोहित(25) दिल्ली में कपड़े सिलने का काम करते थे। हाल ही में वह गांव आया हुआ था। सोमवार दोपहर वह मिलक से गांव लौट रहा था। इसी दौरान तिराहा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन ने घायल को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी और उनकी पत्नी ने छह माह पूर्व ही पुत्री को जन्म दिया था। शुक्रवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा जहां अंतिम संस्कार किया गया। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

न्यूज डायरी

थाना समाधान दिवस में आईं दो शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

शाहबाद, अमृत विचार : शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गईं। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि दूसरी शिकायत को जांच और समाधान के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। कोतवाली प्रभारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस दौरान हेड मोहर्रिर दिलशाद खां, राजस्व निरीक्षक और क्षेत्र के लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को भेजी चिट्ठी

रामपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में शनिवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया। इसके अंतर्गत मांगों से संबंधित पोस्टकार्ड लिखकर डाकघर के लेटर बॉक्स में डाले। 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए एक ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि जिस समय उनकी नियुक्ति हुई थी, उसी समय के नियम उनके ऊपर लागू होने चाहिए। इसी के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 15 मार्च तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश तथा मुख्यमंत्री को शिक्षकों की ओर से ई-मेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं। महासंघ के सह संयोजक डॉ. अहसान खान ने बताया कि रविवार को अभियान के प्रथम चरण का अंतिम दिन है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में फौजिया प्रथम

रामपुर, अमृत विचार : केमरी रोड स्थित कंपोजिट विद्यालय में शनिवार को आरोग्य चेतना मंच की ओर से दया पांडे स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। जिसमें मुहावरे, लोकोत्ति, दोहे विलोम, मानार्थक शब्द और उनके प्रयोग पर स्कूल के क्लास 6 से आठ तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में फौजिया फातिमा प्रथम, आरिब ने द्वितीय अदीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेताओं को प्रधानाचार्य तबस्सुम बी, सुनील गुप्ता, नेहा गुप्ता, पूनम गुप्ता ने पुरस्कार वितरित किए। संस्था के संरक्षक अचल राज पांडे ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया और वर्तमान परिवेश में हमारी क्या प्राथमिकताएं हो विषय पर चर्चा की। ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न प्रकार के वस्त्र आदि भी प्रदान दिए गए। मंच की संयोजिका पूनम गुप्ता ने आभार जताया। कार्यक्रम में मंजू सिंह, इंद्रजीत कौर, भावना देवी, मुसर्रत जहां, प्रियंका और स्वाति शर्मा आदि मौजूद रहे।

सवर्ण समाज के लोग एक पार्टी के कार्यक्रमों में नहीं लेंगे हिस्सा

दढ़ियाल, अमृत विचार : नगर में सवर्ण समाज के लोगों ने एक पार्टी कार्यक्रमों का विरोध करने का ऐलान किया है। समाज ने कहा कि वह क्षेत्र में होने वाले एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। यह बैठक विनोद कुमार चौहान के आफिस पर हुई। स्वर्ण समाज ने पार्टी पर उनके साथ अत्याचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सवर्ण समाज को खत्म करने की साजिश रच रही है। कहा कि जब तक आरक्षण, एससी-एसटी एक्ट और यूजीसी जैसे कानून खत्म नहीं होंगे, तब तक पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इस दौरान चरण सिंह चौहान, विनोद चौहान, अशोक कुमार चौहान, होराम सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में शाहरुख ने कहा है कि शुक्रवार को करीब दोपहर ढाई बजे उसका भाई नसीम नमाज पढ़कर गांव में कब्रिस्तान की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव के गुलाम मोहम्मद, जुल्फेकार, आफताब, मुम्तयाज ने नसीम को गालीयां दीं और लाठी डन्डों से मारा पीटा। उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी बलवंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री राखी ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव अल्लीपुर मिलक निवासी सत्येंद्र से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति और उसके परिजन पांच लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग 10 मार्च की सुबह सत्येंद्र ने राखी की हत्या कर दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने राखी का शव चारपाई के नीचे पड़ा पाया उसके शरीर पर चोट के निशान थे और गले में कपड़े का फंदा भी कसा हुआ था। पुलिस को दी तहरीर के आधार पर आरोपी पति सतेंद्र और बबीता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपी पति सतेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सचिव के साथ अभद्रता पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी के आवास की जियोटैग कराने गए ग्राम पंचायत सचिव के साथ अभद्रता करने व सरकारी अभिलेख फाड़ने में किसान व उसके दो बेटे के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। राजपाल सिंह क्षेत्र के गांव बसैली में पंचायत ग्राम पंचायत सचिव हैं। बुधवार को वह मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भूरे खां के घर पर जिया टैगिंग कराने गए थे। आरोप है कि लाभार्थी तौसीफ के भाई कलुवा ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर अभद्रता की। सरकारी अभिलेख फाड़ दिए तो वहीं जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। राजपाल ने विरोध किया तो कलुवा ने छेड़छाड़ के केस में फंसाने की धमकी दी थी। राजपाल सिंह ने खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल को पूरे मामले से अवगत कराया था। इस मामले की एक वीडियो भी प्रसारित हुई थी। बीडीओ की संस्तुति पर राजपाल सिंह ने तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कलुआ व उसके बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

कड़े इंतजामों के बीच हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

नकलविहीन और सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए

परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षार्थी की जांच करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार: शनिवार को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा परीक्षा को नकलविहीन और सुव्यवस्थित तरीके से कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई।

पहली पाली सुबह 10-00 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक चली, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3:00 बजे से शाम 5-00 बजे तक संपन्न हुई। दोनों पालियों में अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बता दें कि पहली पाली में पंजीकृत 4560 में से 3228 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1332 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार दूसरी पाली में पंजीकृत 4560 में से 3255 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1305 अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों के प्रवेश से पहले सघन चेकिंग की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा और अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा कक्षों में भी नकलविहीन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। केंद्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

डीएम एवं एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत कुंदन माडल इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज और एकेके इंटर कालेज आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गेहूं की फसल में घुस रहा नाले का गंदा पानी

गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर खेत के बाहर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

गजरौला, संवाददाता

● नाराज किसानों ने नगरपालिका को दी आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार: औद्योगिक नगरी गजरौला में नगर पालिका की एक लापरवाही किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। मोहल्ला चौहानपुरी के दर्जनों ग्रामीणों और किसानों ने शनिवार को पालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, गजरौला में 'बूढ़े बाबू' के पास तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। गंदा पानी रोककर गजरौला-धनौरा मार्ग पर एक नया तालाब बनाया गया है। लेकिन नगर का भारी जलप्रवाह इस तालाब की क्षमता से बाहर हो गया है। नतीजा यह है कि गंदा पानी अब सीधे किसानों के खेतों में घुस रहा है।

किसानों का कहना है कि उनकी गेहूं की फसल इस गंदे पानी में पूरी तरह जलमग्न होकर गलना शुरू हो गई प्रदर्शन करने वाले किसानों ने कहा कि खेतों में जा रहे गंदे पानी को तत्काल बंद किया जाए। नगरपालिका अतिरिक्त जमीन खरीदकर तालाब का आकार बढ़ाए ताकि पानी ओवरफ्लो न हो। बर्बाद हुई गेहूं की फसल का उचित मुआवजा दिया जाए। जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र प्रदर्शन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। ईओ ललित आर्य ने बताया कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। सभासद योगेश उर्फ जॉन सिंह चौहान, निगम सिंह, पारो देवी, कश्मीरी देवी, राकेश देवी, विमला देवी, ओमप्रकाश सिंह, सुभाष सिंह, चंदरपाल सिंह, रिंकू, हरपाल सिंह,शेर सिंह और हरीश चौहान सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भव्य रूप से होगा आंबेडकर जन्मोत्सव

● बैठक में जन्मोत्सव की तैयारियों पर की गई चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शनिवार को एक आवश्यक बैठक का आयोजन मोहल्ला मनापुर में किया गया। बैठक में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की अध्यक्ष चंचल सागर ने अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान के अध्यक्ष बाबूराम जाटव का अपनी कार्यकारिणी के साथ स्वागत किया।

चंचल सागर ने कहा कि अबकी बार झांकी का कार्यक्रम पुरानी परंपरा के अनुसार निर्धारित स्थान से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क तक बहुत ही धूमधाम और भव्यता के साथ रहेगा। मुख्य कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी अंबेडकर पार्क में होगी। बाबूराम सागर ने उद्यान समिति पार्क खेवान में कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अपनी कार्यकारिणी के साथ मंथन किया और सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मास्टर छोटेलाल,राजेंद्र गुड्डू, फतेहचंद, डॉ राजेश कुमार, प्रशांत कुमार, महेंद्र सिंह आर्य, महेश जाटव, दारा सिंह, बृजपाल सिंह, सुशील भगत, मास्टर जगत सिंह, मास्टर रामपाल सिंह, विनय प्रताप सिंह, नवल कुमार आदि उपस्थित रहे।

जलावन की लकड़ी के भाव न बढ़ाने की अपील

मंडी धनौरा, अमृत विचार, उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन और मो. रजा ने गैस सिलेंडर की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की। शनिवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित आरा मशीन पर बैठक में उन्होंने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के चलते देश में गैस की कमी का संकट गहराता नजर आ रहा है। इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर उन छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है, जो होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और ठेलों पर चाय-नाश्ता व भोजन बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। ऐसे में जलावन की लकड़ीभाव न बढ़ाए जाएं। बावजूद कोई व्यापारी अधिक मुनाफे के लिए लकड़ी के दाम बढ़ाता है तो उसका विरोध किया जाएगा। मोहम्मद जमील अहमद, असलम, मोहम्मद साफी सैफी व अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे।

ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की मांग

● लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी की बैठक में जिले का नाम बदलने की भी मांग

संवाददाता, मंडी धनौरा

लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी की बैठक में कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर के मौहल्ला सैनी नगर स्थित लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के कार्यालय पर शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और उसके प्रचार-प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया।

जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। कहा कि सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के महान नेताओं को उचित सम्मान देने में सरकार उदासीन दिखाई दे रही है। समाज सुधारक ज्योतिराव फुले को भारत रत्न देने और जनपद का नाम उनके नाम पर रखने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन इस विषय में सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। देश की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के योगदान को भी उचित सम्मान मिलना चाहिए।

बैठक में वक्ताओं ने यूजीसी से जुड़े कानूनों के मुद्दे पर भी चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लाए गए प्रावधानों पर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस विषय पर जल्द निर्णय लेकर इसे प्रभावी ढंग से लागू करे। बैठक की अध्यक्षता कल्याण सिंह सैनी ने की। कृपाल सिंह सैनी, धन सिंह सैनी, नाथू सिंह सैनी, हरबंश सैनी, विजय प्रजापति, पियूष सैनी, रमेश सैनी और नंदराम सैनी सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

थाना समाधान दिवस में चार शिकायतों में एक निस्तारित

संवाददाता, हसनपुर,अमृत विचार : थाना समाधान दिवस में मात्र चार शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची तीन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को भेजा गया। शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतें वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने सुनीं। थाना समाधान दिवस में चार शिकायत दर्ज हुईं जिसमें से अधिकारियों द्वारा मौके पर एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। बाकी तीन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

स्थापना दिवस मनाया

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार को विकास खंड के गांव उधनपुर में भारतीय किसान संघ का 47 वां स्थापना दिवस धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए हुआ। जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसानों को हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी आवाज को मजबूत कर उनके अधिकारों को दिलाना था। ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने संगठन के विस्तार और नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया,उन्होंने कहा कि अधिक से किसानों को जोड़कर उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाकर उनका समाधान कराया जाए। प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह,जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा,जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान,ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य धर्मपाल सिंह, जिला युवा मंत्री लाखन सिंह, ग्राम समिति अध्यक्ष गंगाराम सिंह, शिवम कुमार,विजेंद्र सिंह,डाले सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

बसपा कार्यकर्ताओं ने साइकिल यात्रा का किया स्वागत

हसनपुर, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 92 वीं जयंती के मौके पर गुड्डू अंबेडकर के नेतृत्व में एक टीम ने मुंबई से, रवि गौतम ने आगरा एवं अखिल ने बिसौली बदायूं से साइकिल यात्रा राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केंद्र गौतमबुद्ध नगर नोएडा के लिए शुरू की थी। शनिवार को नगर के ब्लॉक तिराहे पर बहुजन समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी अजब सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। गुड्डू अंबेडकर ने कहा कि कांशीराम को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जानाचाहिए। अमित हाली, सुरेंद्र कुमार गौतम एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह राही, दुर्योधन, नवाब सैफी, रितिक, पुष्कर, गुरमीत आदि मौजूद रहे।

सड़क पर सिलेंडर रख लगाया जाम

गजरौला, अमृत विचार : एजेंसियों पर गैस सिलेंडर की मारामारी जारी है। शनिवार को गजरौला में सीओ कार्यालय के पास भारत गैस एजेंसी व गजरौला गैस सर्विस पर उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरू कर सड़क पर गैस सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं को किसी तरह समझाकर शांत किया। शनिवार को गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए सुबह आठ बजे से ही उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। आठ बजे तक लंबी लाइन लग गई। उपभोक्ता गैस एजेंसियों के ऑफिस खुलने का इंतजार करने लगे। इनमें किसी को वाउचर लेना था तो किसी को गैस सिलेंडर। जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही गैस की बुकिंग करा रखी थी, उनको सिलेंडर दिए गए। सीओ कार्यालय के निकट स्थित भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ इस कदर एकत्र हुई कि उसे देख कर्मचारियों के पसीने छूट गए।

मौसिफ खान का चयन मुंबई स्पार्टन टीम में हुआ

हसनपुर, अमृत विचार : युवा क्रिकेटर मौसिफ खान का चयन लीजेंड लीग क्रिकेट के सत्र 4.0 के लिए मुंबई स्पार्टन टीम में किया गया है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने इसे जनपद अमरोहा के लिए गौरव की बात बताया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने लगातार अभ्यास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर क्रिकेट के बड़े मंच तक पहुंचने का मुकाम हासिल किया है। लेजेंड्स लीग क्रिकेट जैसी प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुंबई स्पार्टन टीम के लिए उनका चयन होना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है। डीसीए अमरोहा के सचिव खुर्रम आज़ाद ख़ान ने बताया की मौसिफ एसबीएम पीजी कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में प्रैक्टिस कर चुके हैं।

जामुन के फलदार पेड़ों पर चली माफियाओं की कुल्हाड़ी

संवाददाता, हसनपुर

बाग में पड़े जामुन के पेड़ों के लट्ठे।

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र में लगातार आम और जामुन के फलदार पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की कुल्हाड़ी चल रही है, रातों रात लकड़ी माफिया पेड़ काटकर भूमि को समतल कर देते है।

गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर के निकट करीब एक बड़े आम के बाग में फलदार और हरे भरे जामुन के पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की कुल्हाड़ी चल रही है। बताया जा रहा है कि उसमें दो दर्जन से अधिक पेड़ों का परमिट लिया गया है। लेकिन अब सवाल उठता है कि आखिर फलदार और हरे भरे पेड़ों का परमिट कैसे दिया गया। सरकार हरियाली को बचाने और हरियाली लगाने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करती है।लेकिन लकड़ी माफिया सरकार की हरियाली बचाने की मंशा पर पानी फेर रहे है। वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार ने बताया की जमुना के पेड़ की मोटाई के अनुसार काटने की परमिशन दी गई है। 40 पेड़ों का परमिट है अगर इससे अधिक पेड़ काटे जाते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पुरानी रंजिश में कार ओवरटेक कर मारपीट

सैदनगली, अमृत विचार: संभल के नखासा क्षेत्र के दीपा सराय गांव निवासी शाह फहद इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को वह अपनी गाड़ी से दिल्ली जा रहे थे। सैदनगली पुलिया के पास पीछे से आ रहीकार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। कार से उतरे दो-तीन लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित ने हमलावरों में से एक की पहचान शाहिर निवासी गोल मस्जिद दीपा सराय, नखासा, संभल के रूप में की है। इमरान के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया, जिसमें उन्हें चोटें आईं, कपड़े फट गए और गाड़ी का शीशा भी टूट गया।

थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुरानी रंजिश में युवक पर तलवार और रॉड से हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर तलवार और लोहे की रॉड से जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

फतेउल्लापुर निवासी प्रगट सिंह के पुत्र कर्मजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की शाम वह गन्ने के भाव की जानकारी लेने के लिए लाडनपुर चौराहे पर गए थे। आरोप है कि वहां गुरजीत सिंह और सुरजीत सिंह निवासी पपसरा बांगर तथा अमरपाल सिंह निवासी फतेउल्लापुर ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले गाली-गलौज की और इसके बाद जान से मारने की नीयत से तलवार और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं।

बाइक व ई-रिक्शा चालकों में हुई हाथापाई

गजरौला, अमृत विचार : बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों चालकों में हाथापाई तक हो गई। शहर के खाद गुर्जर चौराहा पर शुक्रवार रात ई-रिक्शा व बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ई-रिक्शा व बाइक के चालक आपस में भिड़ गए तथा गाली-गलौज करने लगे। हाथापाई होने लगी जिससे वहां हंगामा खड़ा हो गया।

पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

गजरौला, अमृत विचार: खेत में शौच करने को लेकर पड़ोसी ने घर में घुसकर पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया।

क्षेत्र के गांव पसरा खादर निवासी भूरे की पत्नी शुक्रवार की रात पड़ोसी के खेत में शौच करने के लिए गई थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी खेत स्वामी करतार सिंह, कुलदीप, दीपक व अजय ने भूरे के घर में घुसकर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर भूरे व उसके बेटे को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जेपी नड्डा का स्वागत किया

संबोधित करते जेपी नड्डा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जेपी नड्डा के अमरोहा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जोया क्षेत्र में शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं से देश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और संगठन को और मजबूत बनाने में योगदान दें।

कार्यालय-सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बचन सिंह द्वारा संस्था प्राचीन श्री शिव मन्दिर कमेटी, ग्राम सीरका पट्टी कुंडेसरी तहसील टांडा, जिला रामपुर 244925 का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. बचन सिंह-अध्यक्ष, युगेन्द्र सिंह-उपाध्यक्ष, 3. आशाराम-प्रबन्धक, 4. अशोक कुमार-उपप्रबन्धक, 5. प्रेमपाल सिंह-कोषाध्यक्ष, 6. सुभाष सिंह-उपकोषाध्यक्ष, 7. चन्द्रपाल सिंह-ऑडिटर, 8. अमर सिंह, 9. महेन्द्र सिंह-सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आनन्द विक्रम सिंह-सहायक निबन्धक

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक, रामपुर/नजीबाबाद
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail : upavpemormp@gmail.com
सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की रामपुर योजना संख्या-01, रामपुर में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या-01 का आवंटन प्रदेशन-पत्र संख्या-18 दिनांक 28.04.1984 को श्रीमती सरोज अरोरा पत्नी श्री राम स्वरूप अरोरा के पक्ष में हुआ है। श्रीमती सरोज अरोरा पत्नी श्री राम स्वरूप अरोरा की मृत्यु दिनांक 21.02.1983 को होने के उपरान्त उक्त भवन का मृत्यु उपरान्त अन्तरण कार्यालय आदेश संख्या 685 दिनांक 19.09.1984 उनके पति श्री राम स्वरूप अरोरा पुत्र श्री खिलन्दा राम के पक्ष में किया गया है। श्री राम स्वरूप अरोरा पुत्र श्री खिलन्दा राम ने श्री जगदीश आहूजा पुत्र स्व. निर्मलदास आहूजा को अपना मुख्त्यारेआम नियुक्त किया है। जो उप निबन्धक कार्यालय 08, नई दिल्ली में दिनांक 18.08.2006 को पंजीकृत किया है। कार्यालय द्वारा श्री राम स्वरूप अरोरा पुत्र श्री खिलन्दा राम के पक्ष में उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.10.2006 को निष्पादित किया गया है। श्री जगदीश आहूजा पुत्र स्व. निर्मलदास आहूजा ने बहैसियत मुख्त्यारेआम द्वारा उक्त भवन का विक्रय दिनांक 29.11.2006 को श्री सुनील कुमार पुत्र स्व. सन्तराम एवं श्रीमती अपूर्वा कुमारी पत्नी श्री सुनील कुमार के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया है। श्री सुनील कुमार कक्कड़ पुत्र स्व. सन्तराम एवं श्रीमती अपूर्वा कक्कर पत्नी श्री सुनील कुमार कक्कड़ ने उक्त भवन का विक्रय उपरान्त नामान्तरण अपने पक्ष में कराने हेतु नामान्तरण सम्बन्धी औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये जनहित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन संख्या MU2026020413035444 दिनांक 04.02.2026 को आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों/साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त आपका कोई भी क्लेम/आपत्ति मान्य नहीं होगी। परिषद नियमानुसार विक्रय उपरान्त नामान्तरण की कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से - सम्पत्ति प्रबन्धक

न्यूज ब्रीफ

हिन्दू नव वर्ष पर 501 कलशों के साथ निकलेगी यात्रा

संभल, अमृत विचार : हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम के तत्वावधान में कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। सुखवीर राष्ट्रवादी ने बताया कि शोभायात्रा में 501 कलशों के साथ श्रद्धालु महिलाएं एवं भक्तजन भाग लेंगे। कलश शोभायात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग के अनुसार अद्वैत कुटी ग्राम बरवाली मढैयां से प्रारम्भ होकर बबैना अड्डा, मऊ भूड़, अख्तयारपुर चौबे और शेरपुर होते हुए पुन: अद्वैत कुटी बरवाली मढैयां पहुंचकर सम्पन्न होगी। आश्रम ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालु भक्तों, मातृशक्ति और धर्मप्रेमी लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

दोहरे मापदंड अपना रहा प्रशासन

संभल, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के रुहेलखंड जोन के प्रांतीय अध्यक्ष मोहम्मद हैदर ने संभल के क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला अपमान भी है। मोहम्मद हैदर ने कहा कि जब संभल में कुछ लोग इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर लगाकर उनके समर्थन में यज्ञ कर रहे थे, तब प्रशासन पूरी तरह खामोश रहा। वहीं जब कुछ लोग मानवीय आधार पर ईरान के समर्थन में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं तो उन्हें नसीहत दी जाती है कि वे ईरान चले जाएं। प्रशासन को सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।

थाना दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

चंदौसी, अमृत विचार : कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 6 शिकायतें दर्ज कराई गयी। जिसमें एक मामला कैथल मजरा रामनगर प्लाट को लेकर था वहीं दूसरा मामला सैंजनी का आया जिसमें दो गाटा संख्याओं में दोनों पक्षा अपना-अपना स्वामित्व बता रहे थे। वहीं तीसरा मामला सुभाष चन्द्र शर्मा उर्फ मुन्ना गुरू द्वारा लाया जिसमें घर के सामने अवैध रूप से जारत बनाने की शिकायत की गई थी। फरियादी के अनुसार उसने पहले भी तहसील दिवस व थाना दिवस में दर्ज करायी थी। जिस पर एसडीएम द्वारा यूनिट बनाकर हटाने की बात कही थी। समाधान दिवस में लेखपाल अतुल पाठक, शहर लेखपाल दानवीर सिंह, कानूनगो बाबूराम, अनुराधा शर्मा आदि रहे।

कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

पहले दिन 2027 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, जनपद में 10 केंद्रों पर हुई परीक्षा, सीसीटीवी से की गई केंद्रों की निगरानी

- परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल, अधिकारी करते रहे निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल

शंकर कॉलेज परीक्षा केंद्र के गेट पर लगी अभ्यर्थियों की कतारें। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की जांच करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस पद पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार को जनपद के 10 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पहले दिन की परीक्षा में 2027 अभ्यर्थी अनुपस्थित भी रहे।

शनिवार को सुबह करीब 7:30 बजे से ही सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। निर्धारित समय के अनुसार सुबह 9:30 बजे तक अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और बायोमेट्रिक अटेंडेंस के माध्यम से उन्हें परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। सुरक्षा के लिहाज से किसी भी अभ्यर्थी को पेन, प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र के अलावा कोई अन्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली पूर्वाह्न 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हुई। पहली पाली में 3360 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 1049 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 3360 अभ्यर्थियों में से 978 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इस प्रकार पहले दिन कुल 2027 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में इस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 13,440 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा संचालन के लिए 130 परीक्षा कक्ष बनाए गए। परीक्षा की व्यवस्था के लिए 10 केंद्र व्यवस्थापक, 20 सहायक केंद्र व्यवस्थापक तथा 280 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इस प्रकार कुल 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर रहे, जबकि आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पांच-पांच सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को रिजर्व में रखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक-दूसरे के विपरीत दिशा में दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की गई। इसके अलावा स्ट्रांग रूम तथा प्रत्येक परीक्षा कक्ष में भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। जिससे परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। रविवार को भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई है। पहले दिन कुल 7260 में 2027 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

डीएम ने अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

संभल, अमृत विचार : पहले दिन जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, बृजरतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज तथा महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता के साथ संचालित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा व उप जिलाधिकारी निधि पटेल भी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

करंट से युवक की मौत, पिता-पुत्र गंभीर घायल

संभल, अमृत विचार: निर्माणाधीन मकान पर काम करते समय एक युवक की हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्र घायल हो गए।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव मैदावली में अजब सिंह के मकान का लेंटर डाला जा रहा था। शनिवार दोपहर दो बजे राकेश कुमार, नाथू और उसका बेटा वीरेश मकान की छत पर खड़े होकर सड़क से लोहे का गाटर ऊपर खींच रहे थे। इसी दौरान मकान के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से गाटर छू गया। करंट लगते ही राकेश झुलसकर छत पर गिर पड़ा, जबकि नाथू और वीरेश भी घायल हो गए। राकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक राकेश अपने पीछे पत्नी स्वामी और तीन बच्चों को छोड़ गया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जायेगा।

मृतक राकेश कुमार।

सरकारी नीतियों के चलते किसान बदहाल

- ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अध्यक्ष सत्यवान ने किसानों की स्थिति पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, संभल

पत्रकारों से बात करते सत्यवान। ● अमृत विचार

अमृत विचार: ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान ने कहा कि खेत-खलिहानों में कड़ी मेहनत करने के बावजूद किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। एमएसपी पर फसलों की खरीद न होने, कृषि उपयोगी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, कर्ज के बोझ और रोजगार के अभाव ने छोटे व मध्यम किसानों तथा खेत मजदूरों का जीवन बेहद कठिन बना दिया है।

संभल में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े आलू उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में भी किसानों को आलू के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। खाद, बीज, कीटनाशक, खेती के उपकरण की कीमतें लगातार बढ़ने से खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है।

सरकार कृषि सब्सिडी को लगभग समाप्त कर रही है, जबकि बड़ी कंपनियों को भारी आर्थिक रियायतें दी जा रही हैं। किसान नेता सत्यवान ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के लिए घातक बताया। किसानों और मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। आलू की लाभकारी कीमत पर खरीद सुनिश्चित करने, घाटे की भरपाई करने तथा सदमे से मरने वाले किसानों के परिवारों को 21 लाख रुपये की सहायता देने की मांग उठाई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने, मनरेगा कानून को बहाल करने, बिजली बिल-2025, बीज बिल-2025 और किसान विरोधी कृषि मार्केटिंग नीति को वापस लेने की मांग को लेकर देशभर में किसान महापंचायतें आयोजित करने की घोषणा की।

23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने तथा एक अप्रैल को चार श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाने का आह्वान किया गया।

विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

रजपुरा, अमृत विचार: गांव हिरौनी में शनिवार को विवाहिता का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। गांव हिरौनी निवासी रीना (22) पत्नी नीरज का शव कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। रजपुरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता द्वारा फंदा लगाने की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हत्या मामले में ग्राम प्रधान पति गिरफ्तार

- रूपजहां के पिता व भाई सहित अब तक तीन की गिरफ्तारी
- रूपजहां के दूसरे भाई सहित दो आरोपियों की पुलिस को तलाश

कार्यालय संवाददाता, संभल/ ओबरी

असमोली में पुलिस गिरफ्त में ग्राम प्रधान पति लेखराज।

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव में रूपजहां की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता और भाई के बाद अब प्रधान पति को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू की रहने वाली रूपजहां का गांव के ही शुभम सैनी से प्रेम संबंध था। परिवार के विरोध के बावजूद रूपजहां शुभम के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी। 19 फरवरी को परिजनों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। शुभम सैनी की मां हरप्यारी की तहरीर पर पुलिस ने रूपजहां के भाई जाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जाने आलम और पिता नौशे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान इस हत्याकांड में ग्राम प्रधान पति लेखराज पाल की भूमिका भी सामने आई। पुलिस जांच में पता चला कि लेखराज ने रूपजहां के परिजनों से पुलिस कार्रवाई से बचाने के नाम पर तीन लाख रुपये में सौदा तय किया था और डेढ़ लाख रुपये एडवांस ले लिए थे। शनिवार को पुलिस ने लेखराज पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इससे पहले शुक्रवार रात जब पुलिस प्रधान पति को गिरफ्तार करने गांव पहुंची थी तो परिवार और कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया था। महिलाओं ने पुलिस को घेर लिया और एक सिपाही का डंडा छीनकर पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की थी। पुलिस के मुताबिक इस मामले में रूपजहां का एक और भाई गुड्डू तथा गांव का कुलदीप भी जांच में सामने आया है, जिनकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि हत्याकांड में फरार चल रहे ग्राम प्रधान पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

रास्ते पर बनाई मजार को किया ध्वस्त

- पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता, चंदौसी

सड़क पर बनाई अवैध मजार को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: चंदौसी में वर्षों पहले रास्ते पर अवैध निर्माण कर बनाई गई मजार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए, हालांकि पूरे अभियान के दौरान स्थिति शांतिपूर्ण रही।

नगर निवासी सुभाष शर्मा के मकान के रास्ते पर लगभग 10 वर्ष पहले अवैध रूप से मजार बना दी गई थी। इससे मकान तक आने-जाने के रास्ते में बाधा उत्पन्न हो रही थी। सुभाष शर्मा लगातार इसकी शिकायत कर रहे थे। छह दिन पहले समाधान दिवस में वह अपने बेटे के साथ पहुंचे और अधिकारियों के सामने समस्या रखी। एसडीएम आशुतोष तिवारी ने राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद अवैध मजार को हटाने के आदेश जारी कर दिए गए। शनिवार को शाम करीब चार बजे पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। कानूनगो बाबूराम, हल्का लेखपाल दानवीर सिंह सहित अन्य राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया। पूरी कार्रवाई करीब 15 मिनट में पूरी कर ली गई। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध कब्जों और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जहां भी अवैध निर्माण की शिकायतें मिल रही हैं, उनकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

लकी ड्रा के नाम पर रकम जुटा कराया नर्तकियों का डांस

कार्यालय संवाददाता, संभल

- आयोजकों की तलाश कर रही पुलिस, वीडियो प्रसारित

अमृत विचार: लकी ड्रा से रकम जुटाने के बाद नर्तकियों का अश्लील डांस कराए जाने का मामला सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आयोजकों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम का आयोजन बहजोई के इस्लाम नगर रोड स्थित एक निजी बैंकट हॉल में किया गया। जानकारी के अनुसार 500 रुपये प्रति युवक के हिसाब से लकी ड्रा का आयोजन किया गया था, जिसमें करीब 1000 युवकों को शामिल किया गया। संख्या पूरी होने के बाद इनमें से 20 युवकों को लकी ड्रा के जरिए चुना गया और इसके बाद कार्यक्रम में नर्तकियों को बुलाकर डांस कराया गया। यह कार्यक्रम तीन दिन पहले आयोजित हुआ था। शनिवार को इसके वीडियो सामने आए। वीडियो में नर्तकियां लोगों के बीच बैठकर अश्लील हरकतें करती दिख रही हैं। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि ऐसे किसी कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गई थी। कुछ वीडियो पुलिस के संज्ञान में आए हैं। यह कार्यक्रम किस बैंकट हॉल में हुआ और इसके आयोजक कौन हैं, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि त्योहारों को देखते हुए जनपद में धारा 163 लागू है, जिसके तहत किसी भी स्थान पर पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी है। ऐसे में बिना अनुमति इस तरह का आयोजन नियमों का उल्लंघन है।

न्यूज डायरी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण

संभल/असमोली, अमृत विचार : ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इनशक्ति फाउंडेशन द्वारा सीएमएस फाउंडेशन के सहयोग से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के छह गांवों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। असमोली थाना क्षेत्र के गांव असमोली, गरवारा और दुगावर में महिलाओं को कांच के बर्तनों से हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाना सिखाया जा रहा है। वहीं बिलालपत गांव में पशुओं के सींग से हैंडीक्राफ्ट उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देहरी जग्गू गांव में पशुपालन प्रबंधन का प्रशिक्षण पूरा कराया जा चुका है, जबकि बेटला गांव में कढ़ाई-बुनाई आधारित व्यवसाय का प्रशिक्षण चल रहा है। इस पहल के माध्यम से अब तक 110 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इनशक्ति फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अजेन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने गांव में ही रोजगार के अवसर विकसित कर सकें।

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों को मिला परामर्श

चंदौसी, अमृत विचार : सीता आश्रम स्थित कृष्ण कुंज धर्मशाला में शनिवार को जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चंदौसी, वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गाजियाबाद से आए मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर में डॉ. अमित कुमार और डॉ. रवि शर्मा ने मरीजों की हड्डियों से संबंधित समस्याओं, सामान्य रोगों, ब्लड शुगर (आरबीएस), रक्तचाप (बीपी) और बीएमडी की जांच की। मुख्य अतिथि सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, पास्ट फेडरेशन प्रेसिडेंट पदमा भार्गव, आईपीपी किशन अवतार, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर सुभाष रुस्तगी और फेडरेशन ऑफिसर शुभा कागजी मौजूद रहीं। इस अवसर पर महिला शक्ति ग्रुप की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल सहित मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, नीलम कागजी, प्रतिभा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा, रीता, अलका, पूनम, सीमा वार्ष्णेय, रानी अग्रवाल व माधुरी अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों के विवाद में बड़ों को पीट कर किया घायल

बिलारी, अमृत विचार : धर्मपुर कलां की रजनी पत्नी जयशंकर ने मुकदमा दर्ज कराया कि 13 मार्च को शाम करीब 6 बजे उसका 8 साल का बेटा अतुल घर के बाहर खेल रहा था। पड़ोस के रहने वाले सतीश ने उसे थप्पड़ मार दिया। जब उसकी सास रामा ने सतीश से शिकायत की तो सतीश और उसके भाई सोनू, मोनू व रामचरण ने उनकी सास के साथ मारपीट कर दी। इसके अलावा रिकी को भी बुरी तरह से पीटा। उसकी सास रामा के सिर में गंभीर चोटें आई जिससे वह बेहोश हो गई, बाद में वह गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

मेढ़ काटने और मारपीट का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम बैजनाथपुर निवासी कुंवरपाल सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पड़ोसी काश्तकार जयप्रकाश उसकी खेत की मेढ़ को आए दिन काट देता है। 6 मार्च को सुबह जयप्रकाश ने फिर से उनकी मेढ़ काट दी है। उसने गांव के लोगों को मौके पर बुलाकर मेढ़ दिखाई और जयप्रकाश से इस संबंध में बात की, तो वह गाली-गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया।

दो आरोपी गिरफ्तार, बैल व उपकरण बरामद

संभल, अमृत विचार : थाना बहजोई पुलिस ने गोवंशीय पशु की हत्या की तैयारी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक जिंदा बैल के साथ वध करने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गोवंशीय पशु को बांधकर उसकी हत्या करने की तैयारी कर रहे हैं। बहजोई पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की और मौके से दो आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने अपने नाम लईक निवासी गांव मिर्जापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल निवासी मौद बेरियान थाना बिसौली जनपद बदायूं तथा शहादत निवासी गांव जनैटा थाना बनियाठेर जनपद संभल बताए हैं। पुलिस ने मौके से एक जिंदा बैल, दो छुरी, हड्डी काटने का एक बुगदा, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का कट्टा, दो रस्सी के टुकड़े, एक प्लास्टिक का त्रिपाल तथा चार प्लास्टिक के कट्टे बरामद किए हैं। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गांव सादातबाड़ी भीम के कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

बबराला में आयोजित होगा तीन दिवसीय सृष्टि नववर्ष मेला

बैठक के दौरान जानकारी देते चेयरमैन हर्षवर्धन। ● अमृत विचार

बबराला, अमृत विचार: नगर पंचायत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सृष्टि नववर्ष मेला की तैयारियों को लेकर शनिवार शाम पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मेला समिति की बैठक आयोजित की गई।

चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में राजघाट रोड स्थित योग पार्क में 16 मार्च से 18 मार्च तक सृष्टि नववर्ष मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। चेयरमैन ने बताया कि रविवार 15 मार्च को डिग्री कॉलेज परिसर में स्कूलों के बच्चों की खेल प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में मेला समिति के सदस्य अनिल गुप्ता, आकाश वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता, मोनू शर्मा, अरुण वार्ष्णेय (डिंपल), संजीव वर्मा, नितिन आइडिया, अरविंद, जगत नारायण, अवधेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

लोक अदालत में 29076 वादों का निस्तारण

- करोड़ों का अर्थदंड व प्रतिकर वसूला गया

संवाददाता, संभल

चंदौसी में लोक अदालत का आरंभ करतीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जनपद न्यायालय संभल स्थित चंदौसी में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 29076 वादों का निस्तारण कर कई करोड़ का जुर्माना वसूला गया।

जनपद की सभी बैंकों एवं प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर कार्य शुरू किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी पॉस्को एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत सुलभ एवं सस्ता न्याय है। क्योंकि इसका निर्णय अंतिम निर्णय होता है, जिसकी अपील नहीं होती है। साथ ही इस न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों से ऋण सम्बन्धित, विद्युत चोरी, टैक्स, चालान, महिला सुलह समझौता आदि प्रकार के सभी वादों का निस्तारण किया जाता है। वहीं ऋण लेने वाले लोग आपसी समझौता के माध्यम से अपने वादों को समाप्त कर सकते हैं। जनपद न्यायाधीश डॉ विदुषी सिंह, मचला अग्रवाल प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, आरती फौजदार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रागिनी विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम), अवधेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम), दीपक कुमार जैसवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पराग यादव सिविल जज (सीनियर डिवीजन), आदित्य सिंह सिविल जज (सीनियर डिवीजन), नवेद अख्तर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), ललित कुमार सिविल जज (जूनियर डिवीजन), वंदना सिंह द्वितीय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सहित समस्त बैंक अधिकारी सुशील नगौरी, एसडी शर्मा, जसवन्त यादव, जनपद के 15 ब्रांच मैनेजर, कोर्ट अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली में लगे समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण कुमार ने जनता की शिकायतों को सुना। कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें बलवीर सिंह मिलक नगलिया ने पेड़ काटने, ताहिर खां स्योंडारा ने मेड़ काटने, कालीचरण स्योंड़ारा ने राजकीय नलकूप की नाली काटने, रोहतास डांडा गोविंदपुर ने चकमार्ग काटने और रवि कुमार ढकिया नरु ने मकान पर अवैध कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। उनके समाधान के लिए दो बजे के उपरांत पुलिस और राजस्व की टीमें भेजी गईं।

चोरों ने पंचायत घर से किया सामान चोरी

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के जरगांव में चोरों ने पंचायत घर से विद्युत उपकरण सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जरगांव की रहने वाली प्रियंका रानी पुत्री आनंद प्रकाश ग्राम पंचायत सहायक हैं। 14 मार्च को सुबह 10 बजे वह पंचायत घर पर गई तो दरवाजा खुला हुआ था। चोर बिजली के उपकरण, दो टीवी, एक इनवर्टर, दो बैटरे, एक सीपीयू, माउस, कीबोर्ड, कैमरों की डीवीआर आदि चोरी करके ले गए।

बदायूं में गोलीकांड के बाद तीसरे दिन भी प्लांट बंद, सीओ भी नपे

शासन ने सीओ दातागंज देवेन्द्र कुमार को हटाया, अपनी सुरक्षा को लेकर परेशान हैं प्लांट के कर्मचारी

संवाददाता, दातागंज/ बदायूं

अमृत विचार : एचपीसीएल प्लांट में दिनदहाड़े हुई दो अफसरों की हत्या के बाद कर्मचारी दहशत से नहीं उबर पा रहे। तीसरे दिन भी शनिवार को प्लांट ठप रहा। कुछ कर्मचारी ड्यूटी करने पहुंचे भी तो उनको लौटा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदायूं की घटना पर संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्लांट पर पुलिस चौकी की स्थापना कराई जा रही है, जहां सुरक्षा में दो दरोगा और 8 सिपाही तैनात किए जाएंगे। थाना प्रभारी व हल्का इंचार्ज के निलंबन, एसएसपी के ट्रांसफर के बाद शासन ने सीओ दातागंज डॉ. देवेन्द्र कुमार को भी हटाकर डीजीपी मुख्यालय से अटैच कर दिया है। हत्याकांड की जांच को मंडलायुक्त बरेली की अध्यक्षता में एसआईटी भी गठित कर दी गई है।

शुक्रवार को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के सीईओ मोहित धवन ने प्लांट का दौरा किया। डीएम अवनीश राय के साथ नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा भी कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र पहुंचकर हालात परखे। प्लांट अफसरों ने डीएम से मिलकर प्लांट चालू कराने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी। गुरुवार को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद प्रशासन ने शनिवार से प्लांट शुरू होने की बात कही थी, लेकिन कामकाज आज भी शुरू नहीं हो सका। कुछ अधिकारी और कर्मचारी प्लांट पर आए लेकिन उन्हें गेट से ही वापस कर दिया गया। वहीं डर की वजह से ज्यादातर लोग काम पर ही नहीं गए। प्लांट अब भी सन्नाटा पसरा है। किसान पराली लेकर जरूर लाइन लगाए हैं। प्रशासन ने फिलहाल प्लांट की सुरक्षा एक प्लाटून पीएसी, पुलिस और होमगार्डों की तैनाती कर रखी है। सीएम योगी बदायूं कांड को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने मारे गए प्लांट अधिकारियों के प्रति शोक संवेदन व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी है और सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके बाद भी यदि किसी तरह की साजिश की संभावना दिखती है, तो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई होगी। घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए कमश्नर बरेली की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करा दी गई है। प्लांट पर पुलिस चौकी स्थापित भी करा दी है। वहीं, प्लांट पहुंचे डीएम-एसएसपी ने प्लांट कर्मचारी एवं अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिया है। हालांकि प्लांट कब चालू होगा, इस पर अभी भी संशय की स्थित है। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि मंगलवार को एचपीसीएल के अधिकारी फिर आएंगे और प्लांट में फिर से कामकाज शुरू कराएंगे।

घटनास्थल का मुआयना करते डीएम अवनीश राय और नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा।

संेजनी से थाना 11 किमी दूर, प्लांट की सुरक्षा रहेगी चौकी के हवाले

बदायूं, अमृत विचार : थाना मूसाझाग से सैंजनी गांव की दूरी 11 किमी है। एचपीसीएल प्लांट में गोलीकांड के बाद सुरक्षा को लेकर बड़ी कवायद होती दिखाई दे रही है। सीएम योगी के गंभीर रुख के बाद प्लांट की सुरक्षा में पुलिस चौकी स्थापित होगी, जहां सुरक्षा में दो उप निरीक्षक व आठ सिपाही तैनात किए जाएंगे। नवागत एसएसपी अंकिता शर्मा ने डीएम अवनीश राय प्लांट पर जाकर मौका मुआयना किया। डीएम-एसएसपी ने प्लांट पर मौजूद मिले कर्मचारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक कक्ष के साथ उप महाप्रबंधक की हत्या वाले स्थान को भी देखा। दोनों अफसरों ने बताया कि बताया कि प्लांट पर पुलिस चौकी स्थापित कराई जा रही है। सुरक्षा इंतजमों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। थाना मूसाझाग से प्लांट की दूरी काफी है। थाने से पहले डहरपुर फिर गांव सैंजनी और वहां से प्लांट जाना होता है। सैंजनी भी बड़ा गांव है, जहां दो हजार से ज्यादा की जनसंख्या है। प्लांट में दो अफसरों की हत्या से लोग सुरक्षा को लेकर भी चिंतित है। एसएसपी ने तुरंत सेंजनी में पुलिस चौकी स्थापित करने को कहा है।

सात साल पहले अजय ने खुद को भी मार ली थी गोली

ग्रामीणों के अनुसार, एचपीसीएल प्लांट में डीजीएम सुधीर गुप्ता और एएम हर्षित मिश्रा की हत्या का आरोपी अजय प्रताप सिंह हिंसक प्रवृत्ति का रहा है। करीब सात साल पहले परिवार में विवाद के चलते उसने तमंचे से खुद को गोली मार ली थी। परिजनों ने उसका इलाज कराया था। गोली अब भी उसके शरीर में फंसी बताई जाती है। इसके अलावा वह अपने हाथ की नसें भी काट चुका था। शरीर पर वार किए थे। प्लांट पर अधिकारियों को धमकाने के दौरान उसने अपनी शरीर के कटे के निशान भी दिखाए थे। निशान दिखाने का जिक्र उप महाप्रबंधक की ओर से उसके खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भी था। ग्रामीणों के अनुसार, अजय पर सनक सवार रहती थी। जो भी एक बार दिमाग में आ गया, करके ही मानता था।

- ड्यूटी को पहुंचे कर्मचारी आज भी लौटाए गए
- एसडीएम बोले, मंगलवार से शुरू होगा प्लांट

हमलावर अजय की दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

बदायूं, अमृत विचार : प्लांट पर अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह की दुकानें जल्द ही बुलडोजर चलाकर ध्वस्त की जाएंगी। यह दुकानें अतिक्रमण करके बनाई गई हैं। शनिवार को अधिकारियों ने दुकानों की पैमाइश की। डीएम को रिपोर्ट सौंपी गई है। गांव सैंजनी में एचपीसीएल के अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी के पिता राजेश कुमार सिंह के नाम पर सड़क पर भवन है। जो बदायूं-दातागंज मार्ग स्थित गांव डहरपुर से करीब चार किमी दूर है। जहां छह दुकानें बनी हैं। जो किराए पर उठी हैं। शनिवार शाम एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार छविराम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दुकानों की नपत कराई गई। जिसके बाद सभी दुकानों को तत्काल प्रभाव से खाली करा दिया गया।

कीर्ति कश्यप ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या को लेकर आंवला के पूर्व भाजपा सांसद धर्मेन्द्र कश्यप का तीखा बयान सामने आने के बाद अब उनकी बेटी कीर्ति कश्यप एडवोकेट भी मैदान में उतर आई है। कीर्ति कश्यप ने प्लांट में चल रहे दबंगई के खेल को लेकर कई तरह के आरोप लगाते हुए घटना की सीबीआई जांच की मांग उठाई है। कीर्ति ने आरोप लगाया है कि प्लांट में कुछ विशेष लोग हावी हो गए हैं, जिसकी वजह से दो अफसरों की जान गई है। उन्होंने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

मादा गुलदार पिंजरे में कैद ग्रामीणों को मिली राहत

पिंजरे मे कैद गुलदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार: लंबे समय से दहशत फैला रही गुलदारपिंजरे में फंस गई। नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मटौरामान मेंपिछले कुछ दिनों से मादा गुलदार को देखा जा रहा था।ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। शाम होते ही सन्नाटा छा जाता था। वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को प्रभावित खेत के पास पिंजरा लगाया था कुछ समय भी बड़ी मादा गुलदार पिंजरे में कैद हो गई। गुलदार के पिजरे में कैद होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मीटिंग कर सुरक्षा संबंधी जरूरी निर्देश दिए।

जेपी नड्डा से विधायक और कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

गजरौला, अमृत विचार: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में आयोजित समारोह में शामिल होने जा रहे केंद्रीय स्वास्थ्य,परिवार कल्याण,रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के अतिथि गृह पहुंचे। यहां कंपनी के यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित एवं प्रभारी सीएमओ डा.योगेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व महामंत्री अभिनव कौशिक ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, देवेंद्र खड़गवंशी, निखिल खड़गवंशी आदि के संग उनसे मुलाकात की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। यहां राजू गोयल, अंकुर अग्रवाल, हेमराज सैनी, शिखर अग्रवाल, संजय शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

हथकरघा बुनकरों ने दिखाया कश्मीर से बनारस तक का रंग

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : हार्टमन रामलीला मैदान में आयोजित हथकरघा मेले में बुनकर कश्मीर से लेकर बनारस तक का रंग दिखा रहे हैं। शहर में पारंपरिक बुनाई और हस्तशिल्प की शानदार झलक भी साफ-साफ दिखाई दे रही है। शनिवार को मेले का उद्घाटन सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने किया।

सांसद ने कहा कि शहरवासी मेले में पहुंचकर खरीदारी करें, इससे कारीगरों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही देश से विलुप्त हो रही कलाएं एक बार दोबारा से लोगों तक पहुंचेंगी। हथकरघा विकास आयुक्त, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से यह मेला आयोजित किया गया है। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों से आए बुनकरों और कारीगरों के उत्पाद एक ही छत के नीचे सजाए गए हैं। उत्तर प्रदेश हथकरघा विभाग की ओर से आयोजित मेले में 60 से अधिक स्टॉल हैं। कश्मीर और राजस्थान के पारंपरिक वस्त्रों के साथ-साथ बनारस और मऊ की प्रसिद्ध साड़ियां भी लोगों को अपनी तरफ खींच रही हैं। मेले में झांसी, मेरठ, पिलखुवा, अमरोहा और मुरादाबाद के कारीगर भी अपने उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। यहां बेडशीट, दरी, डोरमैट, कुशन कवर, जरी के कपड़े, ड्रेस मैटेरियल, कुर्ते और शर्ट जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग सर्वेश कुमार शुक्ला का कहना है कि मेले का उद्देश्य स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के बुनकरों को मंच देना और उनके उत्पाद आम लोगों तक पहुंचाना है।

50 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटरों का नहीं हो सका सत्यापन

बरेली कार्यालय

- पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट वोटरों को हटाने का चल रहा कार्य
- बरेली में 1.47 लाख, शाहजहांपुर में 1.98 लाख वोटरों का नहीं हुआ सत्यापन

अमृत विचार : राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कार्य 16 मार्च तक पूरा करने के निर्देश हैं, लेकिन अभी 50 लाख से ज्यादा ऐसे डुप्लीकेट वोटर हैं, जिनका सत्यापन कार्य नहीं हुआ है। शनिवार और रविवार को दो दिन अवकाश रहने की वजह से भी कार्य प्रभावित हुआ। ऐसे में वृहद पुनरीक्षण कार्य की फिर तारीख बढ़ने की संभावना जतायी गयी है।

राज्य निर्वाचन आयोग से रोजाना डुप्लीकेट वोटरों की सूची जारी की जाती है ताकि जिले के अधिकारी सत्यापन कार्य में तेजी लाएं। 13 मार्च तक की रिपोर्ट के अनुसार बरेली मंडल सहित 60 ऐसे जिले हैं जिनमें 50 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटर हटाए जाने हैं। जिलों में डुप्लीकेट वोटरों के आंकड़े पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे जा चुके हैं। जारी रिपोर्ट के अनुसार बरेली में 147882 वोटर, शाहजहांपुर में 198454 वोटर, बदायूं में 47185 और पीलीभीत जनपद में 43706 वोटर ऐसे हैं, जिनका सत्यापन नहीं हुआ है।

इसके अलावा सीतापुर में 163964 वोटर, लखीमपुर खीरी में 88407 डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन होना है। इस कार्य में उन्नाव, चंदौली, फतेहपुर, मीरजापुर, वाराणसी, श्रीवास्ती, हरदोई, हापुड़ में शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन हो चुका है। हालांकि, अधिकारियों ने तारीख फिर बढ़ने की संभावना जताई है। पहले यह कार्य 16 फरवरी तक होना था। इसकी तारीख बढ़ाकर 16 मार्च कर दी गयी थी, अब यह तारीख भी नजदीक आ गयी है। इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सतीश मौर्य ने बताया कि 16 मार्च तक शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन कार्य पूरा करा लिया जाएगा। टीमें लगी हैं।

किशोरी को बेचकर होटलों में कराया देह व्यापार

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : एक होटल में 15 साल की किशोरी से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। किशोरी बहाना बनाकर होटल से निकलकर पुलिस के पास पहुंची। उसकी आप बीती सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। इसके बाद पुलिस ने होटल में छापा मारकर तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। इनमें से एक नेपाल की रहने वाली युवती है। सेक्स रैकेट में कई होटलों के संचालक भी शामिल हैं, पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बनाया है।

बारादरी थाने में शुक्रवार की देर रात एक किशोरी डरी हुई पहुंची। उसने थाने में जाकर बताया कि वह जनपद वाराणसी के चौबेपुर इलाके रहने वाली है। परिजनों की डांट के बाद उसने जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में घर छोड़ दिया था। किशोरी ने बताया कि वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उसे रिया नाम की एक महिला मिली। आरोप है कि रिया ने कुछ दिन उसे अपने पास रखा। फिर उसे बरेली लाई और यहां बबली नाम की महिला को बेच दिया। बबली, उसका पति खलील खान व दोस्त विनोद ने उसे कैंट के चनेहटी गांव में मस्जिद के पास कमरे में रखा। किशोरी ने बताया कि महिला ने अपने गैंग के साथ मिलकर उसे देह व्यापार में झोंक दिया। बारादरी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रिया, बबली, विनोद, खलील खान, दुर्गावती, जसलीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

- परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से निकल आई थी 15 साल की वाराणसी निवासी किशोरी

बालिग दिखाने के लिए आधार कार्ड में बदलवाई थी उम्र

किशोरी के आधार कार्ड में जन्मतिथि 2011 थी, जिससे नाबालिग होने से उससे देह व्यापार नहीं करा पा रहे थे। उसके बाद गैंग की सरगना बबली ने किशोरी को बालिग दिखाने के लिए सुरेश शर्मा नगर चौराहा स्थित विनय कुमार जनसेवा केंद्र से आधार कार्ड में जन्मतिथि 2011 की जगह पर 2007 कराई थी। उसका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर ग्राहकों को सौंपते थे, जबकि हकीकत में किशोरी की उम्र 15 साल ही है।

गैंग में बिजनौर से लेकर नेपाल तक के आरोपी

बारादरी पुलिस ने इस मामले में कैंट थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी बबली, फरीदपुर के कुइयां खेड़ा निवासी विनोद यादव, बिजनौर निवासी जसलीन कौर, नेपाल के कुमायत निवासी दुर्गालावती को मौके से गिरफ्तार किया है, जबकि वाराणसी निवासी रिया, चनहेटी निवासी खलील खान और सुरेश शर्मा नगर निवासी विनय के साथ विभिन्न होटल मालिक और मैनेजरों को मुकदमे में शामिल करके तलाश की जा रही है।

> नाबालिग लड़की से वेश्यावृत्ति कराने वाले गैंग के चार आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पीड़ता का फर्जी तरीके से संशोधित कराया हुआ आधार कार्ड और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> –धनंजय पांडे, बारादरी थाना प्रभारी

दुर्घटना में मौत मामले में बाइक चालक पर मुकदमा

बिलारी, अमृत विचार : रुस्तम नगर सहसपुर में बाइक चालक द्वारा ग्रामीण को टक्कर मार दी,इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था लेकिन मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

रुस्तमनगर सहसपुर के शमशेर पुत्र मोहम्मद दीन ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके चाचा अल्लाह बख्श 11 मार्च को बाजार से घर वापस जा रहे थे। आयशा मस्जिद के पास एक स्प्लेंडर बाइक ने उनके चाचा को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको गंभीर हालत में इलाज करने के लिए दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल ले गए। जहां 13 मार्च की सुबह 10:30 बजे उनके इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर एम्स में गर्भवती में मिला ए रक्त समूह का दुर्लभ उपसमूह ए3

गोरखपुर, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के डॉक्टरों ने आठ महीने की एक गर्भवती महिला में ए रक्त समूह के एक अत्यंत दुर्लभ उपसमूह ए3 की पहचान की है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस महिला को नियमित रक्त समूह जांच में कुछ विसंगतियां पाए जाने के बाद यहां स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह खोज संस्थान के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा एक विस्तृत मूल्यांकन के दौरान की गई, जो उन्नत रक्त समूह निदान और सुरक्षित रक्त आधान पद्धतियों में संस्थान की बढ़ती क्षमताओं को उजागर करती है।

विभाग के प्रभारी सौरभ मूर्ति ने बताया कि सामान्य ए'' रक्त समूह की तुलना में ए उपसमूहों में लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसीएस) की सतह पर ''ए'' एंटीजन का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर होता है। उन्होंने कहा कि इस कारण, नियमित रक्त समूह जांच में कभी-कभी विसंगतियां दिखाई दे सकती हैं, जिससे सही रक्त प्रकार निर्धारित करने के लिए उन्नत सीरोलॉजिकल परीक्षण आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि ए3 उपसमूह बेहद दुर्लभ है और अध्ययनों से पता चलता है कि भारत की कुछ क्षेत्रीय आबादी में इसकी आवृत्ति लगभग 33,000 व्यक्तियों में से एक है।

यह मूल्यांकन मोनिशा और निरंजन (सीनियर रेजिडेंट) तथा पर्शा (जूनियर रेजिडेंट) की एक टीम द्वारा किया गया था।

भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे में बताया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। ठाकुरद्वारा नगर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चौधरी हुकुम सिंह ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास के बारे में विस्तार से बताया। भरतपुर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने संबोधित किया।ठाकुर अजय प्रताप सिंह ,डॉक्टर ओमपाल सैनी ,उदयवीर सिंह ,मनोज चौहान ,जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान , भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आशुतोष अग्रवाल ,पवन कुमार शर्मा ,नवीन चौधरी ,जितेंद्र सिंह चौहान ,गौरव चौहान ,दिनेश प्रजापति, पवन पुष्पद, इकराम कुरैशी आदि ने भाग लिया।

बादलों की ओट में छिपता निकलता रहा सूरज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार सुबह से मौसम का मिजाज बदला नजर आया। ठंडी हवा से गर्मी से राहत महसूस हुई। सुबह 10 बजे तक सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपते-निकलते रहे।

आम दिनों की तुलना में धूप की तीव्रता कम रही, जिसके कारण लोगों को दिन की शुरुआत में ही राहत मिली। कई लोग सुबह की सैर और रोजमर्रा के कामों के लिए घरों से निकले तो मौसम का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन चढ़ने के साथ धूप कुछ तेज जरूर हुई, लेकिन हवा में हल्की ठंडक बनी रहने से गर्मी का असर ज्यादा महसूस नहीं हुआ। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही सामान्य रही। वहीं, चिकित्सकों के अनुसार इस समय मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार और गले के संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को खानपान का विशेष ध्यान रखने, पर्याप्त पानी पीने और सुबह-शाम ठंडी हवा से बचाव करने की सलाह दी जा रही है।

- सुबह ठंडी हवा से राहत, अधिकतम 32 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज

ईद से पहले मेरठ में 100 लोगों को रेड कार्ड नोटिस की तैयारी

मेरठ, एजेंसी। ईद पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 100 लोगों को जल्द ही रेड कार्ड नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों पर पहले भी उपद्रव या त्योहारों के दौरान तनाव की स्थिति पैदा करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अविनाश पांडे ने शनिवार को बताया कि ईद पर शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी इस्लामी धर्मगुरुओं और मस्जिद प्रबंधन समितियों से समन्वय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि जिले की 544 मस्जिदों और 146 ईदगाहों के प्रबंधन से बातचीत की है और सभी ने आश्वासन दिया है कि किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गैस की किल्लत से आगरा में पेठा कारोबार संकट में

आगरा, एजेंसी

व्यावसायिक एलपीजी की किल्लत होने से आगरा में पेठा कारोबार पर संकट मंडराने लगा है और पेठा इकाइयां करीब-करीब बंदी के कगार पहुंच गई हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों ने शनिवार को यह दावा किया। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और जो कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहीद भगत सिंह पेठा कुटीर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि गैस की बाधा से पेठा कारोबार पर जबरदस्त असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि पेठा इकाइयां बंद होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयां तो पूरी तरह से बंद हो गई हैं जबकि कुछ इकाइयों के पास गैस बची है और उसी से उत्पादन किया जा रहा है। ग्रवाल ने कहा कि यदि गैस की आपूर्ति सुचारु नहीं होगी तो बाकी इकाइयां भी जल्दी बंद हो जाएंगी। कारोबारियों ने कहा कि गैस की किल्लत से व्यापार पर भारी असर भी पड़ रहा है, इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों को भी काम मिलना बंद होने लगा है तथा उनके सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि व्यावसायिक गैस की आपूर्ति में तेजी लाए जाए जिससे पेठा उद्योग को बचाया जा सके। हालांकि जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने शुक्रवार को कहा था कि गैस की कोई किल्लत नहीं है, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज कर दिया गया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत मलेशिया स्थित एक साइबर कैफे में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ बताए गए और जल्द पंजीकरण कराने की अपील की गई।

कानूगो नरेंद्र कुमार ने किसानों को बताया कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि समय पर रजिस्ट्री नहीं कराने पर किसानों को खाद की उपलब्धता में परेशानी हो सकती है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त भी रोकी जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री से प्रत्येक किसान को एक डिजिटल आईडी मिलेगी, जिसमें उनकी जमीन और खेती से संबंधित पूरा विवरण दर्ज होगा। इससे एक क्लिक पर सभी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। यह रिकॉर्ड आधार से लिंक होने के कारण किसानों को खसरा-खतौनी के लिए बार-बार तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सत्यापित डिजिटल रिकॉर्ड होने से बैंकों से फसल ऋण लेना भी आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सरकारी योजनाओं में होने वाले फर्जीवाड़े पर रोक लगाने में भी मददगार होगी और लाभ सीधे वास्तविक किसानों तक पहुंचेगा। देवीशरण शर्मा, महेश यादव, कलबा खां, होराम सिंह, इकबाल अली और तारा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताते कानूनगो। ● अमृत विचार

उस दा मुख इक जोत है,
घुंघट है संसार।
घुंघट में ओह छुप्प गया,
मुख पर आंचल डार।।

बुल्ले शाह कहते हैं, परमात्मा का मुख एक दिव्य ज्योति (रोशनी) के समान है, जबकि यह संसार एक घूंघट के समान है। भगवान ने इस संसार रूपी घूंघट को अपने मुख पर डाल लिया है, जिसके कारण वह छिपे हुए हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा ही हिंदुत्व

> वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिंदुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिंदुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।

डॉ. राधा कृष्णन ने कहा है, 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं, जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चंद्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है, परंतु यह सब बहुत दूर की संभावनाएं हैं; जबकि अधिक संभावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सब के आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यंत्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें, तो सबके जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।'

हिंदुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है, लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिंदुत्व के अनेक चेहरे है। उग्र हिंदुत्व, मुलायम (सॉफ्ट) हिंदुत्व, सांप्रदायिक हिंदुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिंदुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषांतर में हिंदुत्व को हिंदुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिंदुइज्म भी हिंदूवाद का अर्थ देता है, लेकिन हिंदुत्व हिंदूवाद नहीं है।

हिंदुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिंदू होना हिंदुता या हिंदुत्व है। कुछ विद्वान हिंदू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं, लेकिन यह सही नहीं है। हिंदू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ो वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ईपू) के शिलालेख में भी हिंदू शब्द का उल्लेख है। हिंदू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

डॉ. राधा कृष्णन ने वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्व विद्यालय में हिंदू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों' की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा, "भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।" जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है।

डॉ. राधा कृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है, ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के संबंध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव-समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?" औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।

डॉ. राधा कृष्णन के अनुसार, 'तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सब कुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केंद्रीभूत प्रश्नो कें संबंध में बहुत कम जानता है।' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिंदू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधी जी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केंद्र हिंदुत्व है।

संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिंदू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिंदू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिंदू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिंदुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिंदुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, "सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं, किंतु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।" सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इंद्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है, लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, "सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।"

बताते हैं, 'मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन संपदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

क्रीमी लेयर: आय के आधार पर वर्गीकरण उचित नहीं

भारत में आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय और समान अवसर की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका मूल लक्ष्य उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसी व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाई गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी विषय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके पद और सामाजिक स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा।

कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने की। पीठ ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो मद्रास, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ दायर की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय केवल वेतन या आय को आधार बनाना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ यह भी देखना जरूरी है कि माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सामाजिक स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद वर्ष 1993 में जारी केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन और वर्ष 2004 में जारी स्पष्टीकरण पत्र को लेकर सामने आया। वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन में क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए आय के साथ-साथ माता-पिता के पद और सामाजिक स्थिति को भी महत्व दिया गया था। उस समय यह व्यवस्था बनाई गई थी कि श्रेणी-एक और कुछ श्रेणी-दो अफसरों के बच्चों को क्रीमी लेयर माना जाएगा, क्योंकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है। अन्य मामलों में आय की एक सीमा तय की गई थी, जो उस समय ढाई लाख रुपये प्रतिवर्ष थी। बाद में इसे बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष किया गया।

इसके विपरीत वर्ष 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण मुख्य रूप से आय सीमा के आधार पर किया जाएगा। इस व्याख्या के कारण कई ऐसे अभ्यर्थियों को क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया गया, जिनके माता-पिता सरकारी सेवा में नहीं थे, लेकिन उनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। परिणामस्वरूप ऐसे कई अभ्यर्थी ओबीसी के गैर-क्रीमी लेयर वर्ग का लाभ लेने से वंचित हो गए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्ष 2004 का यह स्पष्टीकरण वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन की मूल भावना के विपरीत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आनंद के संग्रह का महीना है रमजान

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9वां महीना है, जबकि 10 महीने शव्वाल महीने में ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दृष्टि से 10वें महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है। इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें, तो व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है रमजान का महीना। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है और जिसके पास यह है, उसका जीवन खुद-ब-खुद खुशी से भरा रहेगा। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

10वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने के लिए रमजान महीने के कुछ नियम बने, ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। सहरी यानी सूरज निकलने के पहले फज्र की नमाज़ के पहले सो के उठना, मेडिकल साइंस के हिसाब से सेहत के लिए लाभप्रद है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ताजा रिसर्च के अनुसार शरीर के हार्मोन्स आंतरिक सफाई का काम उसी समय करते हैं और उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त है। इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं, जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं।

रमजान महीने में रात को इशा के नमाज के बाद तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक को सुना जाता है। कुरान पाक में तीस 'पारे', छोटी-बड़ी 114 'सूरतें' हैं। इस प्रकार धार्मिक पद्धति से एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है, जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमज़ान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें, जिससे वह जहां रहें और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

रमज़ान महीने में रोज़ा रखने का यह भी उद्देश्य है कि दिन भर बिना कुछ खाए-पीए रहने से शरीर को जो तकलीफ मिलती है, वह यह संदेश देता है कि जो लोग आर्थिक दृष्टि से मजबूर हैं, वे बिना खाए-पीए रहते हैं तो कितनी तकलीफ उन्हें मिलती होगी, इसलिए सिर्फ इस्लाम में ही नहीं, हर धर्मों में कहा गया है कि सक्षम व्यक्ति को चाहिए कि वह आसपास-पड़ोस के उन लोगों की जानकारी रखें तथा उनकी मदद करें जो अभावग्रस्त हैं। किसी अभावग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने से सुकून मिलता है। प्रयास यही करना चाहिए कि अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने में मदद की जाए न कि उन्हें खैरात में कुछ पाने की आदत बन जाए। जकात या दान सही व्यक्ति को ही करने से पुण्य (सवाब) मिलता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिकी अपना रहे 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली

> अमेरिका में 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानी भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है न कि महज मजबूरी।

अमेरिका इन दिनों युद्ध को लेकर इतना आक्रमक है, उसके नागरिकों के बीच 'ऑफ-ग्रिड' जीवन शैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानि सार्वजनिक उपयोगिताओं या भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है, न कि महज मजबूरी। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अमेरिका में लगभग 12 प्रतिशत घर ऑफ-ग्रिड हो जाएंगे। रोचक तथ्य यह भी है कि ताजा प्रवृत्ति सिर्फ पर्यावरण प्रेमियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मुख्यधारा में भी अब लोकप्रिय हो रही है। जमीनी जीवन शैली के इस क्रम में लोग सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और निजी जल स्रोतों (कुएं, वर्षा जल संचयन) का उपयोग करके बिजली और पानी की पब्लिक सप्लाई का त्याग कर रहे हैं। यही कवायद आत्मनिर्भरता और सुकून वाले जीवन का आधार बनती जा रही है।

ऐसी लाइफ स्टाइल को अपनाने के कारण भी हैं। अमरीका के कैलिफोर्निया, टेक्सास और लुइसियाना जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी बिजली कटौती के चलते तमाम ग्रिड से अलग हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपयोगिताओं की बढ़ती लागत भी एक प्रमुख वजह है। ऐसा भी नहीं है कि वहां लोग आधुनिक ऑफ-ग्रिड शैली अपना कर आदिम युग में जीने लगे हों। इससे अलग उनके पास उन्नत तकनीक जैसे लिथियम बैटरी, स्मार्ट होम सिस्टम आदि विकल्प हैं, जिससे उनकी जीवन शैली पहले से तनावमुक्त है।

अजय दयाल
हल्द्वानी

इसी कड़ी में यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की बढ़ती दरों के कारण 2025 तक 19 प्रतिशत अमेरिकियों को बिजली की आपूर्ति बंद होने का सामना करना पड़ा, जिससे त्रस्त आकर उन्होंने विकल्प के तौर पर आत्मनिर्भरता का रास्ता पकड़ा। साफ शब्दों में समझें तो अमरीका में एक नई जीवन शैली आकार ले रही है, जहां लोग सरकारी या निजी ग्रिडों की निर्भरता से अलग होकर, निजी संसाधनों से मानसिक तकलीफ से दूर होकर स्वतंत्र जीना पसंद कर रहे हैं।

थोड़ा रिसर्च कीजिए तो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रह कर सफल जीवन जीने वालों के और भी उदाहरण देशी-विदेशी लेखकों की पुस्तकों और इन पर बनी फिल्मों में मिल जाएंगे। ऐसी ही एक सच्ची कहानी जहाज दुर्घटना में फंसे रॉबिन्सन परिवार की है। 19वीं सदी की शुरुआत में पूर्वी इंडीज में आए एक भयंकर तूफान के कारण उनकी जहाज यात्रा एक ऐसे टापू पर अटकती है, जहां भौतिक कुछ था ही नहीं।

यहां दस वर्षों से अधिक समय गुजारने वाले परिवार को अनेक रोमांच और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पेड़ पर घर बनाने से लेकर नए-नए उपकरण और संरचनाएं बनाते सभी ने जीवन यापन किया। वास्तव में यह सच्ची घटना उनके आरामदेह और टिकाऊ जीवन बनाने के प्रयासों और अंततः सकुशल जिंदा रहने के जज़्बे का उदाहरण बनी।

उदाहरण उन लोगों के लिए है, जो बिना बिजली अथवा गैस सिलेंडर के जीवन यापन करने की कल्पना मात्र से भयभीत हैं। रॉबिन्सन फैमिली की ऐतिहासिक जुगत विकासशील दुनिया में रह रहे आम लोगों के सामने नजीर है, जिनपर ताजा युद्ध का प्रभाव पड़ने जा रहा है। आग पर खाना पकाना, नदियों में नहाना है और एक साधारण बल्ब या लकड़ी की रोशनी भी विलासिता ही समझनी होगी, क्योंकि इस नये जीवन में लोग सार्वजनिक उपयोगिताओं से मुक्त होकर आरामदेह बल्कि आत्मसंतुष्ट जीवन शैली जी रहे हैं।

रॉबिन्सन फैमिली की तरह प्राकृतिक चिकित्सक मिस्टर हॉल और उनकी पत्नी एलिसिया ब्लिस हॉल का उदाहरण है, जो ऐसे इलाके में रहते हैं जहां बिजली की सुविधा बिल्कुल नहीं है। उनके दो केबिनों में बिजली पूरी तरह से सौर पैनलों से आती है। पानी के लिए नदी, जबकि खाना पकाने के लिए लकड़ी से जलने वाले चूल्हे हैं। वे धारा में एक जलविद्युत प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो सौर ऊर्जा में योगदान देगी।

ऐसे लोंगों का ग्रिड से अलग रहकर जीवन यापन करना पहले से कहीं अधिक व्यावहारिक और आरामदेह हो गया है। लेखक रोसेन का अनुमान है कि अमेरिका में बिना बिजली-पानी के जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में भी प्रति वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

कैनेडी बने थे उपभोक्ता अधिकारों की पहली आवाज

15 मार्च यानी वो तारीख जब उपभोक्ता अधिकारों की मशाल जलाई गई, जिसकी नींव 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रखी थी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए पहली बार उपभोक्ता के अधिकारों को परिभाषित किया था। उन्होंने कहा था, "उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा समूह है, जो लगभग हर आर्थिक निर्णय को प्रभावित करता है, लेकिन फिर भी उसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।" इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाने की शुरुआत 15 मार्च 1983 से हुई थी।

संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

वर्तमान परिदृश्य में बाजार का स्वरूप बिल्कुल बदल चुका है। उपभोक्ताओं के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। इस बार की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' है, जो कहीं न कहीं आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत को दर्शाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चार अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सुरक्षा, सूचना, चयन और सुनवाई का अधिकार शामिल है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दिए गए अधिकारों का क्या हम उपयोग कर पा रहे हैं, क्या हमें उनका लाभ मिल पा रहा है।

आज बाजार में विकल्पों की लंबी फेहरिस्त है। लुभावने विज्ञापन और सस्ते दामों में चीजें देने का दावा है। उपभोक्ता अब दुकानों तक सीमित नहीं है, वह उससे भी आगे निकल चुका है। वह ई-कामर्स की दुनिया में है, जिसके अपने फायदे और नुकसान हैं। यहां उपभोक्ता को लुभावने और गुमराह करने वाले तरीकों से अनचाही खरीदारी करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उत्पादों का फेक रिव्यूज दिया जाता है। इंटरनेट पर तमाम ऐसे प्लेटफार्मस हैं, जो उत्पादों के रिव्यूज के नाम पर फेक यानी गलत जानकारी देकर गुमराह करते हैं।

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019' ने ई-कॉमर्स को अपने दायरे में लिया और यहां से उपभोक्ताओं को नई मजबूती दी, जिसके तहत गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए हस्तियों व कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लोगों को भी खरीदारी के समय बिल लेने, आईएसआई, एगमार्क जैसे मानकों सहित उत्पाद की एक्सपायरी तिथि जांचने की आदत डालनी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

नेपाल में बालेन शाह का चुना जाना महज इत्तेफाक नहीं

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं, लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई हैं, जो अब तक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है, जिस वजह से नेपाल में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें, तो दुनिया में इक्का-दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे, जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए, बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। युवाओं ने उन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है, लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है, जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो, उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी, तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्तारूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा।

बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद की बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व. वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं, लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है, लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरुंग, जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में है, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पॉवर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में आयोजित जनसभा के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। अमृत विचार

बदायूं सीबीजी प्लांट मामले में एसआईटी गठित

प्लांट परिसर की सुरक्षा बढ़ाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना की गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बदायूं स्थित सीबीजी प्लांट में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली मंडल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी और त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एसआईटी घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की लापरवाही या संभावित साजिश का पता लगाना और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। गठित एसआईटी आगामी दिनों में जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

सीएम योगी ने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान यदि किसी अन्य आपराधिक संलिप्तता का संकेत मिलता है, तो अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जाए और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए।

–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उप्र.

प्रशासन हुआ सतर्क, तत्काल कदम उठाए

घटना के बाद प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने तत्काल कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीबीजी प्लांट परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। इससे न केवल भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। एसआईटी के गठन से राज्य सरकार ने यह संदेश भी दिया है कि प्रदेश में औद्योगिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर सरकार पूरी सतर्क है। जांच दल घटना के सभी पहलुओं, साजिश के किसी भी संकेत और प्रशासनिक लापरवाही की छानबीन करेगा।

न्यूज ब्रीफ

181 हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मिली मदद

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है। वर्ष 2017 से संचालित इस टोल फ्री सेवा के माध्यम से अब तक 8.42 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। महिलाएं घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी भी समस्या की स्थिति में 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, 181 हेल्पलाइन प्रदेश भर में 24 घंटे सक्रिय रहती है। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को सुनकर सहायता उपलब्ध कराते हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय कर समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाती है। सरकार का कहना है कि यह हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक प्रभावी सहायता तंत्र के रूप में काम कर रही है। प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकती हैं।

नवआरंभ उत्सव 25 से, बालवाटिका में बढ़ेंगे नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने और छोटे बच्चों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। उक्त क्रम में 25 मार्च को राज्यभर के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव' आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। नीति के अनुसार, वर्ष 2030 तक सभी बच्चों तक प्रारंभिक शिक्षा का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों और अभिभावकों को बालवाटिका की गतिविधियों और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवआरंभ उत्सव के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को लगभग तीन हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

एलपीजी कालाबाजारी करने वाले 8 गिरफ्तार, 40 एफआईआर दर्ज

गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री को लेकर प्रदेशभर में की जा रही कड़ी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर किया गया निरीक्षण और छापेमारी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी है। खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन की टीमों ने पिछले दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान 40 एफआईआर दर्ज की गईं, आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 37 अन्य के खिलाफ अभियोजन कार्यवाही की गई।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जाए। इससे उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी न होने पाए।

प्रदेशभर के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। भारत सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

इस कार्रवाई से न केवल कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती दिखाई गई है, बल्कि प्रदेश की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती भी मिली है। प्रशासन का मानना है कि सतत निगरानी और जांच के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

समस्याओं का त्वरित समाधान

आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। लखनऊ मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम सक्रिय है, जहां अधिकारियों की तैनाती से समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

आरटीई के तहत 1.56 लाख बच्चों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को संचालित प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरणों में 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला मिल चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया गया, जबकि दूसरे चरण की लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश मिला। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से पूरी की गई, जिसमें आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रणाली के जरिए छात्रों का चयन किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक प्रवेश लखनऊ में हुए हैं, जहां पहले चरण में 12,097 और दूसरे चरण में 3,489 बच्चों को सीट मिली।

तीन माह में बनाए 18 लाख आयुष्मान कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर

अमृत विचार : आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान चलाया गया है। चलाए गए अभियान के तहत पिछले 3 महीनों में करीब 18 लाख नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 5.64 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

प्रदेश सरकार ने यह विशेष अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया था, जिसमें 5.52 लाख से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू किया गया, जो 15 अप्रैल तक चलेगा। 12 मार्च तक इस चरण में 17.94 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा के अनुसार, अभियान के दौरान कार्ड बनाने में बरेली जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जहां 1,12,855 कार्ड बनाए गए। जौनपुर 83,042 कार्ड के साथ दूसरे और आगरा 76,702 कार्ड के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

कार्रवाई : वायरल वीडियो पर वरिष्ठ सहायक निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में वायरल हुए एक वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को मामले का तत्काल संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि वीडियो के जांच कराई जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

वायरल वीडियो में दिखाए गए क्लर्क प्रदीप श्रीवास्तव पर घूस लेने का आरोप था। उप मुख्यमंत्री के आदेश पर आरोपी वरिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उसे कार्यालय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही मंडलीय अपर निदेशक, चित्रकूट धाम को जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने मामले की जांच संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रदेश में बन रहे 'यूनिटी मॉल', जिलों के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तेजी से चल रहा निर्माण
- हस्तशिल्प, ओडीओपी और जीआई उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार

अमृत विचार : प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 287.56 करोड़ की लागत से तीन आधुनिक 'पीएम यूनिटी मॉल' बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल के तहत आगरा, वाराणसी और लखनऊ में इन मॉल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इनका उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना है।

सरकार का मानना है कि इन मॉल के माध्यम से कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्थायी मंच मिलेगा। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को नया जीवन मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के कारीगरों को बड़ा बाजार मिलने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार

अमृत विचार : लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में करीब 4.86 एकड़ क्षेत्र में 64 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। परियोजना के तहत दुकानों की फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार हो चुका है और अन्य निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में करीब 11.53 एकड़ भूमि पर लगभग 128.85 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। यहां बेसमेंट और फाउंडेशन से जुड़े कई निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं।

वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ भूमि पर यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। यहां बनारसी साड़ी, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने और रुद्राक्ष जैसे पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

चुनावी स्वार्थ के कारण कांग्रेस सपा मना रहे कांशीराम जयंती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस पार्टी ने सरकार में रहते नहीं दिया भारत रत्न : मायावती

अमृत विचार: बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस की ओर से कांशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि कांग्रेस काफी वर्षों तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही। लेकिन फिर भी उसने संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। ऐसे में अब कांग्रेस कांशीराम को कैसे भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित कर सकती है। उन्होंने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलकर चुनावी स्वार्थ के कारण सपा और कांग्रेस कांशीराम की जयंती मना रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब कांशीराम का निधन हुआ था, उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार और यूपी में सपा की सरकार थी। फिर भी कांग्रेस और सपा सरकार ने एक भी दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। अब यह पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा बनाई गई बसपा को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के कारण ही कांशीराम को बसपा बनानी पड़ी थी।

बसपा आज प्रदेशभर में मनाएगी कांशीराम जयंती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा की ओर से रविवार को प्रदेश भर में पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई जाएगी। पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के कार्यकर्ता नोएडा में एकत्र होंगे, वहीं लखनऊ समेत प्रदेश के हर जिले में जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अनुसूचित जातियों की एकता और उनके विकास के मुद्दे पर बात की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने सभी कार्यकर्ताओं को शनिवार को निर्देश जारी किए। कहा कि पूरे प्रदेश में जयंती के कार्यक्रमों को विशेष रूप से सफल बनाया जाए। उन्होंने आगाह किया कि जातिवादी और संकीर्ण जातिवादी सोच की राजनीतिक पार्टियां अवसरवादी फैशन के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को गुमराह करना चाहती हैं। लेकिन जब यह लोग सत्ता में थे तो इन्होंने संवैधानिक व्यवस्था को पूरी तरह से पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया था। ऐसे अवसरवादियों से बहुजन समाज के लोग चौकन्ने रहें।

विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था फेल : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व घटा गर्मियों में लड़खड़ा सकती है आपूर्ति

अमृत विचार: राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने के लिए थोपी गई वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह फेल है। टेक्निकल कार्य देख रहे इंजीनियरों को राजस्व कार्य में लगा दिया गया, जिससे बिजलीघरों का मेंटेनेंस प्रभावित हो रहा है। इसके चलते जहां राजस्व घट रहा है, वहीं गर्मियों में बिजली व्यवस्था लड़खड़ाने का खतरा पैदा हो गया है।

समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को विभाग के फील्ड हास्टल में बैठक हुई। इस दौरान संयोजक ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा मनमाने ढंग से लागू की गई इस व्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस करार दिया। बताया कि नई व्यवस्था के तहत 11 केवी और 33 केवी लाइनों व सब-स्टेशनों के मेंटेनेंस का कार्य, राजस्व वसूली, कमर्शियल कार्य तथा मीटरिंग का कार्य अलग-अलग कर दिया गया। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह हुआ कि पहले जहां एक सहायक अभियंता 3-4 सब-स्टेशन संभालता था, वहीं अब उसे 8-10 सब-स्टेशन देखने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार जूनियर इंजीनियरों पर भी कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने प्रबंधन से तुरंत ही वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की है।

लखनऊ : बैठक करते राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

तैयारी आग की घटनाओं की सूचना देने को आमजन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

जंगलों में आग रोकने को 116 कंट्रोल सेल सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों ने संभाली कमान मुख्यालय से प्रभागीय स्तर तक 24 घंटे निगरानी

अमृत विचार : गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर तक 116 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित कर दिए हैं, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए किसी भी आग की घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में अग्नि नियंत्रण सेल सक्रिय कर दिया गया है, वहीं प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालयों, वृत्त और जोन स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) अदिति शर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वन अग्नि नियंत्रण के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रभागीय स्तर पर आग की किसी भी सूचना को तुरंत मुख्यालय तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी नियंत्रण कक्षों में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक नियंत्रण कक्ष में आग से जुड़ी किसी भी सूचना को तत्काल रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी जानकारी मुख्यालय को भी भेजी जाएगी, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

वन विभाग ने आम नागरिकों से भी आग की घटनाओं की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310, 0522-2204676, 9651368060 और 7017112077 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर कोई भी व्यक्ति जंगल में आग से संबंधित जानकारी दे सकता है।

इन क्षेत्रों में वन विभाग ने पहले ही फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल कराई है और जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं। इसके अलावा जंगलों में वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए वाटर होल बनाए जा रहे हैं।

19 जिलों के जंगल संवेदनशील

प्रदेश में 15 जून तक वन अग्निकाल माना जाता है। पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चित्रकूट, सोनभद्र, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, बहराइच, महराजगंज, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, उत्तर खीरी, दक्षिण खीरी, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर, गोंडा, गोरखपुर, मीरजापुर, चंदौली, ललितपुर, बांदा और हमीरपुर समेत कई क्षेत्रों को अतिसंवेदनशील और मध्य संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

इटावा में मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो यात्रियों की मौत

इटावा, एजेंसी। जिले में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर भरथना रेलवे स्टेशन के पास मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो रेल यात्रियों की मौत हो गई। इनमें से एक युवक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की पहचान के प्रयास जारी हैं। भरथना के पुलिस उपाधीक्षक आर.डी. मौर्य ने शनिवार को बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर चल रही सुपरफास्ट मुरी एक्सप्रेस से गिरकर दो युवकों की मौत हो गई।

घटना भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी ओर गणेश राइस मिल के सामने पोल संख्या 1136/10 के पास हुई। उन्होंने बताया कि डाउन गाड़ी संख्या 18310 सुपरफास्ट मुरी एक्सप्रेस दोपहर करीब 1:38 बजे भरथना स्टेशन से गुजरी थी।

जिम की आड़ में धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के दो और लोग गिरफ्तार

मिर्ज़ापुर, एजेंसी

- आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है

जिले की कोतवाली देहात पुलिस ने कथित धर्मांतरण गिरोह में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर जिम की आड़ में इसे संचालित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने पत्रकारों को बताया कि मिर्ज़ापुर देहात पुलिस की एक टीम ने सूचना मिलने पर दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि इन आरोपियों में एक की पहचान मिर्ज़ापुर निवासी अशफाक खान उर्फ लकी खान के रूप में हुई है, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम था।

उन्होंने कहा कि दूसरे आरोपी की पहचान बिहार के कैमूर जिले के निवासी साहिल अहमद के रूप में हुई है। अवैध धर्मांतरण से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में आठ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। एसपी ने बताया कि कार्रवाई जारी रखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) और सीओ सदर के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इस कथित रैकेट को जिम जिहाद नाम दिया गया है, जिसका खुलासा सबसे पहले 20 जनवरी को तब हुआ जब दो महिलाओं ने देहात कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद की जांच में शहर भर के चार जिम सील कर दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन जिमों में बड़ी संख्या में महिलाएं आती थीं, लेकिन प्रबंधन ने किसी भी महिला प्रशिक्षक को नियुक्त नहीं किया था, जिससे वहां चल रही गतिविधियों पर संदेह पैदा हुआ। शुरुआती खुलासों के बाद, मामले की जांच के लिए चार विशेष पुलिस टीम गठित की गईं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है।

बंगाल: एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

कोलकाता। आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 15 मार्च 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

अकासा एयर 15 मार्च से टिकटों पर लगाएगी ईंधन अधिभार

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर होगी।

5 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन वाली पहली कंपनी बनी एनएमडीसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने शनिवार को कहा कि वह एक ही वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बन गई है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा कि भारत 2030 तक अपनी इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गई है। लौह अयस्क इस्पात निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है।

हेटिच ने इंदौर में खोली नई विनिर्माण इकाई

नयी दिल्ली। जर्मनी की फर्नीचर बनाने वाली कंपनी हेटिच ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के इरादे से मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी नई विनिर्माण इकाई खोली है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह भारत में हेटिच का पहला समर्पित अंडरमाउंट ड्रॉर रनर (विशेष किस्म की फिटिंग) विनिर्माण संयंत्र है और यह देश में कंपनी के कुल लगभग 2,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है।

गौर्स ग्रुप की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 12% बढ़ी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गौर्स ग्रुप की आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 5,347 करोड़ रुपये हो गई। गौर्स ग्रुप ने अप्रैल-दिसंबर 2024 अवधि में 4,786 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान, गौर्स ग्रुप ने 2,578 इकाइयों में लगभग 59 .2 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। कुल बुकिंग में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी लगभग 95 प्रतिशत थी।

जायडस की दवा को चीन के एनएमपीए से मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। दवा कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने शनिवार को कहा कि उसकी नवोन्मेषी दवा ''डेसिडुस्टैट'' को चीन के राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन (एनएमपीए) से विपणन की मंजूरी मिल गई है। इस दवा का उपयोग गुर्दे की बीमारी से संबंधित खून की कमी के इलाज में किया जाता है। कंपनी ने अपनी डेसिडुस्टैट टैबलेट के लिए चाइना मेडिकल सिस्टम होल्डिंग्स लिमिटेड (सीएमएस) की एक सहायक कंपनी को लाइसेंस दिया है।

29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री

रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने को छापेमारी, 20 पर एफआईआर दर्ज

नयी दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है। हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बुकिंग नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि की है। कालाबाजारी रोकने को उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।

55 से बढ़कर 88 लाख हो गयी दैनिक बुकिंग

अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 75 लाख था और आज बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से केवल आवश्यकता होने पर ही सिलेंडर बुक करने का आग्रह किया।

पीएनजी कनेक्शन देगी गेल

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने तक वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है।

पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

नोटबंदी में नोट जमा न करने पर एक्सिस बैंक को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक्सिस बैंक को दिल्ली स्थित प्रोकेयर लॉजिस्टिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। आयोग ने बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराया क्योंकि उसने 2016 के नोटबंदी के दौरान नोटों को जमा करने से मना किया था। आयोग ने कंपनी की बैंक के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई की। आयोग में पीठासीन सदस्य एवीएम जे. राजेंद्र और न्यायिक सदस्य अनूप कुमार मेंदीरत्ता शामिल थे।

आयोग ने 10 मार्च के आदेश में कहा कि बैंक ने बार-बार अनुरोध के बावजूद शिकायतकर्ता को अपने केवाईसी सत्यापित खाते में नोट जमा करने से रोक दिया और यह समस्या नोटबंदी की पूरी अवधि तक बनी रही। आयोग ने कहा कि बैंक के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था कि वह ग्राहक के पैसे जमा करने से सीधे मना कर दे।

यदि बैंक को पैसों पर कोई शक था, तो वह इसकी सूचना अधिकारियों को दे सकता था, लेकिन नोट स्वीकार करना बैंक की मुख्य जिम्मेदारी थी।

सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं।

सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है।

- कोरोना-युद्ध ने दिखाया कि समय के साथ स्थिर हो जाते हैं बाजार

पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि बाजारों में उतार-चढ़ाव आया ... लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

पांडेय ने कहा कि अनिश्चित समय में पूंजी बाजार की ताकत अस्थिरता की अनुपस्थिति में नहीं है। अस्थिरता बाजारों की एक प्राकृतिक विशेषता है। असली ताकत इस विश्वास में है कि प्रणाली तनाव के समय भी निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से काम करेगी। पांडेय ने कहा कि यदि हम संस्थानों को मजबूत बनाना जारी रखें, सहभागिता बढ़ाएं और शासन व्यवस्था को बनाए रखें, तो भारतीय पूंजी बाजार अनिश्चितता से निपट कर और मजबूत भी बन सकते हैं।

उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ

नयी दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीमकोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं।

इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश के सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।

पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है।

अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पष्ट किया-आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त से अधिक है भंडार

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पहले से काफी बेहतर है। उन्होंने विश्लेषकों से आग्रह किया कि वे तथ्यात्मक स्थिति को देखें और अधूरी जानकारी के आधार पर घबराहट न फैलाएं।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान घरेलू उत्पादन हमारी सामान्य खपत से अधिक है, क्योंकि रबी का मौसम अब समाप्ति की ओर है। सरकार ने संयंत्रों का वार्षिक रखरखाव समय से पहले ही पूरा कर लिया है ताकि उपलब्ध गैस के साथ उत्पादन को अधिकतम किया जा सके। उर्वरक विभाग ने समय रहते वैश्विक निविदाएं जारी की थीं, जिन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मार्च के अंत तक बड़ी आपूर्ति की उम्मीद है।

गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग, सरकार तैयार: रेड्डी

चंद्रपुर, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है। इसी तरह, सर्दियों में हीटर के बढ़ते उपयोग से बिजली की जरूरत बढ़ जाती है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुरपार भूमिगत कोयला खदान के सतत और वैज्ञानिक बंद करने तथा पुन: उपयोग के कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने खदान के बंद होने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। इस खदान में 2003 में कोयला उत्पादन शुरू हुआ था और 2022 में इसे बंद कर दिया गया था, जब इसे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का हिस्सा घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि खदान का बंद होना अंत नहीं बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है।

पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल, 15 दिनों में 40% तक बढ़े दाम,

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 15 दिनों के भीतर 40 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ता है या महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग प्रभावित होते हैं, तो आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

क्या बता रहे आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के कारण शनिवार तक यह कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इस प्रकार केवल 15 दिनों के भीतर प्रति बैरल करीब 30 डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो लगभग 41 प्रतिशत के उछाल के बराबर है। बताया जा रहा है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच तनाव 28 फरवरी से और तेज हो गया, जब अमेरिकी और इस्राइली बलों ने ईरान के सैन्य ठिकानों तथा शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हमले किए। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक बाजारों में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहराने लगी है।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बाजार में आशंका बढ़ी हुई है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचती है। यदि इस मार्ग पर किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

बाजार को लेकर विशेषज्ञों की राय

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला सप्ताह ऊर्जा बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार निवेशकों की नजरें पूरी तरह पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। सरकारों के बयान, सैन्य गतिविधियां और संभावित कूटनीतिक पहल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

उड़ान | सस्ती और अच्छी शिक्षा के प्रति चाहत बना रही एनआरआई

यूरोप, सिंगापुर की ओर उड़ने को बेताब भारतीय छात्र

मुंबई, एजेंसी

किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से विकल्प के रूप में चुन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं।

ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है।

- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों का आकर्षण भी बरकरार

वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि पारंपरिक देशों में यह पैंतालीस से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

मोजाम्बिक में कोयला खदान विकसित करेगी जेएसडब्ल्यू स्टील

नयी दिल्ली, एजेंसी। जेएसडब्ल्यू स्टील अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में कोयले की एक खदान (मिनास डी रेवुबोए) को विकसित करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। यह खदान मोजाम्बिक के टेते प्रांत के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 85 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 25 करोड़ टन कोकिंग कोल निकल सकता है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि वह इस खदान को कई चरणों में विकसित करेगी। पहले चरण का विकास अगले लगभग ढाई साल में पूरा करने की योजना है। इसके बाद खदान से हर साल करीब 24 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा। भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के भंडार बहुत कम हैं, इसलिए ये जरूरी है।

टिकटॉक से अमेरिका की मौज, मिलेंगे अरबों डॉलर और डेटा भी होगा सुरक्षित

वाशिंगटन, एजेंसी

चीनी एप टिकटॉक के साथ सौदा करने से अमेरिका को बड़ा लाभ होने वाला है। इससे अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की फीस मिलेगी।। साथ ही अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में ये दावे के अनुसार इस सौदे के अंतर्गत अमेरिकी यूजर्स का डेटा भी सुरक्षित होगा।

टिकटॉक की मूल कंपनी चीनी कंपनी बाइट डांस है। लेकिन बीते जनवरी माह में अमेरिकी सरकार के दबाव के बाद बाइट डांस ने अमेरिकी कंपनी के साथ संयुक्त रूप से टिकटॉक चलाने का सौदा किया था। इस सौदे के अंतर्गत अमेरिका के यूजर्स का डेटा सुरक्षित होगा साथ ही अमेरिका को 10 अरब डॉलर मिलेंगे। बता दें कि अमेरिका में टिकटॉक के करीब 20 करोड़ यूजर्स हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बीते सितंबर में बताया था कि चीनी कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम वाली अमेरिकी कंपनी का मूल्य करीब 14 अरब डॉलर होगा।

सौदे के तहत अमेरिकी निवेशक ट्रंप प्रशासन को फीस के तौर पर 10 अरब डॉलर का भुगतान करेंगे। अमेरिकी निवेशकों में ओरेकल, सिल्वर लेक हैं।

ट्रंप सरकार के अधिकारियों का कहना है कि यह शुल्क जायज है क्योंकि टिकटॉक के अधिग्रहण में चीन के साथ बातचीत में ट्रंप की अहम भूमिका थी।

सरकार ने बिजली उत्पादन मानदंडों में संशोधन किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्र ने कंपनियों के कैप्टिव विद्युत उत्पादन संयंत्रों (सीजीपी) से जुड़े नियमों की व्याख्या को अधिक स्पष्ट करने और इसे व्यवसाय के लिए अधिक आसान एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्युत नियमावली , 2005 के नियम 3 में संशोधन किये हैं। विद्युत मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विद्युत (संशोधित) नियमावली-2026 को अधिसूचित कर दिया गया है। मंत्रायल ने कहा कि 0इन संशोधनों का उद्देश्य नियमों की व्याख्या से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए कारोबार में आसानी को सुधानाऔर कैप्टिव बिजली संयंत्र व्यवस्था को भारत के ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास के लक्ष्यों के साथ समन्वित करना है। नये संशोधनों के कुछ प्रावधान कुछ प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे जबकि अन्य संशोधन तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

वर्ल्ड ब्रीफ

वीजा धोखाधड़ी में 11 भारतीयों पर आरोप

न्यूयॉर्क। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है।

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो बीमार

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो निमोनिया से पीड़ित हैं और देश की राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके चिकित्सक ब्रासिल कैआडो ने पत्रकारों को बताया कि 70 वर्षीय बोलसोनारो की स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है। कैआडो ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों में निमोनिया हमेशा गंभीर होता है क्योंकि यह सेप्टीसीमिया में बदल सकता है और इस बैक्टीरिया के रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की आशंका रहती है इसलिए इससे अधिक गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

110 साल के बाद लौटा आइवरी कोस्ट का ढोल

अबिदजान। फ्रांस ने औपनिवेशिक काल के दौरान लूटी गई एक अमूल्य विरासत, जिजी अयोक्वे नाम वाले एक पवित्र 'ढोल' को आधिकारिक तौर पर उसके मूल देश आइवरी कोस्ट को लौटा दिया है। परंपरा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहे इस ढोल को शुक्रवार सुबह एक विशेष विमान के जरिए अबिदजान के हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया, जहां आदिवासी कबीलों के पारंपरिक प्रमुखों और सांस्कृतिक अधिकारियों ने भावुक होकर इसका नाच गाकर स्वागत किया। लगभग 3 .3 मीटर लंबा और 430 किलोग्राम वजनी यह विशाल ढोल आइवरी कोस्ट के 'अचान' समुदाय की पहचान का प्रतीक है।

उत्तर कोरिया ने जापान सागर में दागीं मिसाइलें

सियोल, एजेंसी

- अमेरिका- दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान किया शक्ति प्रदर्शन

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स' ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड युद्धाभ्यास जारी है। अमेरिका-द. कोरिया के अभ्यासों को उत्तर कोरिया खुद पर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पूर्व भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

- मंत्री के घर पर भी पथराव, भाजपा नेता व एक पुलिस अफसर घायल

कोलकाता, एजेंसी

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सड़क पर बिखरीं ईंटें और मौजूद पुलिस।

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता घायल हो गए।

झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए। भाजपा ने दावा किया कि झड़प के दौरान उत्तरी कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघनो घोष और कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली स्थल की ओर जाते समय उनके समर्थकों पर हमला किया गया। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। हमें गालियां भी दी गईं। पार्टी ने आरोप लगाया कि झड़प में रैली में समर्थकों को ले जा रही बसों सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि ब्रिगेड रैली में जाते समय भाजपा समर्थकों ने पांजा के आवास पर हमला किया था। पांजा ने दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने उनके आवास को निशाना बनाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। मंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा के गुंडों ने हमला किया। रैली में जा रही बसों में ईंटें, कांच की बोतलें और बम ले जाए जा रहे थे।

शुरुआत में निष्क्रिय बनी रही पुलिस

कुछ भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस शुरू में निष्क्रिय रही। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई।

भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त: शाह

केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार पर मान सरकार को घेरा

- कहा-आप प्रमुख केजरीवाल के लिए एटीएम बनी मान सरकार

मोगा (पंजाब), एजेंसी

पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं तरुण चुघ, रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिखाई दे रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके।

मोगा में एक बदलाव रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और 'आप' को कई मौके दिए हैं। शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती; राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है।

शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोग़ा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।

किसानों को गुमराह कर रही आप-कांग्रेस

राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रुख अपनाते हुए शाह ने कहा कि 2026 में तीन गांव के सरपंच मारे गए जबकि गैंगस्टर लोगों से पैसे उगाह रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर, शाह ने 'आप' सरकार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोगा के किली चाहलान गांव में रैली के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। मोगा पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में है, राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 69 इस क्षेत्र में हैं।

पाकिस्तान ने मार गिराए अफगानी ड्रोन, चार घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए गए अफगान तालिबान के ड्रोन के मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को बताया कि इन ड्रोन को शुक्रवार को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी, क्वेटा और कोहाट में रोककर नष्ट कर दिया गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, इन हमलों का मकसद लोगों में डर पैदा करना था और ये हमें उस आतंकवादी मानसिकता की याद दिलाते हैं, जिससे अफगान तालिबान प्रेरित है।

सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि इन ड्रोन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और वे अपने तयशुदा लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके लेकिन इनके मलबे के कारण क्वेटा में दो बच्चे तथा कोहाट एवं रावलपिंडी में एक-एक नागरिक घायल हो गए। उसने कहा, अफगान तालिबान एक ओर दुनिया की सहानुभूति हासिल करने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने आतंकवादी सरगनाओं और अपने ड्रोन के जरिए नागरिकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता है।

ब्रेन इम्प्लांट के व्यावसायिक उपयोग को चीन ने दी मंजूरी

बीजिंग, एजेंसी

- लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए जगी नई उम्मीद

चीन ने लकवाग्रस्त व्यक्तियों के हाथों में जान डालने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए दुनिया के पहले ब्रेन इम्प्लांट को व्यावसायिक उपयोग के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है।

इस डिवाइस को चीनी कंपनी 'न्यूरैकल मेडिकल टेक्नोलॉजी' ने विकसित किया है और यह 'ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस' तकनीक पर आधारित है। यह डिवाइस मुख्य रूप से उन वयस्कों (18 से 60 वर्ष) के लिए है जो गर्दन में रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट के कारण लकवे का शिकार हो गए हैं। बीसीआई तकनीक, किसी इंसान के तंत्रिका तंत्र को ऐसे उपकरणों से जोड़ती है जो मस्तिष्क की गतिविधियों को समझ सकते हैं। सरल शब्दों में, यह मशीन मरीज के दिमाग में चलने वाले 'हाथ हिलाने के विचार' को पकड़ती है और उसे सॉफ्टवेयर के जरिए एक रोबोटिक दस्ताने को भेजती है। यह दस्ताना मरीज के हाथ को खोलने और बंद करने में मदद करता है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ पाता है। चीन ने हाल के वर्षों में बीसीआई तकनीक को अपनी राष्ट्रीय रणनीतिक प्राथमिकता में शामिल किया है। साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, चीन इसे भविष्य की आर्थिक वृद्धि के एक बड़े कारक के रूप में देख रहा है। पिछले साल, एक अन्य चीनी कंपनी 'न्यूरोएक्सिस' ने भी तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब आठ साल से फालिज या लकवाग्रस्त एक इंसान ने इम्प्लांट के महज पांच दिन बाद अपने विचारों से डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था।

दूसरी ओर, एलन मस्क की कंपनी 'न्यूरालिंक' भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री मस्क ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी कंपनी 2026 में बीसीआई उपकरणों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। न्यूरालिंक के अनुसार, दुनिया भर में अब तक 12 गंभीर रूप से लकवाग्रस्त लोग उनके इम्प्लांट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कमर्शियल मंजूरी के मामले में चीन ने फिलहाल बाजी मार ली है।

राजकोट में एम्स के प्रशिक्षु डॉक्टर ने की आत्महत्या

राजकोट (गुजरात), एजेंसी

- सुसाइड नोट में अपने सहपाठियों पर लगाया राजस्थान निवासी डॉक्टर ने मारपीट का आरोप

राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 25 वर्षीय प्रशिक्षु चिकित्सक ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। मौके से मिले एक सुसाइड नोट में दावा किया गया है कि सहपाठियों ने उस पर हमला किया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) राकेश देसाई ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर निवासी रतनकुमार मेघवाल का शव शहर के पास घंटेस्वर और पारा पिपलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला। अधिकारी ने बताया कि गांधीग्राम पुलिस को सुबह करीब 5:30 बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेघवाल का शव बरामद किया।

देसाई ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से मेघवाल का लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेडिकल फाइलें और पहचान पत्र बरामद हुए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रशिक्षु चिकित्सक के पास से एक नोट मिला है जिसमें मेघवाल ने अपने सहपाठियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेघवाल ने 27 जनवरी को भी उसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे राजस्थान स्थित उसके घर भेज दिया था।

अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

वॉशिंगटन, एजेंसी

- रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की घोषणा

अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और अंजाम देने का काम करता है। नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी देगा। यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

मोजतबा को निशाना बनाया तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा

मास्को। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा, आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं।

एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला, कोई हताहत नहीं

एम्सटर्डम/हेग। नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधान मंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को भयानक बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण" करार दिया है। मेयर ने कहा कि समुदाय में व्याप्त डर और गुस्सा जायज है क्योंकि वे लगातार बढ़ते यहूदी-विरोध का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह घटना रॉटरडैम में एक सिनेगॉग (यहूदी प्रार्थना स्थल) पर शुक्रवार को हुई आगजनी की कोशिश के ठीक बाद हुई है, जिसके बाद से पूरे देश में यहूदी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रॉटरडैम पुलिस ने सिनेगॉग के बाहर विस्फोट करने और आग लगाने के संदेह में चार युवाओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ये संदिग्ध अन्य सिनेगॉगों को भी निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष: आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।	तुला: आज आय की अपेक्षा धन अधिक खर्च हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें।
वृष: आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।	वृश्चिक: आज आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर होंगे।
मिथुन: आज निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।	धनु: आज व्यापार में नया प्रयोग करने से बचें। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।
कर्क: आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।	मकर: आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापारिक घाटे में कमी आएगी।
सिंह: आज दूसरे के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्षेत्र में समस्याओं का अनुभव होगा।	कुंभ: आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।
कन्या: आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा।	मीन: आज फाइनेंस से जुड़े कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे।

आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 09 .16 तक तत्पश्चात द्वादशी।

दिशाशूल- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- श्रवण 16 मार्च 05 .56 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

सुडोकू - 88 का हल

1	7	6	9	8	4	2	5	3
9	8	2	3	6	5	4	1	7
3	4	5	2	1	7	6	8	9
7	5	8	6	3	2	1	9	4
6	2	9	5	4	1	7	3	8
4	3	1	7	9	8	5	2	6
2	1	3	4	7	9	8	6	5
8	9	4	1	5	6	3	7	2
5	6	7	8	2	3	9	4	1

सुडोकू -89

	5				7		8	
		2		9				5
	8			2		4		
4	3							8
							9	
6				3				1
	4	9				3		
5				4		2		
	7		6				5	

ईरानी नागरिक व कुछ नौसैनिक स्वदेश रवाना

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में फंसे कई ईरानी नागरिक ईरान की एक चार्टर्ड उड़ान में शुक्रवार रात को कोच्चि हवाई अड्डे से रवाना हुए जिनमें ईरानी दूतावास के कर्मचारी, पर्यटक और कोच्चि बंदरगाह पर लंगर डालने वाले ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस लावन के कुछ नौसैनिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

विचार | कानूनी कामकाज में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बोले उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता एआई

हैदराबाद, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर कृत्रिम मेधा (एआई) समय बचा सकती है और कानूनी कार्य के कुछ पहलुओं को अधिक प्रबंधनीय बना सकती है, लेकिन यह एक वकील की प्रतिभा, न्यायिक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकती।

विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना संस्थाओं की जिम्मेदारी

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह हमारे युग का विरोधाभास है, लेकिन इस विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना हमारी संस्थाओं की जिम्मेदारी भी है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण सैद्धांतिक अनुकूलन का होना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नई है। हमें इसे अंधाधुंध स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कारगर है।उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य केवल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से सुरक्षित नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने से सुरक्षित होगा कि प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था के मूलभूत आदर्शों से जुड़ी रहे। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे न्यायमूर्ति अपारेश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

न्यायामूर्ति विक्रम नाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने उच्चतम न्यायालय में भी कृत्रिम मेधा से उत्पन्न सामग्री के लापरवाहीपूर्वक उपयोग के मामलों पर चिंता व्यक्त जताई, जिनमें ऐसे उद्धरणों और संदर्भों का उल्लेख शामिल है जो अस्तित्व में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झूठे उद्धरण केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं, वे कानूनी दलीलों की शुचिता और स्वयं न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रहार करते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, लेकिन एक उपकरण को उपकरण ही रहना चाहिए। यह एक वकील के प्रशिक्षित दिमाग, अदालत के अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि, एआई के दुरुपयोग से हमें इसके विपरीत चरम सीमा तक नहीं पहुंचना चाहिए।

वह आईपीएल के आने वाले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2026 सत्र की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ में इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच से करेगा

-केविन पीटरसन

स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 15 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया : पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के कारण टीम के किसी भी सदस्य पर जुर्माना नहीं लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की टीम के सुपर आठ चरण से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इसका खंडन किया। मीर ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन बोर्ड खिलाड़ियों के लिए एक फार्मूला तैयार करने के बारे में सोच रहा है क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें अच्छी प्रोत्साहन राशि मिलती है।

लोकेश ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली। भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।

भारत महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हारा

हैदराबाद। भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई।

कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे

खेल डेस्क

अमृत विचार। भारतीय क्रिकेट टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा के साथ विवाह रचाया। शादी समारोह उत्तराखंड के मसूरी स्थित सेवाय होटल में तीन दिनों से चल रहा है। रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ के अलावा क्रिकेट जगत से जानी-मानी हस्तियां समारोह में शामिल होने पहुंची। खास मेहमानों में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री 1.5 करोड़ की गाड़ी से पहुंचे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ के फाइव स्टार होटल में रिसेप्शन का कार्यक्रम है। इससे पहले 13 मार्च को मसूरी के होटल में हल्दी और मेहंदी की रस्म हुई थी।

'रोल्स-रॉयस' विंटेज कार से कुलदीप ने ली एंट्री : शादी को यादगार बनाने के लिए बारात की एंट्री अलग अंदाज में कराई गई। इसके लिए दूल्हे कुलदीप यादव की बारात में घोड़ी के साथ-साथ एक रॉयल विंटेज कार 'रोल्स-रॉयस' भी मंगाई गई है।

अफगानी और पहाड़ी व्यंजन परोसे गए : विवाह समारोह में मेहमानों के लिए खास दावत रखी गई। डिनर में अफगानी व्यंजनों से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजन शामिल रहेंगे। शादी के दौरान भव्य आतिशबाजी का भी हुआ।

द सेवाय होटल में शाही इंतजाम : कुलदीप यादव और वंशिका की शादी को खास बनाने के लिए मसूरी के 'द सेवॉय' होटल में शाही इंतजाम किए गए। होटल मैनेजमेंट ने शादी के पलों को यादगार बनाने के लिए किए सारे प्रयास किए।

छह हजार रुपये प्रति प्लेट खाना : शादी में सजवाट के अलावा खाने पर विशेष ध्यान दिया गया। खबरों के मुताबिक खाने की कीमत 6 हजार रुपये प्रति प्लेट रही। वहीं भव्य मंडप और संगीत समारोह खास आकर्षण का केंद्र रहा।

- बरारियों में पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल
- रोल्स-रॉयस विंटेज कार से पहुंचे कुलदीप
- तिलक वर्मा और मोहम्मद कैफ परिवार के साथ पहुंचे

केकेआर ने कुलदीप यादव को दी शादी की बधाई : कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कुलदीप यादव को शादी की बधाई दी है. फ्रेंचाइजी ने लिखा है, कुलदीप यादव और वंशिका को शादीशुदा जिंदगी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

टी-20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

नमन पुरस्कार समारोह : कई पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेंगे अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।

इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा।

टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम। फाइल फोटो

बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था।

पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही।

आईपीएल में धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने कहा धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और अभ्यास कर रहा है।

- पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लगाए कयास

श्रेयस व सॉल्ट को जाने देना केकेआर का गलत फैसला: कुंबले

मुंबई। महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने 'होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली।

- पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने

उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे।

आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया। उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया।

स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

बासेल। भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी की पर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

इंडियन वेल्स, एजेंसी

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रिबाकिना से मिली थी।

एरिना सबालेंका व एलेना रयबाकिना।

सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।

भांबरी-गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी : भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।

आग्रह बैडमिंटन विश्व महासंघ ने वर्तमान तीन गेमों वाली 21 अंक की प्रणाली को 15 अंक में बदलने का किया है प्रस्ताव

अंक प्रणाली में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए : साइना

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा

- वर्तमान प्रारूप का किया समर्थन, बोलीं- इसमें बनी रहती है खेल की गति व दमखम

स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।

साइना ने कहा यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।'''' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है।

बैडमिंटन शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल

साइना नेहवाल ने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं। साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ऑल इंग्लैंड ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल में दो बार जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है। यह शुरू से बैडमिंटन का प्रमुख टूर्नामेंट रहा है।